


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





10 माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स...

पीवी सिंधू थाईलैंड ओपन... 11



वर्ष : 13 | अंक : 05 | नई दिल्ली, रविवार, 22 मई, 2022 | वैशाख शुक्ल, सप्तमी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# आय से अधिक संपत्ति के मामले में ओम प्रकाश चौटाला दोषी करार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

आय से अधिक संपत्ति के मामले में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला को दोषी करार दिया गया है।

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। सजा कितनी होगी 26 मई को इस पर फैसला होगा। दो दिन पहले बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया था।

गौर हो कि पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला के खिलाफ सीबीआई ने 26 मार्च, 2010 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल थी। चार्जशीट के मुताबिक चौटाला ने 1993 से 2006 के बीच आय से काफी अधिक 6.09 करोड़ रुपए की संपत्ति जुटाई थी। वर्ष 2019 में प्रवर्तन निदेशालय ने चौटाला की



3 करोड़ 68 लाख की संपत्ति जब्त कर ली थी। जब्त संपत्तियों फ्लैट, प्लॉट और जमीन हैं। यह संपत्तियां पंचकूला, सिरसा और नई दिल्ली में हैं। चौटाला के भाई प्रताप सिंह की शिकायत पर 17 जनवरी 1997 को थाना सदर डबवाली में आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोप में भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया गया था लेकिन जांच के बाद इस मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की गई थी। सुप्रीम कोर्ट तक मामला गया था लेकिन पुलिस की रिपोर्ट को खारिज नहीं किया गया था।

**सुनवाई**

- 17 जनवरी 1997 को दर्ज किया गया था मुकदमा, सजा कितनी होगी इस पर फैसला 26 को

**तिहाड़ में काट चुके हैं सजा**

साल 2019 में प्रवर्तन निदेशालय ने चौटाला की तीन करोड़ 68 लाख की संपत्ति जब्त की। जब्त की गई संपत्तियां नई दिल्ली, पंचकूला और सिरसा में हैं।

यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में हुई थी। चौटाला को जनवरी 2013 में जेबीटी घोटाले में दोषी करार दिया गया था। इस मामले में अदालत ने उनको 10 साल की सजा सुनाई थी। पिछले साल ही चौटाला दिल्ली की तिहाड़ जेल से सजा पूरी कर बाहर आए थे।

## मौसम

अधिकतम तापमान 40.0°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आसमान में छाए रहेंगे बादल, बूंदाबादी के आसार

## पोल

**राहुल गाँधी द्वारा विदेश में दिया गया बयान उचित है ?**

| | |
|---|---|
| हां | 40% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 52,765 |
| चांदी | 61,400 |
| सेंसेक्स | 54,326 |
| निफ्टी | 16,266 |

## संक्षिप्त खबर

### पाक के पूर्व पीएम इमरान खान के घर छापेमारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख इमरान खान की ओर से अपनी हत्या की साजिश के आरोपों के बाद इस्लामाबाद पुलिस ने इस्लामाबाद स्थित बानी गाला में उनके आवास के आसपास तलाशी अभियान चलाया। पाकिस्तानी न्यूज चैनल जियो टीवी की रिपोर्ट में कहा गया है कि बम निरोधक दस्ते के साथ पुलिस की एक टीम इमरान खान के आवास पर पहुंची और तलाशी अभियान चलाया। पुलिस टीम के पहुंचते ही पीटीआई के कई कार्यकर्ता सरकार की कार्रवाई का विरोध करते हुए इमरान खान के आवास के बाहर जमा हो गए और सरकार विरोधी नारेबाजी करने लगे। जियो टीवी की रिपोर्ट के अनुसार कार्यकताओं ने इसे मौजूदा सरकार की बदले की रणनीति करार दिया। वहीं कराची में पुलिस की एक अन्य टीम ने पीटीआई के पाकिस्तान नेशनल असेंबली सदस्य आलमगीर खान के आवास पर भी छापेमारी की।

### बलरामपुर में भीषण सड़क हादसा, छह मरे

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के तुलसीपुर क्षेत्र में हुये एक भीषण सड़क हादसे में एसयूवी सवार छह लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने शनिवार को बताया कि गनवरिया तिराहे के पास बीती देर रात यह हादसा उस समय हुआ जब यात्रियों से भरी दो बोलेरो जीप आगे पीछे गैसडी की ओर जा रही थी कि गनवरिया तिराहे के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर से आगे जा रही बोलेरो टकरा गयी और उसके पीछे चल रही एक अन्य बोलेरो भी आगे जा रहे वाहन से टकरा गयी। इस हादसे में छह लोगों की मृत्यु हो गयी तीन अन्य घायल हो गये।

# बड़ी राहत : सरकार ने घटाया उत्पाद शुल्क

## पेट्रोल साढ़े 9 व डीजल 7 रुपये होगा सस्ता

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

केंद्र सरकार ने उत्पाद शुल्क में बड़ी कटौती करने का फैसला किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को खुद ट्वीट करते हुए कहा है कि पेट्रोल पर उत्पाद शुलक में 8 रुपये की कटौती की जाएगी और डीजल पर 7 रुपये उत्पाद शुल्क घटाया जाएगा। इसके बाद पेट्रोल की कीमत 9.5 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 7 रुपए प्रति लीटर कम हो जाएगी। इसके अलावा केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 9 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 200 रुपये प्रति गैस सिलेंडर (12 सिलेंडर तक) की सब्सिडी देने का ऐलान किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इससे माताओं और बहनों को मदद मिलेगी। सरकार के इस फैसले से सरकारी खजाने पर करीब 1 लाख करोड़ रुपये सालाना का बोझ पड़ेगा।

**कितना कम हुआ वैट ?**

अभी सरकार पेट्रोल पर 27.90 और डीजल पर 21.80 रुपए एक्साइज ड्यूटी के रूप में वसूलती है। इस कटौती के बाद पेट्रोल पर 19.90 और डीजल पर 15.80 रुपए एक्साइज ड्यूटी रह जाएगी। इससे पूरे देश में पेट्रोल साढ़े 9 रुपए और डीजल 7 रुपए लीटर तक सस्ता हो जाएगा।

**विपक्ष लगातार कर रहा था हमले**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से इन राहतों का एलान ऐसे वक्त में किया गया है जब विपक्ष की ओर से सरकार पर लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर हमले किए जा रहे थे। कांग्रेस बढ़ती पेट्रोल डीजल की कीमतों के लिए लगातार सरकार को घेर रही थी।



**उज्ज्वला के लाभार्थियों को सबसिडी**

केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के 9 करोड़ लाभार्थियों को 200 रुपये की सब्सिडी देने का भी फैसला किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगे कहा- 'हम प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 9 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 200 रुपये प्रति गैस सिलेंडर (12 सिलेंडर तक) की सब्सिडी देंगे। इससे हमारी माताओं और बहनों को मदद मिलेगी।'

**प्लास्टिक उत्पादों पर सीमा शुल्क कम**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम प्लास्टिक उत्पादों के लिए कच्चे माल पर सीमा शुल्क भी कम कर रहे हैं। यहां हमारी आयात निर्भरता अधिक है। स्टील के कच्चे माल पर भी आयात शुल्क कम किया जाएगा। हालांकि कुछ इस्पात उत्पादों पर निर्यात शुल्क लगाया जाएगा। सीमेंट की उपलब्धता में सुधार के लिए और सीमेंट की लागत को कम करने के लिए बेहतर लाजिस्टिक्स के जरिए उपाय किए जा रहे हैं।

### मप्र में जैन बुजुर्ग की पीटपीटकर हत्या


**भोपाल।** रतलाम जिले की सबसे बुजुर्ग सरपंच पिस्ताबाई चत्तर (86) के बड़े बेटे भंवरलाल जैन (65) की भाजपा नेता ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। बुजुर्ग को मुसलमान होने के शक में मार डाला गया। मरने वाला शख्स एक अन्य भाजपा नेता का भाई था। सरपंच का पूरा परिवार 15 मई को भेरूजी पूजा करने चित्तौड़गढ़ गया था। 16 मई को पूजा-पाठ के बाद भंवरलाल लापता हो गए। गुरुवार को उनका शव मनासा (नीमच) में पुलिस थाने से आधा किमी दूर रामपुरा रोड पर मिला था। अब भंवरलाल को पीटने का वीडियो सामने आया है। मृतक के परिजन ने पुलिस से शिकायत की है कि एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा पीड़ित से उसकी पहचान पूछते हुए उसे बार-बार थप्पड़ मारा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, मृतक भंवरलाल जैन रतलाम जिले के सरसी गांव का रहने वाला था और 15 मई को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लापता हो गया था।

## कुतुबमीनार की सच्चाई आएगी सामने, एएसआई करेगी खोदाई

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

कुतुबमीनार को लेकर उपजे विवाद के बीच भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को कुतुबमीनार की सच्चाई पता लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। कुतुबमीनार पहुंचे केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन ने करीब दो घंटे तक कुतुबमीनार का निरीक्षण करने के दौरान इस बारे में एएसआई को दिए निर्देश।

कुतुबमीनार परिसर में कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद पर लगीं हिंदू मूर्तियों के बारे में पर्यटकों को जानकारी देने के लिए कल्चरल नोटिस बोर्ड लगाए जाएंगे। इसके साथ ही कुतुबमीनार परिसर में खोदाई होगी, जिसमें जमीन में दबे मंदिरों के अवशेषों के बारे में भी पता लगाया जाएगा। इस विवाद ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक धर्मवीर शर्मा के बयान के बाद तूल पकड़ा है, जिसमें उन्होंने इस कुतुबमीनार को सूर्य स्तंभ के नाम से एक वेधशाला बताया है।



उनके अनुसार इसे कुतुबद्दीन ऐबक ने नहीं, उससे 700 साल पहले राजा चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने आचार्य वाराहमिहिर के नेतृत्व में बनवाया था। कई अन्य शोधकर्ता भी यही बात दोहराते हैं।

### डीयू के प्रो. रतन लाल को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी मस्जिद मामले में कथित 'शिवलिंग' पर की गई आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों में आए दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) के प्रोफेसर रतन लाल को जमानत मिल गई है। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने शनिवार को प्रोफेसर रतन लाल को 50,000 रुपये के मुचलके और इतनी ही राशि की जमानती के आधार पर जमानत दे दी। दिल्ली पुलिस ने शनिवार दोपहर बाद प्रोफेसर रतन लाल को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया था। अदालत ने पुलिस और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद रतन लाल की जमानत याचिका या न्यायिक हिरासत पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के अंदर मिले कथित 'शिवलिंग' की खोज के बाद कथित तौर पर धार्मिक मान्यताओं को आहत करने के इरादे से एक सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में उन्हें शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था।


विस्तृत खबर पृष्ठ 3 पेज पर


## अपने बयानों में ही घिरे राहुल

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

राहुल गांधी फिर से अपने बयानों में ही घिर गए हैं। लंदन में एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय विदेश सेवा और राजनयिकों पर सवाल खड़ा करते हुए राहुल ने कहा था कि अब घमंड दिखने लगा है। राहुल ने कहा था कि विदेश सेवा बदल गई है।

करारा पलटवार करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- इसे घमंड नहीं आत्मविश्वास कहते हैं, इसे देश हित की रक्षा कहते हैं। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने भी राहुल के बयान पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके विफल नेता राहुल गांधी जब भी विदेशी धरती पर जाते हैं तो भारत की छवि को धूमिल ही करते हैं।

**क्या कहा था राहुल ने**

**पलटवार**

- लंदन में लगाए आरोपों पर जयशंकर का पलटवार, समझाया घमंड और आत्मविश्वास का अंतर

'भाजपा ने पूरे देश में कैरोसिन डाल दिया है, एक चिंगारी भर की देर है।' इसी सिलसिले में उन्होंने जहां आरएसएस, सीबीआइ, इडी की बात कही वहीं विदेश सेवा के बदले तेवर पर प्रश्न खड़ा किया था।

उन्होंने कहा था कि एक एक नौकरशाह से बात करने पर पता चला कि अब भारतीय विदेश विभाग बदल गया है, घमंड आ गया है, अब वह किसी की सुनते नहीं है, सरकार के निर्देशों पर ही काम होता है, यह ठीक नहीं।'

### सुलझ जाएगा असम अरुणाचल सीमा विवाद : अमित शाह

**देवमाली (अरुणाचल)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश और असम के बीच अंतरराज्यीय सीमा विवाद अगले साल तक सुलझने की उम्मीद है। शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर को उग्रवाद मुक्त बनाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने दावा किया कि केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के पिछले आठ वर्षों के दौरान क्षेत्र के 9,000 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले के नरोत्तम नगर में रामकृष्ण मिशन स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि केंद्र क्षेत्र में शांति एवं विकास लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**आपदा** | प्री-मानसून का असर : बिहार, असम व कर्नाटक में आकाश से बरसी तबाही

# तीन राज्यों में बाढ़ - बारिश का कहर

**पटना/गुवाहाटी/बेंगलुरु, एजेंसी**

मानसून आने से पहले कुछ राज्यों में आंधी और बारिश तबाही बनकर कहर बरपा रही है। बिहार, असम और कर्नाटक तीन ऐसे राज्य हैं, जहां बिजली गिरने और बाढ़ की चपेट में आने से करीब 57 लोगों की जान चली गई है। मौसम विभाग ने 21 से 24 मई तक कई राज्यों में बारिश होने की संभावना जताई है।

वहीं, 23 मई को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। असम में तो हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। यहां ब्रह्मपुत्र और उसके साथ बहने वाली नदियों में बाढ़ ने इस कदर तबाही मचा रखी है कि सैकड़ों गांव जल समाधि ले चुके हैं। वहीं 7 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। फसलें भी चौपट हो गई हैं। वहीं कर्नाटक में भी 9 लोगों की मौत की खबर है। बिहार: 16 जिलों में 33 की मौत बिहार में शुक्रवार को आंधी तूफान और बिजली गिरने से 16 जिलों में कम से कम 33 लोगों की मौत हो गई। सीएम नीतीश कुमार ने घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 4 लाख रुपए की मदद देने का ऐलान किया। राज्य मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार और रविवार को कुछ हिस्सों में आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इसकी वजह है कि यहां प्री-मानसून गतिविधियां अब सक्रिय हो गई हैं। आंधी और बिजली गिरने से भागलपुर में 7, मुजफ्फरपुर में 6, सारण में 3, में लखीसराय में 3, मुंगेर में 2, समस्तीपुर में 2, व्यक्ति की मौत हुई। असम: 29 जिलों के 7.12 लोग बेघर असम राज्य आपदा प्रबंधन के मुताबिक, राज्य के 29 जिलों में करीब 7.12 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। जमुनामुख जिले के दो गांवों के 500 से ज्यादा परिवारों ने रेलवे ट्रैक पर अपना अस्थायी आशियाना बना रखा है। अकेले नागांव जिले में 3.36 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं, जबकि कछार जिले में 1.66 लाख, होजई में 1.11 लाख और दरांग जिले में 52709 लोग प्रभावित हुए हैं। कर्नाटक: 9 की मौत, स्कूल-कॉलेज बंद कर्नाटक में प्री-मानसून की दस्तक से हालात बदतर हैं। जलभराव से हुए हादसों के कारण नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हैं। एहतियातन सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। राहत और बचाव कार्य के लिए ठअऋकी चार टीमें तैनात की गई हैं।



**प्रभावित**

- वर्षाजनित हादसों में 57 की मौत, असम में 7 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित




## संक्षिप्त खबरें

### आठ लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक शराब कारोबारी व एक पियक्कड़ गिरफ्तार

मझौलिया। शनिवार को मझौलिया पुलिस ने विशेष अभियान के तहत की छापेमारी छापेमारी के दौरान 8 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक शराब कारोबारी को किया गिरफ्तार। एक पियक्कड़ को शराब पीकर हो हल्ला करने के जुर्म में किया गिरफ्तार मेडिकल जांचों उपरांत भेजा बेतिया न्यायिक हिरासत में। यह जानकारी थाना अध्यक्ष अशोक कुमार साह ने दी।

### किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश मारपीट कर पुलिस को सौंपा

पटना सिटी। आलमगंज थाना क्षेत्र के दादरमंडी में शनिवार की सुबह मेहंदीगंज गुमटी के समीप स्थित घर से स्कूल जाने के लिए निकली किशोरी के साथ एक युवक ने दुष्कर्म की कोशिश की। स्थानीय लोगों ने किशोरी की शोर सुन कर जुट गए और युवक को पकड़ मारपीट करते हुए पुलिस को सौंप दिया। किशोरी सातवीं कक्षा की छात्रा है। बताया जाता है कि रास्ते में कुत्ता के डर से किशोरी को दूसरे रास्ता से विद्यालय ले जाने का झांसा दे युवक उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पीड़िता द्वारा अबतक लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। मामले की छानबीन पुलिस कर रही है।

### युवक की गोली मार हत्या

पटना सिटी। अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ रोड में जनता फ्लैट मुसहरी के पास अपराधियों ने शनिवार की युवक को गोली मार हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एनएमसी भेजा। दारोगा युगल किशोर चौधरी ने बताया कि मृतक की पहचान 22 वर्षीय सूरज कुमार उर्फ चमनिया के तौर पर हुई है, जो मुसहरी का रहने वाला है। पुलिस की मानें तो रुपए को लेकर पड़ोसी दोस्त से चल रही अदावत में युवक की हत्या की गयी है। मृतक के लास ही बाइक भी गिरा पड़ा था। पुलिस के अनुसार मृतक का भी आपराधिक इतिहास है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि तीन की संख्या में आए अपराधियों ने गोली मार हत्या कर दी है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में की गई शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक

औरंगाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



सौरभ जोरवाल, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, औरंगाबाद जिला योजना पदाधिकारी, औरंगाबाद, श्री आलोक कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता, श्री अमित कुमार, वरीय उप समाहर्ता-सह-प्रभारी जिला गोपनीय शाखा, औरंगाबाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह सहित शिक्षा विभाग के सभी जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय अधिकारियों एवं संभाग प्रभारियों ने भाग लिया।

सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में विद्यालय शिक्षा समिति के गठन की समीक्षा की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी विद्यालयों में विद्यालय शिक्षा समिति का गठन कर लिया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा असैनिक कार्य अन्तर्गत निर्माण कार्य बाधित रखने वाले प्र०प्र०अ० / प्र०अ० पर कार्रवाई किये जाने से संबंधित मामले की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा दोषी प्र०अ० / प्र०प्र०अ० के विरूद्ध अद्यावधि विभागीय कार्यवाही नहीं की गई है जबकि इसके लिए कई माह से उन्हें निदेशित किया जाता रहा है। जिला पदाधिकारी द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई एवं श्री अमीन सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना से उक्त मामले में स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया।

मध्याहन भोजन योजना की समीक्षा जिला पदाधिकारी द्वारा की गई। वितरण की स्थिति काफी धीमी पाये जाने के कारण जिला पदाधिकारी द्वारा खेद प्रकट किया गया एवं निदेश दिया गया कि मध्याह्न भोजन योजना एक महत्वपूर्ण योजना है एवं कोई भी छात्र-छात्रा इससे वंचित न रह पाये, इसके लिए विशेष अभियान चलायें एवं मध्याह्न भोजन के कार्यों में तेजी लायें। समग्र शिक्षा अभियान के तहत समायोजन की समीक्षा की गई।

**बैठक**

- नीति आयोग के तहत विभिन्न विद्यालयों में कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा की

जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान माह में 10 लाख का समायोजन हुआ है, इस प्रकार 20964. 9082 लाख के विरूद्ध 19879.4255 लाख का समायोजन हो चुका है। शेष 1085.3827 लाख का समायोजन एक माह के अंदर करने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की समीक्षा की गई। संभाग प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 598 लक्ष्य के विरूद्ध वर्ग 06 में 272 एवं वर्ग 09 में 39 अर्थात 311 बालिकाओं का नामांकन कर लिया गया है, शेष नामांकन हेतु प्रयास किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर शीघ्र शत-प्रतिशत नामांकन कराने का निदेश दिया गया। बिहार शैक्षणिक आधारभूत संरचना, पटना के अन्तर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा जिला पदाधिकारी द्वारा की गई। बिहार शैक्षणिक आधारभूत संरचना के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता बैठक में उपस्थित थे। समीक्षा में यह पाया गया कि पूर्व की कई योजनाओं में विभिन्न कारणों से निर्माण कार्य बंद है।

जिला पदाधिकारी कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ बैठक कर ऐसे योजनाओं को चिन्हित करें जिनमें अविलम्ब कार्य प्रारम्भ हो सकता है, साथ ही जिन योजनाओं को पूरा करने में कठिनाई है, उसके बारे में कारण सहित विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर विभाग को अवगत करायें एवं उसकी एक प्रति उन्हें भी उपलब्ध करायें। कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ विद्यालयों में ठेकेदार के द्वारा कार्य करने से इनकार किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि जहां ठेकेदार कार्य नहीं कर रहें उनके संबंध में विभाग को प्रतिवेदित करें ताकि शीघ्र पुनः निविदा निकालकर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा सके।

इसके साथ ही निदेश दिया गया कि सभी अभियंता गण शिक्षा विभाग, औरंगाबाद के पदाधिकारियों के सम्पर्क में रहें एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करें। नीति आयोग के तहत विभिन्न विद्यालयों में कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा की गई। जिला योजना पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मरम्मति का पैसा कुछ आंतरिक अभिकरण के कारण शिक्षा विभाग, औरंगाबाद को ट्रांसफर नहीं हो सका है।

### एसकेएमसीएच मे तैनात गार्डों की लापरवाही पर अधीक्षक ने जाहिर की नाराजगी

**मुजफ्फरपुर।** एसकेएमसीएच परिसर के निरीक्षण के दौरान तैनात गार्डों की लापरवाही देख अधीक्षक डाक्टर बीएस झा बिफर पडे। उन्होने परिसर मे वर्तमान भिन्न स्थानो पर सुरक्षा गार्ड को अनुपथित पाया और तत्क्षण सुपरवाइजर को तलब कर चेतावनी दीः डाक्टल झा ने स्वयं हाथ मे माइक लेकर जरूरी निर्देश देने लगे। इमरजेंसी मे मरीजौं के साथ उनके परिजनो की अनावश्यक भीड देख कर उन्होने डाक्टरों को निर्देश दिया कि इमरजेंसी के जिन मरीजों की स्थिति सामान्य है उन्हे तत्काल वार्ड मे सिफ्ट किया जाए। उन्होने कहा कि अस्पताल के वार्ड मे या इमरजेंसी मे मरीजों के साथ उनके सिर्फ एक परिजन ही रहेंः परिजनो की अनावश्यक भीड नहीं लगाई जाए। सुपरवाइजर को तलब करते हुए उन्होने कहा कि वे उनके कार्य से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होने कहा कि परिसर मे विभिन्न वाहनो का पार्किंगस्थल निर्धारित है। इसका पालन नहीं किया जा रहा है। लोग परिसर मे बेतरतीब ढंग से अपने वाहनो की पार्किंग करते हैं। तैनात सुरक्षागार्ड इसपर कोई ध्यान नहीं देते है। इससे काफी असुविधा होती है। यदि इसमे सुधार नहीं हुआ तो उनके एजेंसी की सेवा निरस्त कर दी जाएगी। डाक्टर झा ने निर्देश दिया कि सुरक्षागार्ड अस्पताल परिसर मे निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहनों को पार्क कराना सुनिश्चित करें।

## जिला कार्यालय में संपन्न हुई भाजपा की एक दिवसीय बैठक

गया, प्रात :किरण संवाददाता



भाजपा जिला कार्यालय गया में एक दिवसीय बैठक आयोजित किया गया जिसमें जिला में पन्ना प्रमुख एवं बुथ कमिटी बनाया गया और कुछ शेष रह गया है उसे पूरा करने पर मोदी सरकार की 8 वॉ वर्ष पूरा होने पर पूरे बिहार में 4 जिलों में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा गया जिसमें मुजफ्फरपुर, भागलपुर और पूर्णिया जिलों का चयन किया गया। जिससे मोदी सरकार के योजना से बहुत सारे लोग को लाभ मिले हैं, जिसका केंद्रीय मंत्री आकर विस्तृत रूप से जानकारी देंगे एवं गया में आजाद पार्क जगह चयनित किया गया।

कार्यक्रम का प्रभारी नवोदिता सिंह को बनाया गया। कार्यक्रम के पहले एक पखवारा जो प्रदेश से आगामी कार्यक्रम तय होना बाकी है जिसमें किसान मोर्चा युवा मोर्चा महिला मोर्चा अति पिछड़ा मोर्चा अनुसूचित जाति मोर्चा खेल कीड़ा प्रकोष्ठ बुनकर प्रकोष्ठ सभी अध्यक्ष एवं संयोजक को कार्यभार संभालना है इसकी जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी एवं नवोदिता सिंह ने दिया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा गया नगर एवं पूर्व मंत्री प्रेम कुमार, वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह, गया पूर्व सांसद हरि मांझी एवं रामजी मांझी, बुनकर प्रकोष्ठ जिला संयोजक दुखन पटवा, प्रशांत कुमार, क्षितिज मोहन सिंह प्रदेश कार्यसमिति एवं जिला के सैकड़ों तमाम वरिष्ठ भाजपा सदस्य मौजूद थे।

## दो-दिवसीय शेरशाह महोत्सव का हुआ आगाज

सासाराम, प्रात :किरण संवाददाता




- अहले सुबह रेलवे स्टेशन से शेरशाह के ऐतिहासिक मकबरे तक हुयी प्रभातफेरी

दो-दिवसीय शेरशाह महोत्सव का आगाज शनिवार को अहले सुबह सासाराम रेलवे स्टेशन से शेरशाह के ऐतिहासिक मकबरे तक हुए प्रभातफेरी से हुआ। नगर के फजलगंज स्थित बहुद्देश्यीय भवन में शेरशाह सूरी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर एक विचार गोष्ठी एवं मुशायरे सह कवि सम्मेलन कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी रोहतास धर्मेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त शेखर आनंद, कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार, डीटीओ प्रवीण चंदन, वरीय उपसमाहर्ता चेतनारायण राय, खुशबू पटेल, अनु कुमारी, रश्मि सिंह, सौरभ आलोक तथा अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी उपेन्द्र यादव, डेहरी बीडीओ पुरुषोत्तम त्रिवेदी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी रोहतास धर्मेंद्र कुमार ने उद्घघाटन संबोधन में कहा कि मध्यकालीन इतिहास के गौरव रहे शेरशाह सूरी का व्यक्तित्व और कृतित्व तत्कालीन इतिहास के स्वर्ण-अक्षरों में अंकित है। उनके द्वारा पहली बार जमीन की पैमाइश तथा डाक-व्यवस्था शुरू की गयी थी जिसका उत्तरोत्तर विकास होता गया। उनकी शासन व्यवस्था, न्याय व्यवस्था आज भी प्रासंगिक एवं अनुकरणीय है।

विचार-गोष्ठी में एसपीजैन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ गुरुचरण सिंह, डॉ विजय कुमार सिंह, डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव तथा डॉ श्यामसुंदर तिवारी जैसे इतिहासविदों के साथ शेरशाह वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष अली हुसैन इदरीसी, समाजसेवी ए. के अल्वी तथा जीएम अंसारी द्वारा शेरशाह सूरी के व्यक्तित्व व कृतित्व के विविध पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। विचार-गोष्ठी के बाद मुशायरे का कार्यक्रम हुआ जिसमें कानपुर से आयीं शायरा नूरी प्रवीन, मिजार्पुर से आयीं कवयित्री पूनम श्रीवास्तव, आजमगढ़ से आये शायर अहमद आजमी, मुगलसराय से आये शायर सुहैल उस्मानी तथा गाजीपुर के गहमर से आये हास्य-व्यंग्य के विख्यात कवि फजीहत गहमरी ने अपनी शायरी और कविताओं से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

इस अवसर पर स्थानीय शायरों एवं कवियों में हसन इमाम, अख्तर इमाम अंजुम, तनवीर अख्तर, फारूक सरैयावी, शंकर राम, आलम परवेज, शमीम कासमी, असर फरीदी ने भी अपनी शायरी से श्रोताओं को एक खुशनुमा माहौल में बांधे रखा। विचार-गोष्ठी और मुशायरे की अध्यक्षता डॉ गुरुचरण सिंह ने की और संचालन किया मशहूर शायर मतीन सासारामी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन किया जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सह डीपीआरओ सत्यप्रिय कुमार ने किया।

## जीबीएम कॉलेज में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

गया, प्रात: किरण संवाददाता



गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रधानाचार्य प्रो जावैद अशरफ की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा न्यू इंडिया@75अभियान के तहत 12 अगस्त 2021 से लेकर 27 मार्च, 2022 तक तीन चरणों में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थानों पर चयनित छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

बिहार स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में अमीषा भारती तथा प्रीति कुमारी द्वितीय स्थान पर रहीं। शॉर्ट वीडियो मेंकिंग प्रतियोगिता में इतिहर्ष, नमन्या, अमीषा भारती एवं प्रतिज्ञा कुमारी, पोस्टर प्रतियोगिता में खुशी परवीन, प्रकृति प्रिया तथा शिल्पा साहनी तथा यक्ष्मा पर आयोजित आरसीसी टॉक में सलोनी लोहानी, वैष्णवी रंजन तथा अर्पणा कुमारी विजेता रहीं। इन सभी छात्राओं को प्रधानाचार्य प्रो अशरफ द्वारा बिहार स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी की ओर से भेजे गये प्रमाण पत्र तथा पुस्तकें प्रदान करके सम्मानित किया गया। इसके अलावा मोनिका, पलक, प्रियंका , पल्लवी, अंकिता, रिया, जूही, अंजलि, संजना, प्रिया, दिव्या, सोनाली, अंकिता, पूनम, दीप्ति, नेहा, खुशबू को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिये गये। प्रधानाचार्य ने छात्राओं को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए अपनी क्षमताओं पर गर्व करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की एनएसएस पदाधिकारी एवं जिला की एनएसएस नोडल पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी ने किया।

## उज्जवल्ला योजना के अंतर्गत दिया गया मुफ्त गैस कनेक्शन




पालीगंज, प्रात: किरण संवाददाता

पालीगंज चंढोस में स्थानीय जयश्री भारतगैस एजेंसी द्वारा चंढोस और आसपास के गांव के महिलाओ को उज्जवल्ला योजना के अंतर्गत बिल्कुल मुफ्त गैस वितरण किया गया , एजेंसी के मैनेजर राममूर्ति सिंह और मैकेनिक मो. सलाउद्दीन द्वारा गैस से होने वाली दुर्घटना से कैसे बचें , परंपरागत ईंधन जैसे लकड़ी, गोइठा, आदि से निकलने वाले जहरीले धुंआ आँखों के लिए बहुत ही खतरनाक है उसके अलावा और भी बातें बहुत ही बारीकी से समझा कर गैस कनेक्शन वितरण किया गया, एजेंसी प्रोपराइटर अंजनी कुमार सिंह के द्वारा हर लाभार्थी महिला को भरा गैस सिलिंडर,गैस चूल्हा,सुरक्षा पाइप,रेगुलेटर, गैस कार्ड ,सुरक्षा कार्ड आदि बिल्कुल मुफ्त दिया गया । मौके पर एजेंसी के तरफ से बिजेन्द्र कुमार,अमरेंद्र कुमार,मन्तोष , समाजसेवी विमल पंडित आदि लोग मौजूद रहें ।

## डीएम ने लंबित चल रहे स्पीडी ट्रायल के मामलों के निपटारे के लिए उठाए ठोस कदम

औरंगाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



- जल्द करवाई का निर्देश

जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिले के लंबित/निष्पादित एवं स्पीडी ट्रायल से संबंधित मामलों की मासिक समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले के सभी लंबित चल रहे स्पीडी ट्रायल के मामलों के निपटारे के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इतना ही नहीं उन्होंने सभी लंबित चल रहे वारंट के मामलों पर भी अमल करने में तेजी लाने को कहा।

जिलाधिकारी ने जनहित में सभी पुलिस थानों और अस्पतालों को उनके द्वारा तैयार किए जाने वाले रिपोर्ट को समय से भेजने की बात कही, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब से बचा जा सके। बैठक में लोक अभियोजक एवं विशेष लोक अभियोजक से प्राप्त प्रतिवेदन की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि कई मामलों में यह पाया जाता है कि गवाह की उपस्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अभाव में एवं चिकित्सा चिकित्सकों की उपस्थिति नहीं होने के कारण लंबित पाया जाता है। उन्होंने इस संबंध में सिविल सर्जन को ससमय कार्रवाई करने का निर्देश दिया जिलाधिकारी द्वारा उत्पाद अधिनियम, पॉक्सो एक्ट एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम के लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर ससमय कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

उक्त बैठक में प्रभारी उप समाहर्ता, जिला विधि शाखा, विकास कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, आर.के. सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (मुख्यालय), प्रभाकर तिवारी, प्रभारी लोक अभियोजक, नोडल पदाधिकारी, अभियोजन कोषांग, मधुबनी, विशेष लोक अभियोजक अनु. जाति/जनजाति सहित जिले के सभी अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मुजफ्फरपुर: मत्स्य पालकों को अनुदान मे दिए गए वाहन

मुजफ्फरपुर, प्रात: किरण संवाददाता



मत्स्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मत्स्य विकास योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अति पिछड़ा जाति के मत्स्य पालकों को मत्स्य विपणन हेतु विभाग द्वारा चयनित मत्स्य बिक्री कार्य एवं मत्स्य पालन से जुड़े मत्स्य कृषकों के बीच आज फोर व्हीलर, थ्री व्हीलर एवं मोपेड-सह-आइस बॉक्स का वितरण किया गया।

जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर द्वारा लाभुकों को वाहन की चाभी सौंपी गई। साथ ही हरी झंडी दिखाकर उन्हें क्षेत्र में रवाना किया गया। मौके पर उपस्थित जिलाधिकारी प्रणव कुमार ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अति पिछड़ा वर्ग के लोगों को मत्स्य विपणन की योजना से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त एवं स्वरोजगार के नए अवसर को प्रदान करना, मत्स्य उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं ताजी मछली की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा सरकार के इस कदम से मत्स्य कृषक आर्थिक रूप से सबल हो सकेंगे, स्वावलंबी हो सकेंगे।

उनके जीवन में आर्थिक समृद्धि भी आएगी। साथ ही सरकार द्वारा मत्स्य कृषकों की आय को दोगुना करने में इस व्यवसाय को प्रमुख कड़ी के रूप में लाना एवं अनुसूचित जाति एवं अति पिछड़े वर्ग के कृषक बंधुओं को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना भी इसका उद्देश्य है।

### नहीं रहे बीसीसीएल के पूर्व मैनेजर सह समाजसेवी

**औरंगाबाद।** भोला बीघा निवासी स्वर्गीय नंदकिशोर सिंह आज लगभग 12 बजे अनुग्रह नगर औरंगाबाद स्थित अपने आवास पर अंतिम सांसे ली विदित हो कि स्वर्गीय नंदकिशोर सिंह विगत कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और उनकी इलाज भी चल रही थी अचानक आज 12:00 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली उनकी मौत की खबर मिलते ही मातम पुषियों में शोक की लहर फैल गई। उनकी अंतिम दर्शन को ले उनके शुभचिंतकों एवं आस-पड़ोस के लोगों का जमावड़ा उनके स्थानीय निवास पर लगने लगा हर लोग उनकी मौत से दुखी और मायूस दिखें। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि यह बहुत ही अच्छे इंसान थे। तथा इनकी समाज सेवा की भावना हमेशा लोगों के दिल में जिंदा रहेगी। इनके अंतिम दर्शन को जिले की शिक्षाविदों के साथ-साथ राजनीतिज्ञों की भीड़ उमड़ पड़ी। उपस्थित लोगों में चुलबुल सिंह, सुनील सिंह राजीव सिंह उर्फ राजू, बसंत सिंह शशि रंजन सिंह ,धीरेंद्र सिंह, अजय सिंह प्राचार्य डीएवी (अरवल), धनंजय सिंह, अशोक सिंह, मुन्ना सिंह, उमाशंकर सिंह, ललन सिंह इत्यादि शामिल रहे।

## वैशाली: सात माह के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में 171 लोगों की मौत

हाजीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



**समीक्षा**

- डीएम यशपाल ने एसपी मनीष की मौजूदगी में घटनाओं की समीक्षा की
- मृतकों के आश्रित को मुआवजा का शीघ्र भुगतान कराने का निर्देश
- सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में कार्रवाई का अफसरों को दिए निर्देश

जिले में साढ़े सात माह के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में 171 लोगों की मौत हुई है। जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसकी रोकथाम के लिए विशेष उपाय करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक करते हुए उपस्थित सदस्यों से दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में सुझाव प्राप्त किए।

इसके बाद उन्होंने जिले में ब्लैक स्पाट के रूप में चिन्हित सभी नौ स्थानों के पास रेडियम युक्त साइनेज लगाने, मुख्य संड़कों पर जितने अंधे मोड़ है वहां शीशा लगाने ताकि वाहन का प्रतिबिंब दूर से ही दिख जाए, स्कूलों के आसपास आगे स्कूल है का साइनेज लगाने, हाजीपुर के दिग्धी स्थित महुआ मोड़ के पास सुरक्षात्मक उपाय करने, सराय के मंसूरपुर तेलिया सराय पथ पर तीन स्टेप वाला स्पीड ब्रेकर लगाने, सभी सड़कों पर खड़ी लावारिस गाड़ी के विरुद्ध कार्रवाई करने या उन्हें नीलाम कराने की शीघ्र कार्रवाई करने निदेश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निदेश दिया कि सड़क दुर्घटनाओं में मृत व्यक्ति के परिजन को बिहार सरकार की ओर से दी जा रही मुआवजा राशि का भुगतान शीघ्र कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर 2021 से सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु पर मुआवजा की राशि चार लाख से बढ़ा कर पांच लाख रुपये कर दी गई है। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 15 सितंबर 2021 के बाद 30 अप्रैल 2022 तक जिले में 171 लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में हुई है। जिसमें मात्र दो लोगों के आश्रित को ही मुआवजा का भुगतान किया जा सका है। जिलाधिकारी ने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुआवजा राशि का शीघ्र भुगतान कराने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने दुर्घटना संबंधी आवेदन प्रपत्र की बैठक में ही मांग की और प्रपत्र के बारे में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों को बताया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी थाना को दस-दस आवेदन उपलब्ध करा दिया जाए एवं कहीं भी दुर्घटना हो तो आवेदन का प्रपत्र पुलिस पदाधिकारी स्वयं घटनास्थल पर जाकर भरवाएं अथवा मृतक के आश्रित से मिलकर आवेदन मगवाएं।

## भूमि विवाद के कई मामलों का किया गया ऑन स्पॉट निष्पादन



मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में आज थाना दिवस के अवसर पर जिले के सभी थानों में भूमि विवाद के मामलों पर त्वरित सुनवाई को लेकर अंचलाधिकारियों एवम थानाध्यक्षो द्वारा बैठक कर सुनवाई की गई, एवं कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन भी किया गया। गौरतलब हो जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा निर्देश दिया गया है कि भूमिविवाद प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिये। उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी सीओ एवं थानाध्यक्ष प्रत्येक सप्ताह थाना दिवस पर अनिवार्य रूप से भूमिविवाद को लेकर बैठक कर मामलों का त्वरित निष्पादन करेगे एवम ससमय प्रतिवेदन भेजेंगे। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद समीक्षा बैठक में कहा था कि भूमि विवाद को लेकर ही अपराध की ज्यादातर घटनाएं होती है,साथ ही कई बार विधिव्यवस्था की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है। भूमि विवाद को लेकर आयोजित बैठक का सकरात्मक परिणाम भी नजर आने लगा है। अब तक जिले में भूमिविवाद को लेकर प्राप्त आवेदनों में कई आवेदनों का ऑन स्पॉट निपटारा किया जा चुका है। स्वयं डीएम-एसपी ने भी भूमि विवाद के कई मामलों की सुनवाई कर उसका त्वरित निष्पादन भी किया है।

## शतचंडी महायज्ञ की जलयात्रा का गरिमा सिकारिया ने किया स्वागत

बेतिया, प्रात: किरण संवाददाता



**श्रद्धा**

- माता के जयकारे के बीच ऐतिहासिक सागर पोखरा में वैदिक विधि से जलबोझी सम्पन्न
- सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की सागर पोखरा मंदिर में पहुंच कर भगवान महादेव की विधिवत पूजा

नगर निगम में शामिल सनसरैया के समीपवर्ती चरगहाँ में आयोजित शतचंडी महायज्ञ के लिये विशाल जलयात्रा का आयोजन हुआ। नगर के सागर पोखरा में जलबोझी के लिये पहुंची इस आध्यत्मिक जलयात्रा का स्वागत करने के बाद नगर निगम की निवर्त्तमान सभापति गरिमा देवी सिकारिया शामिल रहीं।

उनके इस जलयात्रा में शामिल होने के बाद सहभागी महिलाओं से लेकर कन्याओं और बच्चीयों तक का उत्साह देखने के लायक था। जल यात्रा में शामिल सैकड़ों महिला पुरुष और बच्चे जेठ की तेज धूप में भी नंगे पांव चलते हुये माता रानी का जयकार उत्साह पूर्वक लगा रहे थे। इस मौके पर नगर निगम की निवर्त्तमान सभापति श्रीमती सिकारिया ने कहा कि इस जलयात्रा में मेरी सहभागिता से अधिसंख्य लोगों उत्साह और बढ़ गया प्रतीत हुआ। जिसके बाद मुझमें भी अपने सौभाग्य पर गर्व करने जैसे भाव आये और मेरे भी मन को आह्लादित किया।उन्होंने कहा कि जगदम्बा आदि शक्ति के प्रति ऐसी आस्था वंदनीय है। सतचंडी महायज्ञ में यज्ञकर्ता दिवाकर कुमार मिश्रा, अध्यक्ष शुभ सागर मिश्रा, यज्ञ आचार्य पंडित ऋषिकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष नीरज पटेल, रंजन कुमार, मंटेश कुमार, कुणाल मिश्रा, बिट्टू कुमार, निप्पू कुमार, अभय कुमार, अजीत मिश्रा, मनीष कुमार, साहिल कुमार, विनय यादव, मिट्ठू यादव, नवीन यादव, अमित यादव इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### नए संसद भवन में मामूली आग लगी : अधिकारी

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली में नए संसद भवन में शनिवार दोपहर मामूली आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने की सूचना दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर मिली और दमकल की पांच गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं। उन्होंने कहा कि यह मामूली आग थी और संसद परिसर के अंदर मौजूद दमकल कर्मियों ने दमकल की गाड़ियों के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही उस पर काबू पा लिया।

### दिल्ली में एक कारखाने में आग लगी

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के बवाना इलाके में शनिवार को एक कारखाने में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दमकल अधिकारियों ने कहा कि पूर्वाह्न 11 बजकर 5 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। दमकल की 7-8 गाड़ियां घटनास्थल पर आग बुझाने में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि एक अन्य घटना में, पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर इलाके में एक दुकान में आग लग गई। दमकल विभाग को पूर्वाह्न 11 बजकर 5 मिनट पर इसकी सूचना मिली। अधिकारियों ने कहा कि दमकल की सात गाड़ियां मौके पर भेजी गई हैं। उन्होंने कहा कि दोनों घटनाओं में किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।

### रेहड़ी हटाने पहुंचे एसएचओ को लोगों ने पीटा

नई दिल्ली। बिंदापुर इलाके में कोर्ट के आदेश के बाद रेहड़ी-पटरी हटाने के लिए टीम के साथ पहुंचे एसएचओ और उनकी टीम पर लोगों ने हमला कर दिया। हमले में एसएचओ बिंदापुर को चोट आई है। पुलिस ने मौके पर मारपीट और हंगामा करने वाले तीन आरोपियों महेश, कारण और राहुल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे बीट संख्या-2 पर आर्य समाज रोड़ पर एक झगड़े की कॉल मिली थी। कांस्टेबल महिपाल मौके पर तैनात था और एसएचओ धनंजय गुप्ता, कांस्टेबल अनिल और कांस्टेबल सुनील के साथ मौके पर पहुंचे। जहां से लौटते हुए एसएचओ और उनकी टीम आर्य समाज रोड से अवैध रूप से कब्जा करके रेहड़ी पटरी लगाने वालों को वहां से हटाने के लिए कहने लगी। इस दौरान वहां मौजूद दुकानदार महेश, राहुल और करण ने हंगामा शुरू कर दिया। आरोपियों ने लोगों को उकसाय और एसएचओ धनंजय गुप्ता के साथ मारपीट की। पुलिस टीम ने बीच बचाव किया तो आरोपी करण ने कांस्टेबल महिपाल के साथ मारपीट करते हुए उसकी भी वर्दी फाड़ दी। राहुल ने पुलिस की मदद के लिए आए आम लोगों के साथ भी मारपीट की। पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को दबोच लिया। मामले की सूचना देते हुए थाने से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस टीम आरोपियों को पकड़ थाने ले आई। कांस्टेबल महिपाल के बयान पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### आर्ट स्पेक्ट्रा द्वारा सामूहिक कला प्रदर्शनी का आयोजन

नई दिल्ली। आर्ट स्पेक्ट्रा द्वारा सामूहिक कला प्रदर्शनी का आयोजन लोकायता आर्ट गैलरी हौज खास दिल्ली में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन शास्त्रीय ओडिसी नर्तक शेरोन लोवेन, फैशन डिजाइनर जतिन कोचर और कलाकार प्रमोटर आशीष मिश्रा ने किया। प्रदर्शनी अमृता प्रकाश द्वारा क्यूरेट की गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में देश के लगभग हर कोने से कलाकारों ने हिस्सा लिया है। हमारा मुख्य उद्देश्य अपने मंच के माध्यम से नवोदित कलाकारों को वरिष्ठ कलाकारों के साथ अवसर देना है और हमारी कोशिश है कि उनकी कलाकृतियां बाजार में उपलब्ध हों ताकि कलाकार अपनी कला को और बढ़ावा दे सकें। प्रतिभागी कलाकार आयुषी कुशवाह मौसमी भट्टाचार्य, श्वेता कपूर, नम्रता कौशिक, जया श्रीनिवासन तारा ईशा, शुभांगी सिंह श्रीवास्तव, विनोद प्रकाश, नंदिनी डॉ. रश्मि अनुरागी, पूजा राज, शिखा गुप्ता, नवल किशोर, मधु धीर, गुरसिमरन कौर, वनिता कोलासो, चंदना भट्टाचार्जी, सुवर्णा बागची अशदीप बाबरा, नमिता नागरा, अमृता प्रकाश, मीता मिनोचा, मेघना वर्मा आंचल शर्मा, निशि टंडन, जसजीत संधू, प्रदर्शनी दिनांक 20 से 24 तक वें मई चलेगी।

# उप मुख्यमंत्री ने रोजगार बजट को लेकर की समीक्षा बैठक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**रोजगार**

- मनीष सिसोदिया ने अधिकारियों से योजनाओं पर काम तेज करने और कार्यान्वयन की दिशा में आगे बढ़ने को कहा
- केजरीवाल सरकार दिल्ली में उत्पादकों को आकर्षित करने के लिए उचित प्रोत्साहन पर काम कर रही है

केजरीवाल सरकार ने इस साल की शुरूआत में एक अनूठा रोजगार बजट पेश किया। जिसमें नए नीतिगत हस्तक्षेपों के माध्यम से दिल्ली को व्यवसायों, पर्यटकों और स्टार्टअप्स के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाने के लिए रोजगार सृजन और पुनर्विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। दिल्ली के लोगों को जल्द से जल्द इन पहलों से लाभान्वित करने के लिए दिल्ली के डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को एक समीक्षा बैठक की है।

बैठक में सिसोदिया ने इन नीतियों के क्रियान्वयन के बारे में कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे निर्णयों को लाने और लागू करने के हमारे सभी प्रयास एक टेबलटॉप अभ्यास न बन जाए। हमें दिल्ली के निवासियों को अधिकतम संभव लाभ देने के लिए विभिन्न एजेंसियों और लोगों को हमारे निर्णयों में शामिल करने की आवश्यकता है। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों से बजट नीतियों के कार्यान्वयन में तेजी लाने के संबंध में कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि इसे एक वैश्विक शहर के रूप में अपनी वास्तविक क्षमता का अहसास हो सके। हमें अपनी नीतियों को तीव्र गति से लागू करने के लिए काम करना होगा, ताकि दिल्ली में अधिक से अधिक रोजगार सृजन हो सके। दिल्ली में 20 लाख नौकरियां पैदा करने की हमारी महत्वाकांक्षी योजना तब ही सच होगी जब हम जमीनी हकीकत और चुनौतियों के साथ-साथ दिल्ली में उपलब्ध अवसरों को समझेंगे।

सिसोदिया ने कई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। जिसमें प्रतिष्ठित बाजारों का पुनर्विकास, फूड ट्रक नीति, दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल, दिल्ली स्टार्टअप नीति, दिल्ली फूड हब का पुनर्विकास और दिल्ली इलेक्ट्रॉनिक सिटी आदि योजनाएं शामिल हैं। पुनर्विकास के लिए बाजारों के चयन के लिए महीने की शुरूआत में गठित चयन समिति ने चयन मानदंड तैयार किए हैं। समिति के भीतर विस्तृत चर्चा की गई है और सर्वोत्तम निर्णयों पर पहुंचने के लिए बाजार-विशिष्ट अध्ययन भी किए जा रहे हैं।

युद्ध स्तर पर काम करते हुए केजरीवाल सरकार की प्रमुख क्लाउड किचन नीति के लिए विभिन्न हितधारकों जैसे क्लाउड किचन ऑपरेटरों, उद्योग विशेषज्ञों और अन्य एजेंसियों को शामिल कर रही है। खाद्य ट्रक नीति भी अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क का अध्ययन करके और विभिन्न आतिथ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों के परामर्श से तीव्र गति से तैयार की जा रही है। स्टेकहोल्डर्स की व्यापक जरूरतों को सुनिश्चित करने और स्पॉट के स्वच्छ और पारदर्शी आवंटन के लिए एक तंत्र स्थापित करने की योजना भी चल रही है। सरकार का मुख्य ध्यान इस नीति के माध्यम से दिल्ली की रात की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर है।

दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल और होलसेल शॉपिंग फेस्टिवल एक और योजना है जो व्यवसायों के साथ-साथ दिल्ली के निवासियों के बीच भी चर्चित है। सरकार दिल्ली के पहले शॉपिंग फेस्टिवल के आयोजन के लिए विभिन्न आवश्यकताओं और तौर-तरीकों को सुव्यवस्थित और संचालित करने के लिए एक कार्य योजना विकसित कर रही है। दिल्ली सरकार बापरोला में स्थापित होने वाले दिल्ली के पहले इलेक्ट्रॉनिक शहर में निमार्ताओं को आकर्षित करने के लिए आवश्यक उचित प्रोत्साहन और अन्य सहायता की पहचान करने पर भी काम कर रही है।

# चप्पल बनाने की फैक्टरी में भीषण आग, लाखों का सामान जला



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली में फैक्टरियों में आग लगने का सिलसिला जारी है। शनिवार सुबह नरेला इलाके में स्थित एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। हादसे में लाखों रुपये का सामान जल गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।


पुलिस मामला दर्ज कर शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जाहिर कर रही है। पुलिस मालिक से पूछताछ कर जानने की कोशिश कर रही है कि फैक्टरी की एनओसी थी या नहीं, इसके अलावा मालिक ने फैक्टरी में आग बुझाने के उपकरण लगा रखे थे या नहीं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 11 बजे पुलिस को नरेला डीएसआईआईडीसी स्थित चप्पल बनाने की फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर फैक्टरी के आसपास के लोगों को बाहर सुरक्षित स्थान पर भेजा और इलाके में बिजली को बंद करवाया।

जिससे करंट लगने का खतरा बना रहता है। दमकल की दर्जनभर गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर घंटों की मशक्कत के बाद पूरी तरह से काबू किया। सर्च ऑपरेशन में दमकलकर्मियों को अंदर से कई टन जला हुआ सामान निकालना पड़ा। फैक्टरी में भारी मात्रा में रबर, ज्वलनशील पदार्थ आग में पूरी तरह से जल गया। जिसमें कई मशीने भी खराब हो गई। आग जिस जगह पर लगी। दीवारों में दरारें तक पड़ गई।

# पुस्तक 'डेटॉक्स द माइंड' का हुआ विमोचन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता






**समझाया**

- संत राजिन्दर सिंह ने पुस्तक में आनंद और शांतिमय जीवन को सहज तरीके से समझाया है

सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने शनिवार को अपनी नई पुस्तक 'डेटॉक्स द माइंड' का विमोचन शिकागो, अमेरिका में आयोजित एक समारोह में किया। पुस्तक विमोचन समारोह में विश्वभर से आए अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि आज के समय में हम सबके जीवन में तनाव, डर और चिंता हर समय बनी रहती है।

जब हमारे जीवन में दुःखों से भरा समय आता है तो उस समय हम आंतरिक सुख और शांति से अनजान रहते हैं। जरा सोचिये यदि जब हम रोज सुबह जागें तो वह दिन ऐसा हो जोकि शांति और आनंद से भरा हुआ हो तो हम समझ सकते हैं कि हम कितना अच्छा अनुभव करेंगे। इन सभी परेशानियों से मुक्त ऐसा जीवन हमारे अंदर हमारा इंतजार कर रहा है। आज दुनियाभर में लाखों लोग आंतरिक खुशी और शांति पाने के लिए अपने मन की सफाई करके ध्यान-अभ्यास की ओर रुख कर रहे हैं। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने इस प्रेरणादायक पुस्तक ह्यडेटॉक्स द माइंडह्व के हरेक अध्याय में एक आनंद और शांतिमय जीवन जीने के एक-एक पहलू को बड़े ही सरल तरीके से खोल-खोलकर समझाया है। पुस्तक के बारे में अधिक जानकारी के लिए और यह पुस्तक आपके जीवन को कैसे बदल सकती है, यह जानने के लिए आप डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू. ऊ३ङ्ग७ळौट्रल्ला.ङ्ग१ वेबसाइट पर जा सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ध्यान-अभ्यास के आध्यात्मिक गुरु संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को उनकी अनेक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। वे मानव एकता सम्मेलन के अध्यक्ष हैं, साइंस ऑफ स्पिरिचुएलिटी के प्रमुख हैं व ध्यान-अभ्यास पर दुनियाभर में सबसे ज्यादा बिकने वाली पुस्तकों के विश्व प्रसिद्ध लेखक हैं, जिनमें ह्यमेडिटेशन एस मेडिकेशन फोर द सोलह्व ध्यान द्वारा आंतरिक व बाहरी शांतिह्व, आत्म शक्ति व दिव्य चिंगारी प्रमुख हैं। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने अपनी इन पुस्तकों में ध्यान-अभ्यास को जिस सरलता से पेश किया है, वह और कहीं भी देखने को नहीं मिलता और जिसका अभ्यास बच्चा हो या बूढ़ा, स्वस्थ हो या बीमार, अमीर हो या गरीब कोई भी कर सकता है।

# चौ. अनिल कुमार ने कांग्रेस कार्यालय में राजीव गांधी जी के 31वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**निर्माता**

- राजीव गांधी 21वीं सदी के आधुनिक भारत के निर्माता थे :चौ. अनिल कुमार

आधुनिक भारत के निमार्ता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 31वीं पुण्यतिथि पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार और अ.भा.क. कमेटी के दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रभारी शक्तिसिन्ह गोहिल ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में राजीव जी तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी।

प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने प्रातः अपने प्रिय नेता राजीव जी के समाधि स्थल वीर भूमि पर भी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री जगदीश टाईटलर, अ0भा0क0कमेटी के एस.सी. विभाग के चैयरमेन राजेश लिलौठिया, पूर्व सांसद रमेश कुमार, अ.भा.क. कमेटी सचिव सी.पी. मित्तल, कम्युनिकेशन विभाग के चैयरमेन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, अल्का लाम्बा, विजय लोचव, कुंवर करण सिंह, अमरीश गौतम, भीष्म शर्मा, वीर सिंह धींगान, जिला अध्यक्ष धर्मपाल चंदेला, मनोज यादव, सतबीर शर्मा, आदेश भारद्वाज तथा विष्णु अग्रवाल, डा0 नरेश कुमार, सुनील कुमार, अनुज आत्रे ने भी राजीव जी को श्रद्धांजलि दी। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि राजीव गांधी जी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने जिनकी दूरदर्शी और परिपक्व सोच की नीतियों ने भारत को वैश्विक स्तर पर तकनीकि क्षेत्र में बराबरी पर लाकर खड़ा किया। आज विश्व में भारत को कम्प्यूटरीकृत तकनीक में आधुनिकता और डिजीटल स्वरुप में जो उच्च स्थान मिला है जिसकी आधारशिला राजीव गांधी ने अपने प्रधामंत्रीत्व काल में रख दी थी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान की भाजपा की केन्द्र सरकार देश की सम्पति को बेचने और वगीकृत विभाजन की सोच रखती है, जबकि राजीव जी यह मानते थी कि राष्ट्र की एकता और अंखडता से बढ़कर कुछ भी नही है, क्योंकि भारत अविभाज्य है। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि राजीव जी 21वीं सदी के आधुनिक भारत के निमार्ता थे। राजीव जी ने शिक्षा के विकास और संचार व तकनीकि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाकर देश की प्रगति में अमिट योगदान दिया। राजीव जी ने 18 वर्ष के युवा को मतदान का अधिकार देकर लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदार बनाया तथा गांवों को शासन में प्राथमिकता देने हेतु पंचायती राज की शुरूआत की।

राजीव जी ने महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को संसद, विधानसभा और रोजगार में 33 प्रतिशत के आरक्षण का अधिकार दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजीव जी ने देश की युवा शक्ति को बढ़ावा देने और युवाओं को रोजगार मुहैया कराने लिए हमेशा प्रयासरत रहे और उन्होंने जवाहर रोजगार योजना की शुरूआत की।

# फुटपाथ पर सो रहे दिव्यांग पर चढ़ाई कार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




**जानकारी**

- तेज रफ्तार ह्यूंडाई वेन्यू कार फुटपाथ पर सो रहे दीनानाथ पर चढ़ा दी गई
- वह मंदिरों में खाना खाकर अपना पेट पालते हैं
- वह ट्राइसाइकिल की मदद से चलते हैं

रोहिणी जेल के सामने फुटपाथ पर सो रहे दिव्यांग पर शराब के नशे में धुत कार सवार ने देर रात गाड़ी चढ़ा दी। हादसे में घायल बुजुर्ग की पहचान 70 वर्षीय दीनानाथ के रूप में हुई है। दीनानाथ को अंबेडकर अस्पताल में इलाज के बाद फुटपाथ पर वापस भेज दिया गया है। फिलहाल इस मामले में कोई केस दर्ज नहीं किया गया है।

घटना के चश्मदीद व दीनानाथ के साथ झुग्गी में ही रह रहे बिहार के सीतामढ़ी के बेलसम गांव के छेदीलाल उर्फ शत्रुघ्न ने बताया कि देर रात को वह दीनानाथ व दीनानाथ का भाई पवन सो रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार ह्यूंडाई वेन्यू कार फुटपाथ पर सो रहे दीनानाथ पर चढ़ा दी गई। हादसे के वक्त मौत को बिल्कुल पास से देखने वाले छेदीलाल ने बताया कि कार का आगे का हिस्सा उनके सिर पर सट गया था, लेकिन गनीमत रही कि उन्हें चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार मूल रूप से बिहार के नालंदा के खोड़ातला गांव के रहने वाले दीनानाथ दो वर्ष से रोहिणी जेल रोड से बादली की ओर जाते समय जेल के सामने फुटपाथ पर रह रहे हैं। साथ में उनका भाई पवन रहता है। वह मंदिरों में खाना खाकर अपना पेट पालते हैं। पीड़ित दीनानाथ ने बताया जब हादसा हुआ तो गाड़ी के दो पहिये सड़क पर ही थे, जबकि दो पहिये उनके पैरों के ऊपर से उतर गए। इसके बाद उन्हें अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज किया गया व एमएलसी भी बनी। दीनानाथ के पैरों का एक्स रे भी किया गया। दीनानाथ ने आरोप लगाया कि उनसे एमएलसी पर ही अंगूठा लगवाकर यह लिखवा लिया, मुझे चोट खुद की गलती से लगी है मुझे कोई पुलिस कार्रवाई नहीं करनी है। छेदीलाल ने बताया कि दीनानाथ पहले ही पैरों से दिव्यांग हैं और उनके पैरों पर ही गाड़ी चढ़ा दी गई। वह ट्राइसाइकिल की मदद से चलते हैं। अब उनके पास खाने के लिए कुछ भी नहीं है। दर्द से एक तरफ दीनानाथ कर्राह रहे हैं तो दूसरी ओर उनके भाई पवन। क्योंकि पवन को काफी दिन से पेट में परेशानी चल रही थी। छेदीलाल शुक्रवार को ही पवन के पेट का आपरेशन करवाने के लिए उसे अस्पताल लेकर गए थे। शाम के समय दोनों अस्पताल से लौटे हैं। छेदीलाल ने बताया कि कार में एक अधेड़ व एक महिला सवार थी। अधेड़ गाड़ी चला रहा था और नशे में धुत था। महिला का नहीं पता कि उसने शराब पी रखी थी या नहीं। इसके बाद पुलिस आई व कार चालक व दीनानाथ दोनों को लेकर चली गई। इस दौरान महिला कार में ही बैठी रही। फुटपाथ पर कार चढ़ाने का वीडियो भी काफी वायरल हो रहा है। जिसमें दिख रहा है कि फुटपाथ पर वेन्यू कार (डीएल 8सी बीडी4898) के दो पहिये चढ़े हुए हैं। पास ही दीनानाथ की झुग्गी भी दिखाई दे रही है।

# ज्ञानवापी 'शिवलिंग' मामले में दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो. रतन लाल को जमानत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**मामला**

- उनके खिलाफ गैर जमानती धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था
- दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रतन लाल के खिलाफ नार्थ डिस्ट्रिक्ट के साइबर सेल में एफआईआर दर्ज करवाई गई थी

वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद में कथिततौर पर 'शिवलिंग' जैसी संरचना मिलने पर दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रतन लाल दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी है। हालांकि दिल्ली पुलिस ने प्रोफेसर की जमानत का विरोध किया था। दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रतन लाल के खिलाफ नार्थ डिस्ट्रिक्ट के साइबर सेल में एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। जिस पर आज उन्हें साइबर पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था।

दिल्ली विश्वविद्यालय में हिन्दू कॉलेज के प्रोफेसर रतन लाल ने सोशल मीडिया पर ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग की तस्वीर के साथ विवादित पोस्ट करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसके बाद आज प्रो. रतन लाल को गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस के मुताबिक, एसोसिएट प्रोफेसर रतन लाल को भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए (धर्म, जाति, जन्मस्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य फैलाने) और 295ए (धर्म का अपमान कर किसी वर्ग की धार्मिक भावना को जानबूझकर आहत करना) के तहत गिरफ्तार किया गया है। साइबर पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी की थी। दरअसल, ज्ञानवापी मस्जिद परिसर से मिले 'शिवलिंग' को लेकर दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रतन लाल ने विवादित पोस्ट किया था।

इसके बाद इस मामले पर काफी हंगामा हुआ था। रतन लाल के खिलाफ बुधवार को एफआईआर दर्ज की गई थी। उनके खिलाफ गैर जमानती धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। उनकी पोस्ट सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज की गई थी।

### फल कारोबारी के घर से आठ लाख चोरी

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के महेन्द्रा पार्क इलाके में फल कारोबारी के घर का ताला तोड़कर आठ लाख रुपये चोरी हो गए। वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता बिट्टू पांडेय सराय पीपल थला आजादपुर इलाके में किराये के मकान पर रहता है। वह मूलरूप से गांव नसीरपुर,बलिया यूपी का रहने वाला है। उसका आजादपुर फल मंडी में फल का कारोबार है। बिट्टू ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह चार बजकर 25 मिनट पर मंडी के लिये निकल गया था। करीब सात बजे मकान मालिक विजेन्द्र का उसको फोन आया। जिन्होंने बताया कि घर के मैन गेट का ताला और कुंडी फर्श पर पड़ी है। दरवाजा भी खुला हुआ है। वह तुरंत मौके पर पहुंचा। जिन्होंने बताया कि सुबह सात बजे वह छत पर पानी की टंकी को देखने गया था। तभी उसने कमरे के गेट पर लगी कुंडी और ताला एक तरफ पड़े हुए देखा था।

# दिल्ली सरकार को स्कूलों में छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन देने के निर्देश के लिए याचिका दायर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




**निर्देश**

- डीओई ने एक परिपत्र के माध्यम से सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रमुखों को छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित करने का निर्देश दिया था

दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर दिल्ली सरकार को राष्ट्रीय राजधानी के सभी सरकारी स्कूल में छात्राओं के लिए सैनिटरी नैपकिन की सुविधा तत्काल बहाल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई होने की संभावना है।

गैर सरकारी संगठन सोशल जूरिस्ट द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि जनवरी 2021 से शिक्षा निदेशालय (डीओई) दिल्ली के सरकारी स्कूल की छात्राओं को किशोरी योजना के तहत सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध नहीं करा रहा है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ता अशोक अग्रवाल और कुमार उत्कर्ष के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि डीओई ने किशोरी योजना को अपनाया था, जिसके तहत दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को उनकी व्यक्तिगत स्वच्छता और सामान्य स्वास्थ्य बनाए रखने तथा पढ़ाई में बाधा को दूर करने के लिए सैनिटरी नैपकिन प्रदान किए जाने थे। याचिका में कहा गया, डीओई ने एक परिपत्र के माध्यम से सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रमुखों को छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित करने का निर्देश दिया था।

याचिका में कहा गया है कि छात्राओं के लिए सैनिटरी नैपकिन सुविधा की बहाली उनकी व्यक्तिगत स्वच्छता और सामान्य स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसकी गैरमौजूदगी में उनकी शिक्षा और उपस्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। याचिका में दलील दी गई है कि डीओई की ओर से सैनिटरी नैपकिन प्रदान नहीं करने की कार्रवाई तर्कहीन, अनुचित, मनमाना, संविधान के तहत प्रदत्त शिक्षा के मौलिक अधिकार के साथ निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार कानून तथा दिल्ली स्कूल शिक्षा कानून का भी उल्लंघन है।

# एमसीडी चुनाव टालकर लोकतंत्र की हत्या कर दी : जयकिशन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली में तीनों निगमों को एक किए जाने के बाद 22 मई से एकीकृत निगम की व्यवस्था लागू हो जाएगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने निगम के लिए स्पेशल ऑफिसर और ज्ञानेश भारती को निगम का कमिश्नर भी नियुक्त कर दिया है।

जो 22 मई से ही अपना कार्यभार संभाल रहे हैं। इसके बाद 22 मई से दिल्ली के सभी निगम पार्षद पूर्व पार्षद हो जाएंगे। हालांकि चुनाव होने तक कार्यकाल बढ़ाने की भी मांग हो रही है, लेकिन इस पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। ऐसे में दिल्ली में निगम के अंतर्गत आने वाले कामकाज की स्थिति क्या होगी। यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है। इसको लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जयकिशन ने बीजेपी पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता जयकिशन ने बीजेपी पर चुटकी लेते हुए कहा कि बीजेपी तानाशाही दिखा रही है। दिल्ली में निगम के चुनाव टालकर लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास किया है। जिसे कांग्रेस बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि दिल्ली की आबादी में कदर इजाफा हुआ है कि तीन की जगह एक एमसीडी किए जाने के बाद यह दिल्ली की जनता के साथ धोखा होगा। उन्होंने कहा कि निगम के एकीकृत हो जाने के बाद भाजपा का एकछत्र राज हो जाएगा। और अब बीजेपी तानाशाही अंदाज में सभी फैसले लेगी। 22 मई से सभी निगम पार्षदों का कार्यकाल भी समाप्त हो जाएगा। जिसके बाद कहीं न कहीं इसके बाद निगम के अंतर्गत आने वाले कामकाज पर भी असर पड़ेगा। जिसका खामियाजा दिल्लीवासियों को भुगतना पड़ सकता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 22 मई, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### स्मैक नहीं दी तो महिला के हाथ पैर बांधकर कर दी थी हत्या,

नई दिल्ली। बाहरी जिले के रनहौला इलाके में बीते 14 मई को एक महिला की उसी के घर में हाथ पैर व मुंह बंधी हालत में मिली लाश की वारदात में पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिससे महिला ने पहले लिफ्ट ली और फिर उसको स्मैक देने का वादा किया था, लेकिन घर पहुंचने पर महिला ने अपना वादा पूरा नहीं किया। जिसके बाद गुस्से में बदमाश ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी और उसका पर्स व फोन लेकर फरार हो गया। आरोपित की पहचान आनंद विहार पुराना उत्तम नगर निवासी दिनेश शर्मा उर्फ काकू के रूप में हुई है। आरोपित पिछले साल नवंबर महीने में ही जेल से बाहर आया था।

### आइसा ने हिंदू कॉलेज के प्रोफेसर की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। वाम दलों से संबद्ध छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को हिंदू कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर रतन लाल की गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय के बाहर प्रदर्शन किया। लाल को वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के अंदर शिवलिंग पाए जाने के दावों को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में शुक्रवार की रात गिरफ्तार किया गया था। छात्र कार्यकर्ता तख्तियां लिए हुए थे जिन पर लिखा था, हमारे शिक्षकों पर हमला बंद करो, लोकतांत्रिक आवाज पर अंकुश लगाना बंद करो और प्रोफेसर रतन लाल को रिहा करो। प्रदर्शन के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने कहा कि जिला पुलिस के अलावा महिला पुलिसकर्मियों सहित बाहरी सुरक्षा बल की चार कंपनियां तैनात की गई हैं।

### जेठ ने महिला की चाकू गोदकर की हत्या, भतीजे को भी किया घायल

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंदनगरी इलाके से हत्या का एक मामला सामने आया है। जहां जेठ ने अपने छोटे भाई की पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि मृतका जरीना अपने पति इकराम को नशा मुक्ति केंद्र भेजना चाहती थी। जिसका विरोध उसका जेठ कर रहा था। दोनों परिवारों के बीच लड़ाई हो गई। जिसमें आरोपी ने जरीना को और उसके बेटे इमरान को चाकू मार दिया। जरीना की अस्पताल में मौत हो गई। इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज चल रहा है। देर रात एक जेठ ने अपने छोटे भाई की पत्नी व भतीजे पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें जरीना 45 साल की दर्दनाक मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

### शहाबुदीन के बेटे संग गैंगवार में शामिल बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बिहार में शहाबुद्दीन के बेटे के साथ मिलकर एके-47 से हमला करने वाले एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान आजाद अली के रूप में की गई है। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई थी जबकि सात लोग घायल हुए थे। बिहार में दो गुटों के बीच चल रही गैंगवार के चलते इस हमले को अंजाम दिया गया था। डीसीपी जसमीत सिंह के अनुसार स्पेशल सेल के इंस्पेक्टर शिवकुमार को सूचना मिली थी कि बिहार का कुख्यात गैंगस्टर आजाद अली कई मामलों में वांछित चल रहा है। विधान परिषद चुनाव के दौरान हुए शूटआउट में वह शामिल था। वह दिल्ली एनसीआर में छिपा हुआ है। इस जानकारी पर पुलिस टीम उसकी तलाश कर रही थी। 20 मई को पुलिस टीम को सूचना मिली कि आजाद अली राजघाट पर रिंग रोड के समीप आएगा। इस जानकारी पर बिहार की स्पेशल टास्क फोर्स और स्पेशल सेल की जॉइंट टीम वहां पर तैनात की गई।

### धूलकणों के चलते खराब श्रेणी में दिल्ली की हवा

नई दिल्ली। वातावरण में मौजूद धूल कणों के चलते दिल्ली की हवा शनिवार के दिन खराब श्रेणी में रही। दिल्ली के ज्यादातर निगरानी केन्द्रों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के अंक से ऊपर रहा। सफर का अनुमान है कि अगले तीन दिनों तक प्रदूषण का स्तर लगभग ऐसा ही बना रहेगा।

# व्यक्ति को वास्तविक अर्थों में ज्ञान ही मानव बनाता है : आरिफ मोहम्मद

समारोह
● केरल के राज्यपाल ने दिल्ली विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह पर रखे विचार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को ज्ञान देती है और यह ज्ञान ही व्यक्ति को वास्तविक अर्थों में मानव बनाता है। शिक्षा ही व्यक्ति को सशक्त बनाती है, लेकिन यह उसका संस्कार है जो उसे ज्ञान का उपयोग दूसरों के लाभ के लिए करने हेतु निर्देशित करता है। खान ने कहा कि सच्चे अर्थों में विद्वान वही होता है जिसके पास मूल्यों का बोध होता है।

आरिफ मोहम्मद खान दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा स्वराज से नव-भारत तक विचारों का पुनरावलोकन विषय पर इस तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। शताब्दी समारोह के हिस्से के रूप में, स्वराज से नए भारत के विचारों पर पुनरीक्षण पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा किया जा रहा है। संगोष्ठी के समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आईसीसीआर के अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे उपस्थित रहे जबकि समारोह की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। मोहम्मद खान ने अपने संबोधन में शिक्षा और ज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि गुलामी की लंबी अवधि के बावजूद, भारत प्राचीन काल के अपने ज्ञान को बचाने और उसकी रक्षा करने में सक्षम रहा है। विवेकानंद और रविंद्र नाथ टैगोर के समय से ही हमारे लोकाचार और मार्गदर्शक सिद्धांत, जो हमारी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को दर्शाते हैं, एक समावेशी भारत के विचार की ओर इंगित करते रहे हैं। उन्होंने विवेकानंद के विचारों का विश्लेषण करते हुए कहा कि आनंद जीवन का मूल नहीं है, बल्कि जीवन का लक्ष्य ज्ञान की खोज है। जीवन में शिक्षा को परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली उपकरण बताते हुए मोहम्मद खान ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में परिवर्तन ला सकती है। जीवन का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करना होना चाहिए आवार ज्ञान का उद्देश्य सेवा आवार विविधता में एकता का विकास करना है।

धर्म पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि धर्म का अर्थ बहुत ही व्यापक है, लेकिन इसकी व्याख्या हमेशा गलत तरीके से केवल रिलिजन के रूप में की गई और रिलिजन को ही पहचान चिन्ह मान लिया गया, जोकि समस्याएं पैदा करता है। इसे ठीक करने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने शिक्षाविदों से बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाएं आवार शिक्षक वर्ग इस दृष्टिकोण को बदलने में मुख्य दायित्व निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच जातिवाद और अलगाव भावना को खत्म करके सामूहिक भावना से मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा से जुड़ जाएं, बाकि सब खुद आता जाएगा।

शिक्षा ही आपको सशक्त बनाएगी। शिक्षा की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि त्याग और मानवता की सेवा की अनुभूति ज्ञान से ही होती है और विद्वान वही होता है जिसके पास इन मूल्यों का सही बोध होता है। उन्होंने अंत में शिक्षक समुदाय से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों अपने सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति अधिक जागरूक करें, यही भावी भारत के समग्र विकास में योगदान देगा। समापन समारोह के दौरान अपने स्वागत भाषण में डीयू कुलपति प्रो योगेश सिंह ने कहा कि इस तीन दिवसीय संगोष्ठी से निकले विचारों को अमल में लाना होगा क्योंकि बिना कार्रवाई के विचारों का कोई अर्थ नहीं होता। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षण संस्थान और विश्वविद्यालय ही गहन शोध के माध्यम से प्रौद्योगिकी के निर्माता होंगे, और तकनीक ही भारत को विश्व गुरु बनाने की क्षमता रखती है। आज के दिन सभी भारतीयों का यही सपना है कि देश विश्वगुरु बने। प्रो सिंह ने कहा कि अनुसंधान, विकास, सहयोग अथवा खरीद के माध्यम से तकनीक हासिल करनी होगी क्योंकि आयात का न केवल आर्थिक प्रभाव पड़ता है, बल्कि यह दर्शाता है कि हम अपनी अक्षमता के लिए भुगतान कर रहे हैं। विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों और योजनाओं के माध्यम से आने वाले विचारों के महत्व पर जोर देते हुए, सिंह ने विश्वविद्यालय और इसकी शिक्षा और मूल्य प्रणाली को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

### के. चंद्रशेखर राव और केजरीवाल ने मोती बाग में सरकारी स्कूल का दौरा किया

नई दिल्ली। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और दिल्ली के उनके समकक्ष अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के मोतीबाग इलाके स्थित सरकारी स्कूल पहुंचकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार द्वारा सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली में किये गए सुधारों की समीक्षा की। केजरीवाल तथा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने राव और उनकी पार्टी के नेताओं का सर्वोदय विद्यालय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में स्वागत किया और स्कूल का दौरा कराया। प्रतिनिधिमंडल ने अन्य सुविधाओं के साथ-साथ कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और छात्रों के खेल क्षेत्र का भी जायजा लिया। केजरीवाल ने राव को दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधारों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता के कारण कई निजी स्कूलों के छात्र सरकारी स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं। केजरीवाल ने राव से कहा, हमारे पास लगभग 1,100 स्कूल हैं और उनमें लगभग 18 लाख विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। पहले यह संख्या 16 लाख थी, लेकिन अब, शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार के कारण, निजी स्कूलों के कई विद्यार्थी हमारे सरकारी स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं। दिल्ली शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने आप सरकार द्वारा इस क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों के संबंध में एक प्रस्तुति भी दी।

# आज सारी दुनिया वेदों में निहित ज्ञान विज्ञान पर कर रही शोध : प्रो. वलराम

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

आज के वैज्ञानिक युग में हमारे सामने कई ऐसी चुनौतियां हैं जिनका का मुकाबला तभी किया जा सकता है जब प्राचीन और आधुनिक विज्ञान को एक साथ रखा जाए। आज सारी दुनिया वेदों में निहित ज्ञान विज्ञान पर शोध कर रही है। हमारे खरों वेद जो मानव मात्र के मूल हैं ये ही विज्ञान है ये ही साहित्य हैं ये ही सम्पूर्ण जीवनधारा है। वेदों में निहित ज्ञान आयुर्वेद, योग, वास्तु और प्राकृतिक चिकित्सा की ओर सभी लोग आकर्षित हो रही है। ये सभी हमारे प्राचीन ग्रंथ वेदों में उपलब्ध हैं। जिसे महर्षि पाणिनि, चरक, सुश्रुत, महर्षि पतंजलि जैसे मुनियों ने संस्कारित किया है।

ये विचार दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा देश की आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में संस्कृत नवोन्मेष व्याख्यानमाला के अन्तर्गत वैदिक वाङ्मय का वैज्ञानिक पक्ष एंव आधुनिक सन्दर्भ में उपयोगिता आधुनिक प्ररिप्रेक्ष्य में बौद्ध दर्शन की उपयोगिता विषय पर आयोजित व्याखानमाला के मुख्य वक्ता प्रो.बलराम सिंह, अमेरिका स्थित मैसाचुसेट्स डार्टमाउथ विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर इंडिक स्टडीज के संस्थापक निदेशक ने व्यक्त किये। सम्पूर्ण विश्व की समस्त प्राचीन साहित्यों में संस्कृत भाषा में लिखे गये वेदों का सर्वप्रथम और उच्च स्थान है। विश्व-साहित्य की पहली पुस्तक ऋग्वेद आधुनिक विज्ञान का मूल है है। संस्कृत एवं वेदों के अध्ययन किये बिना आधुनिक विज्ञान का पूर्ण ज्ञान कभी सम्भव नहीं है।

इस अवसर पर अकादमी के सचिव डॉ. अरुण कुमार झा ने कहा कि रसायन शास्त्र का प्रारंभ वैदिक युग से माना गया है। प्राचीन ग्रंथों में रसायन शास्त्र के ह्यरसह्ल का अर्थ होता था-पारद। रसायनशास्त्र के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के खनिजों का अध्ययन किया जाता था। वैदिक काल तक अनेक खनिजों की खोज हो चुकी थी तथा उनका व्यावहारिक प्रयोग भी होने लगा था। परंतु इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा काम नागार्जुन नामक बौद्ध विद्वान ने किया। उनका काल लगभग 280-320 ई. था। उन्होंने एक नई खोज की जिसमें पारे के प्रयोग से तांबा इत्यादि धातुओं को सोने में बदला जा सकता था। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुये डॉ. कान्ता भाटिया ने कहा किज्योतिषशास्त्र - ज्योतिष वैदिक साहित्य का ही एक अंग है। इसमें सूर्य, चन्द्र, पृथ्वी, नक्षत्र, ऋतु, मास, अयन आदि की स्थितियों पर गंभीर अध्ययन किया गया है। इस विषय में हमें वेदांग ज्योतिष नामक ग्रंथ प्राप्त होता है। वेद से ही विज्ञान निकला है।

### ओ.बी.सी आयोग के चेयरमैन को कमल किशोर ने दी जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली। दिल्ली ओ.बी.सी आयोग के चेयरमैन जगदीश यादव के जन्मदिन पर दिल्ली ओ.बी.सी आयोग के नई दिल्ली ने संयोजक कमल किशोर ने रामदरबार की प्रतिमा देकर जन्मदिन की बधाई दी। कमल किशोर ने चेयरमैन जगदीश यादव के स्वस्थ और दीघार्यु की कामना करते हुए कहा कि आज जगदीश यादव समतामूलक समाज की स्थापना के लिए समाज के सभी वर्गों खासकर पिछड़ा वर्ग को लेकर जो काम कर रहे हैं ऐसा कहीं और देखने को नहीं मिला है। आज हम सभी उनके मार्गदर्शन में समाज को आगे बढ़ाने व पिछड़ा वर्ग के अधिकारों की दिलाने की दिशा में काम कर रहे ह हैं। इस मौके पर दिल्ली ओ.बी.सी आयोग के चेयरमैन जगदीश यादव ने जन्मदिन की बधाई देने आये कार्यकताओं व आयोग के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि में आज प्रसन्न हूँ की हमारा इतना बड़ा परिवार आज एक साथ बधाई देने आया है। उन्होंने कहा की समाज में जाकर देश के निर्माण में पिछड़ा वर्ग को आगे बढ़ाने का काम हम सभी को करना है इसके लिए हमको अपने निरंतर प्रयास जारी रखने होंगे।

# दक्षिणी नगर निगम ने आरंभ की ग्रासरूट फुटबॉल अकादमी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल खेलो इंडिया एवं एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है की संकल्पना से प्रेरणा लेते हुए दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने अपने नजफगढ़ क्षेत्र के डॉ. साहिब सिंह वर्मा स्टेडियम ककरौला में ग्रासरूट फुटबॉल अकादमीह्व आरंभ की है। इस अकादमी को आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को उत्कृष्ट खेल ढांचा उपलब्ध कराना है जिससे वहां मौजूद फुटबॉल टैलेंट निखर कर सामने आ सके।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में छात्रों के लिए खेलों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करते हुए दक्षिणी निगम के शिक्षा विभाग ने डॉ. साहिब सिंह वर्मा स्टेडियम ककरौला में फुटबॉल अकादमी आरंभ की है। स्पोर्ट्स सेल के अंतर्गत इस अकादमी को सुचारू रूप से चलाने के लिए 4 फुटबॉल प्रशिक्षक एवं सहायक अनुबंध आधार पर नियुक्त किए गए हैं। ये प्रोजेक्ट 4 क्लस्टर बनाकर आरंभ किया गया है। दक्षिणी निगम के विद्यालयों में ग्रामीण एवं वंचित वर्ग के छात्रों के लिए खेल सुविधाओं का निर्माण करना वक्त की मांग है तथा प्राथमिक स्तर पर पाठ्यक्रम में खेलों को सम्मिलित करने से छात्रों का शारीरिक विकास भी अच्छा होगा वहीं दूसरी ओर देश में पेशेवर खेलों के क्षेत्र में भी विकास होगा। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की इस परियोजना को नजफगढ़ क्षेत्र में चार क्लस्टर बनाकर क्रमशः ककरौला, झाड़ौदा, पोचनपुर और सुरहेया में आरंभ किया है जिसमे प्रत्येक क्लस्टर में 3 विद्यालय होंगे। अभी वर्तमान में ककरौला 1, ककरौला 2, घासीपुरा, झड़ौदा बाल, झड़ौदा कन्या, दिचाऊं बाल, दिचाऊँ कन्या, पोचनपुर बाल, पोचनपुर कन्या, विद्यालयों के बच्चे इसमें शामिल किए गए हैं। ककरौला स्टेडियम में शाम के 4 बजे से 7 बजे तक इन बच्चों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। दक्षिणी निगम की इस परियोजना के अंतर्गत नजफगढ़ क्षेत्र के लगभग 60 अध्यापकों के लिए फुटबॉल प्रशिक्षण कैम्प भी आयोजित किया गया जिससे ये सभी शिक्षक अपने अपने विद्यालय से बच्चों को चुनकर स्टेडियम तक ला सके। ये निगम के इतिहास में पहली बार हुआ है जब निगम के बच्चो के लिए कोई ऐसी स्पोर्ट्स अकादमी आरंभ की गई है।

# पूर्वी निगम मेयर ने कार्यकाल के आखिरी अलग-अलग मुद्दों पर निगम अधिकारियों के साथ बैठक की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल को शिकायत मिली थी कि मंडावली ईस्ट स्कूल ब्लॉक (अल्ला कॉलोनी) इलाके में एक पार्किंग अवैध रूप से चल रही है। इस सूचना पर निगम अधिकारियों को लेकर वह पार्किंग में पहुंचे, निरीक्षण करने पर पता चला कि पार्किंग अवैध रूप से चल जा रही है, पार्किंग का टेंडर खत्म हो चुका है। इसके बावजूद पार्किंग में गाड़िया पार्क कर वसूली की जा रही है। इस जानकारी के सामने आने पर श्याम सुंदर अग्रवाल भड़क उठे और उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जब विभाग ने 11 अक्तूबर को ही पार्किंग ठेकेदार को पार्किंग खाली करने का नोटिस दिया गया तो फिर पार्किंग कैसे चलाया जा रहा था, अधिकारियों क्यो आंखे मूंदे बैठे थे। श्याम सूंदर अग्रवाल ने बताया कि उन्हें निगम अधिकारियों ने जानकारी दी है की पार्किंग का टेंडर पूरा होने के बाद भी पार्किंग संचालक को उसे खाली करने का नोटिस दिया गया लेकिन अधिकारीओ की मिली भगत से अवैध पार्किंग चल रही है जिससे लाखो रुपए का निगम को नुकसान हुआ है,इस मामले में अधिकारियों को पार्किंग को सील कर गाड़ी जप्त करने का आदेश दिया गया है,अवैध रूप से पार्किंग चलाने में लिप्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी प्रोपर्टी अटैच करने का भी निर्देश दिया गया है,साथ ही पूरे मामले की जांच विजलेंस से कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है मेयर ने कमिश्नर को भी इस संबंध में पत्र लिखा है उन्होंने कहा पूर्वी दिल्ली नगर में आर्थिक संकट से गुजर रही है ऐसे में कोई निगम को नुकसान पहुंचाए बर्दास्त नही किया जायेगा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।

# प्रेस क्लब ऑफ इंडिया का चुनाव संपन्न

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली में आज प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के लिए चुनाव हुआ। सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लंबी कतारों में देखे गए। इस दौरान क्लब में भाड़ी भीड़ लगी रही। चुनाव के मद्देनजर क्लब में विशेष व्यवस्था की गयी थी। सूत्रों के मुताबिक इस चुनाव में पत्रकारों ने इस बार बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया पहले से अधिक वोटिंग हुई जिस कारण परिणाम को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं निवर्तमान पैनल उमाकांत लखेड़ा, दूसरा पैनल संजय बसाक और तीसरा पैनल रासबिहारी के समर्थकों की भारी भीड़ रही और तीनों पैनलों के अलावा स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में भी कई पत्रकारों ने अपना भाग्य आजमाया। वोटिंग 6:00 बजे शाम तक अच्छी खासी रही। कल परिणाम आने की संभावना है।

### स्वाइप मशीन से फजीर्वाड़ा करने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले की साइबर थाना पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर स्वाइप मशीन से रुपये ट्रांसफर करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी 29 वर्षीय फिरोज खान से वारदात में प्रयोग मोबाइल फोन और सिमकार्ड बरामद किया है। पुलिस पूछताछ कर गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। डीसीपी संजय कुमार सैन ने बताया कि 20 अप्रैल को डोली नाम की एक महिला ने साइबर थाने में शिकायत दी थी। उन्होंने बताया था कि न्यू उस्मानपुर के एक एटीएम बूथ में रुपये निकालने गई थी। जहां दो-तीन युवक पीछे से बूथ में पहुंच गए। रुपये निकालने में मदद करने के बहाने उन्होंने कार्ड बदल लिया। उनके बैंक खाते से थोड़ी देर बाद 61 हजार रुपये निकालने का मैसेज आया।

अनुरोध वन संरक्षण अधिनियम के तहत जारी दिशा-निर्देशों में ढील देनी चाहिए : एजेंसी (भूमि-स्वामित्व)

# दिल्ली में भूमि की कमी, केंद्र पड़ोसी राज्यों में प्रतिपूरक वनीकरण की अनुमति दे : डीडीए

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी में भूमि की कमी के मद्देनजर पड़ोसी राज्यों में शुरू की गई सभी परियोजनाओं के लिए प्रतिपूरक वनीकरण (सीए) की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

भूमि-स्वामित्व वाली एजेंसी ने कहा कि मंत्रालय को कम से कम वन संरक्षण अधिनियम के तहत जारी दिशा-निर्देशों में ढील देनी चाहिए, ताकि पड़ोसी राज्यों में निम्नीकृत वन भूमि पर केंद्र और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कार्यान्वित परियोजनाओं के लिए प्रतिपूरक वनीकरण की अनुमति दी जा सके। मंत्रालय को लिखे अपने पत्र में डीडीए ने वन संरक्षण अधिनियम की पुस्तिका के अध्याय 2 के पैराग्राफ 2.3 (पांच) का हवाला दिया। इस पैराग्राफ के मुताबिक असाधारण मामलों में जहां गैर-वन भूमि/निम्नीकृत वन भूमि जैसा भी मामला हो, विशेष प्रावधान हैं। इसमें कहा गया है, यदि उस राज्य-केंद्र शासित प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण उपलब्ध नहीं कराया जाता, जहां कि वन भूमि के उपयोग में बदलाव प्रस्तावित है, तो प्रतिपूरक वनीकरण के लिए किसी अन्य राज्य-केंद्रशासित प्रदेश की भूमि की पहचान की जा सकती है, हो सके तो पड़ोसी राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में ही भूमि की पहचान की जाए। डीडीए द्वारा मंत्रालय को लिखे गए पत्र में कहा गया यह प्रस्तावित है कि मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पैरा 2.3 (पांच) में सामान्य तौर पर दिल्ली के लिए ढील दी जा सकती है और पड़ोसी राज्यों में प्रतिपूरक वनीकरण की अनुमति दी जा सकती है। वन संरक्षण अधिनियम के तहत जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रयोक्ता एजेंसी की कीमत पर प्रतिपूरक वनीकरण उपयुक्त गैर-वन भूमि पर किया जाना है, जो उपयोग परिवर्तन के लिए प्रस्तावित भूमि के क्षेत्र के बराबर है। केंद्र या सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा कार्यान्वित परियोजनाओं के मामले में, निम्नीकृत भूमि पर प्रतिपूरक वनीकरण किया जा सकता है, लेकिन इस स्थिति में उपयोग परिवर्तन के लिए प्रस्तावित भूमि के दोगुने के बराबर वनीकरण करना होगा। डीडीए ने कहा मंत्रालय पड़ोसी राज्यों दिल्ली में वन भूमि पर केंद्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कार्यान्वित परियोजना के लिए सीए की अनुमति देने पर विचार कर सकता है। डीडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली के मास्टर प्लान के तहत मनोरंजन के लिए अधिग्रहित भूमि उपयोग के लिए 15 प्रतिशत क्षेत्र को अलग रखने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत सभी पार्क, हरित पट्टी और जंगलों का रखरखाव किया जाता है। उन्होंने वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा प्रकाशित नवीनतम वन रिपोर्ट के हवाले से कहा मनोरंजक हरित उपयोग के लिए पहचाने गए 15 प्रतिशत क्षेत्र के मुकाबले, राजधानी में कुल वन और वृक्षों का आवरण अब 23 प्रतिशत से अधिक है। डीडीए के पत्र में कहा गया है, मास्टर प्लान के तहत चिन्हित किए गए अधिकांश मनोरंजक हरित क्षेत्र पहले से ही वृक्षों से भरे पड़े हैं। दिल्ली के नागरिकों की बुनियादी विकास संबंधी जरूरतों के लिए छोटे टुकड़ों में उपलब्ध अन्य खाली भूमि आवश्यक हैं। पत्र में यह भी कहा गया कि दिल्ली में 1990 के बाद से कोई भूमि अधिग्रहण नहीं हुआ है। डीडीए को अब मास्टर प्लान के तहत चिह्नित किए गए हरित क्षेत्रों में से प्रतिपूरक वनरोपण के लिए भूमि की आवश्यकता को पूरा करना बहुत मुश्किल हो रहा है।

### युवा किसी भी राष्ट्र की बहुमूल्य संपत्ति : डॉ. वेद

नई दिल्ली। स्पर्धा के इस दौर में कोई शैक्षणिक पद प्राप्त करना अत्यंत कठिन हो गया है, हताश होने के कारण आज की युवा को सफलता नहीं मिलती है परिणाम स्वरूप ध्रूमपान, नशा करने लगते हैं और गलत आदतों में फस जाते हैं। ऐसे ही युवाओं को सही रास्ता दिखाने के लिए शनिवार को दक्षिणी दिल्ली स्थित इस्कॉन मंदिर में डेंजर इन एंगर नामक प्रोग्राम के जरिए युवाओं को आध्यात्मिक ज्ञान दिया गया। प्रोग्राम में लगभग 500 युवक सम्मिलित हुए, जिसमें कमल वंदना गुरुग्राम ट्रिनिटी शिक्षण संस्थान समूह के चेयरमैन डॉ. वेद टंडन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान डॉ. टंडन ने कहा कि वर्तमान युग कंपटीशन का युग है। सीमित साधन होने के कारण से टफ कंपटीशन है। सफलता न मिलने पर कई बार हमारे युवाओं के मन में निराशा, हताशा उत्पन्न हो जाती है जो उन्हें पथभ्रष्ट कर अनेक बुरी आदतों का शिकार बना कर समाज और राष्ट्र को बहुत हानि पहुंचाती है। युवा किसी भी राष्ट्र की बहुमूल्य संपत्ति होते हैं। आज जिस तेजी से तकनीक का विकास हुआ है। मोबाइल क्रांति हुई है।

# पंजाबी परमोशन काउंसिल द्वारा पंजाबीयत सेवा अवार्ड

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पंजाबी परमोशन काउंसिल पंजाबीयत की सेवा में लगे पत्रकारों, पंजाबी भाषा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 10वीं और 11वीं कक्षा के स्कूली बच्चों के इलावा कोरोना काल के दौरान अपनी जान पर खेल कर मानवता की सेवा करने वाले डाक्टरर्स को करेगी सम्मानिन्त। तिहाड़ जेल में बंद कैदियों को भी पंजाबी सिखलाई के साथ साथ कंप्यूटर ट्रेनिंग भी संस्था द्वारा दी जाती है इसके अतिरिक्त गुरुपर्व, रामनवमी, बैसाखी, रोजा इफतार आदि पर्व भी कैदियों के साथ संस्था मनाती आ रही हैं।

परमोशन काउंसिल के अध्यक्ष जसवंत सिंह बोबी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि संस्था पिछले कई सालों से मातृ भाषा की सेवा में लगे पत्रकारों को सम्मानिन्त करती आ रही है पर कोरोना बीमारी के चलते पिछले 2 वर्षों से अवार्ड समारोह का कार्यक्रम नहीं हो सका। इसके चलते संस्था के चेयरमैन एम पी सिंह, सलाहकार डी पी सिंह पप्पू, सुदीप सिंह आदि के साथ मिलकर फैसला लिया गया कि अगले माह अवार्ड समारोह का आयोजन किया जाये जिसमें पंजाबी भाषा के लिए कार्य करने वाले पंजाबी, हिन्दी यां उर्दु मीडीया से जुड़े प्रिन्ट व इलैक्टरानिक मीडीया के पत्रकार, लेखक, कैमरामैन को अवार्ड देकर सम्मानिन्त किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त 10वीं और 11वीं कक्षा के पंजाबी भाषा में 90 प्रतिषत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले स्कूली बच्चों को पुरस्कृत किया जायेगा जिससे बच्चों को प्रोत्साहन मिले और वह और बढ़चढ़कर मातृ भाषा का प्रचार व प्रसार करें। सः जसवंत सिंह बोबी ने कहा कि कोरोना बीमारी के दौरान डाक्टर्स की भूमिका भी सराहनीय रही जिन्होंने अपनी जान पर खेलकर मानवता की सेवा में दिन रात एक किया इसलिए एक डाक्टर का भी चयन कर उन्हें भी सम्मानिन्त किया जायेगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# विधायक ने शिक्षा मंत्री को मांग पत्र देकर सुविधाएं देने का किया आग्रह

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



वजीराबाद गांव के राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुविधाएं देने की मांग को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने विद्यालय प्रांगण में विधायक सुधीर सिंगला को मांग पत्र सौंपा। इसके बाद वह पत्र विधायक सुधीर सिंगला ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर को सौंपा और सुविधाएं देने का आग्रह किया।

मांग पत्र में ग्रामीणों ने बताया है कि स्कूल में सफाई कर्मियों की कमी के अलावा, भवन की मरम्मत, ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों की तरफ से शिक्षा मंत्री को विधायक सुधीर सिंगला ने मांगपत्र देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए वे ये सुविधाएं उपलब्ध कराएं, ताकि उनकी पढ़ाई ठीक तरह से हो सके। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही स्कूल में सुविधाओं में इजाफा किया जाएगा, ताकि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई बेहतरी से कर सकें।विधायक ने कहा कि शिक्षामंत्री कंवरपाल गुर्जर ने शिक्षा ढांचा मजबूत

**सुझाव**
- वजीराबाद के स्कूल में सुविधाओं की मांग पर विधायक सुधीर सिंगला को सौंपा पत्र

करने के लिए काफी सराहनीय कार्य किए हैं। शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाने को अनेक योजनाओं को लागू किया गया है। विधायक ने बताया कि जल्द ही अध्यापकों की ऑनलाइन ट्रांसफर भी खुलेंगी, जिससे शिक्षक अपनी पसंद के स्टेशन पर तबादले करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि एक भवन में चलने वाले पहली से बारहवीं कक्षा तक के स्कूलों को अब दूसरे स्कूलों में मर्ज किया जाएगा, ताकि वहां की मूलभूत सुविधाओं का सभी बच्चों को लाभ मिल सके। स्कूल का एक ही हेड होगा और शिक्षक रेशनेलाइज किए जाएंगे। उन्होंने सरकार द्वारा गत दिनों प्रदेश के विद्यालयों में विद्यार्थियों को दिए गए 5 लाख टैबलेट के कदम की सराहना की। ऐसा करके सरकार ने विद्यार्थियों को तकनीक से जोडने का काम किया है। इस अवसर पर निगम पार्षद मनीष वजीराबाद, रघुवीर प्रधान, पूर्व सरपंच हंसराज बोहरा, रामानंद, टीकाराम नंबरदार, रोशन नंबरदार, राज सिंह मुकदम, राजपाल उर्फ कालू, दीवान सिंह, सुनील मेंबर समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## होब्पास सॉफ्टवेयर को कराया जाए ठीक : दीवान दुरेजा

**गुरुग्राम।** नक्शानवीस दीवान दुरेजा ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि जबसे प्रदेश सरकार द्वारा भवन मानचित्रों की स्वीकृति देना शुरू कर दिया है, जब से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है तथा भवन निर्माण के कार्यों के लिए लोगों को विभाग के चक्कर काटने से भी छुटकारा मिल गया है। जारी एक बयान में नक्शानवीस दीवान दुरेजा ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश के बाद मानचित्रों को स्वीकृत कराने के लिए लोगों को कहीं चक्कर लगाने नहीं पड़ते और न ही किसी को पैसे देने की जरुरत पड़ती है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि चंडीगढ़ तथा पंचकूला में बैठे हुए अधिकारियों को भी आदेश दिए जाएं कि होब्पास सॉफ्टवेयर को ठीक कराया जाए तथा उसे रुटीन में चलने दिया जाए। साफ्टवेयर में बार-बार कमी आने के कारण लोगों का काम समय पर नहीं हो पाता। जिसके कारण भवन मानचित्र का काम कराने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ व पंचकूला में यह कार्य न होने के कारण न केवल प्रदेश सरकार को भवन मानचित्र का कार्य पूरा न होने के कारण राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर जनता में भी प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष पनप जाता है।

# गुरुकुल की 6 छात्राएं खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मलखम्ब प्रतियोगिता में दिखाएंगी दमखम

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



पंचकूला में 4 जून से शुरू हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स- 2021 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए हर खिलाड़ी जी जान से तैयारी कर रहा है और दिन रात कड़ी मेहनत करते हुए इन खेलों में मेडल लाने के लिए प्रयासरत है। गुरुग्राम जिला में खेलो इंडिया के प्रमोशन सेरेमनी व राहगिरी के बाद माहौल खेलमय हो गया है।

चाहे खिलाड़ी हों या दर्शक, हर किसी को इन खेलों का इंतजार है। इन खेलों में गुरुग्राम जिले से 37 खिलाड़ी अपना दम आजमाएँगे। इन में से ही भगवती आर्ष कन्या गुरुकुल की 6 छात्राएं मानसी, दिशा यादव ,दीक्षा ,निशा, सुनैना तथा सपना हैं, जो खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में होने जा रही मलखम्ब प्रतियोगिता में भाग लेंगी। छात्राओं ने राज्यस्तरीय व राष्ट्रीय स्तर पर मलखम्ब प्रतियोगिताओं में भागीदारी करते हुए प्रतियोगियों को कड़ी चुनौती दी और अब ये छात्राएं खेलो इंडिया यूथ गेम्स -2021 के लिए चयनित हुई है। इन छात्राओं ने झज्जर में आयोजित की गई स्टेट मलखंब प्रतियोगिता तथा उज्जैन में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप 33वी नेशनल

**खिलाड़ी**
- इन खेलों में गुरुग्राम जिले से 37 खिलाड़ी अपना दम आजमाएँगे

सब जूनियर चैंपियनशिप 2020-21 में भाग लेते हुए विरोधियों को कांटे की टक्कर दी थी। गुरुकुल संचालक डॉ रविंद्र आर्य तथा संचालिका दमयंती देवी के कुशल नेतृत्व में ये छात्राएं नियमित अभ्यास तथा कठोर शारीरिक परिश्रम कर खेलो इंडिया के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी संधू बाला ने बताया कि मलखंब एक प्राकृतिक एवं पारंपरिक भारतीय खेल है। मलखंब दो शब्दों से मिलकर बना है -मल्ल और खम्ब। इसे अंग्रेजी में जिम्नास्ट तथा पोल कहा जाता है। उन्होंने बताया कि मलखम्ब कम समय में पूरे शरीर का अधिकतम व्यायाम करवाता है। इसमें शरीर के प्रत्येक अंग का हाथ से पैर की उंगली तक का भी व्यायाम होता है। मलखंब में 3 तरह के इवेंट होते हैं जिसमें पोल मलखंब, रोप मलखंब तथा हैंगिंग मलखंब शामिल है।

## विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्र सरकार के जनसेवा के 8 साल, बेमिसाल के उपलक्ष्य में वार्ड 30 में भाजपा नेता मंगल द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें सोहनाविधानसभा क्षेत्र के विधायक कंवर संजय सिंह, प्रो. हंसराज व मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

सोहना विधानसभा क्षेत्र के विधायक कंवर संजय सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने जिस प्रकार से विकास कार्य कराए हैं, शायद ही किसी अन्य दल की सरकार ने कराए हों। भाजपा का एक ही उद्देश्य होता है कि वह केवल विकास। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग को बिना भेदभाव के मिल रहा है। उन्होंने मंगल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अन्नदान महादान है।

इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर करते रहना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों सहित अन्य लोगों भी प्रसाद ग्रहण किया।

# कैंप में सैकड़ों लोगों के प्रॉपर्टी टैक्स से संबंधित गलतियों का हुआ सुधार

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला के सहयोग और प्रयास से नगर निगम द्वारा पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया के अशोक विहार फेज 2 स्थित कार्यालय पर आयोजित प्रॉपर्टी टैक्स करेक्शन कैंप में सैकड़ों लोगों के प्रॉपर्टी टैक्स संबंधित गलतियों का सुधार किया गया। प्रॉपर्टी टैक्स बिल में जो गलतियां हुई हैं, उन्हें ठीक किया गया। कैंप का शुभारंभ गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार राज्य का समग्र विकास कराने के साथ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार सभी नागरिक सुविधाएं लोगों के घरों और उसके आसपास उपलब्ध करने के एजेंडे पर कम कर रही है। इसी को





देखते हुए इस करेक्शन का आयोजन किया गया। उन्होंने कैंप का आयोजन में सहयोग के लिए पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया को धन्यवाद दिया। पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया ने कैंप के आयोजन में सहयोग के लिए विधायक सुधीर सिंगला को हृदय से धन्यवाद दिया। परमिंदर कटारिया ने कहा कि नगर निगम द्वारा लोगों को भेजे गए प्रॉपर्टी टैक्स के नोटिसों काफी गलतियां हैं। किसी का नाम पता गलत है, तो किसी के प्रॉपर्टी का निर्धारण गलत है। काफी लोगों के मकानों का दायरा घट बढ़ गया है। इसके लिए लोगों को लंबी यात्रा कर नगर निगम के कार्यालय पर जाना पड़ता था, काफी परेशानियां होती थी, इसको दृष्टिगत रखते हुए इस कैंप का आयोजन किया गया ताकि लोगों को अपने घर के नजदीक ही अपने टैक्स संबंधी सुधार

**कार्यक्रम**
- कैंप के आयोजन के लिए विधायक सुधीर सिंगला को हृदय से धन्यवादः परमिंदर कटारिया

कराने की सुविधा प्राप्त हो सके। इस कैम्प के माध्यम से काफी लोगों के प्रॉपर्टी टैक्स में सुधार हुआ, आगे भी इस तरह के कैंप का आयोजन किया जाता रहेगा। कैंप में जुगल रैना, सुचित जैन, नरेंद्र कटारिया, आरपी सिंह, राजेश नासा, मोहित चौहान, सुकांत, अशोक सैनी, सोनू गरियाली, रजत भारद्वाज, कर्मवीर कटारिया, भगत राम यादव, रणधीर सिंह, सीपी रांगा, सुरेश गुप्ता, सतीश गुप्ता, रविंद्र काजल, धर्मपाल जांगड़ा, रामायण यादव,सोनू वालिया, अनिल शर्मा, अनिल शर्मा, प्रेम पाल, राम गुप्ता, जगवीर सेहरावत, संदीप शर्मा, देवेन्द्र गुप्ता, महावीर गहलोत और संजय सिंह आदि काफी लोग उपस्थित रहे।

## पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने हरिद्वार निशुल्क तीर्थ यात्रा के लिए बस को किया रवाना





गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा शनिवार को निशुल्क हरिद्वार तीर्थ यात्रा के लिए बस को रवाना किया गया है। पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान व सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने कहा कि लोगों को तीर्थ यात्रा कराना पुण्य का काम माना गया है। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग पर उन्होंने सभी धर्म के लोगों को निशुल्क हरिद्वार तीर्थ यात्रा, गंगा स्नान कराने के लिए यात्रा सेवा शुरू की है। प्रधान बोधराज सीकरी व उप प्रधान ओमप्रकाश कथूरिया ने कहा कि जहां एक ओर तीर्थ यात्रा करने वाले लोगों को खुशी मिलती है, वहीं दूसरी ओर लोगों को निशुल्क तीर्थ यात्रा कराने वाले व्यक्ति के मन को सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में शहरवासियों के हित में अच्छा कार्य करने के लिए और भी योजनाएं बनाई जा रही हैं। संस्था के प्रधान बोधराज सीकरी का स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण संस्था के पदाधिकारी रामलाल ग्रोवर, कंवरभान वधवा, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, ओपी ग्रोवर, सुभाष नागपाल, नरेंद्र कथूरिया, चंद्रभान नागपाल, ओपी बंधू, जयदयाल कुमार, वासुदेव ग्रोवर आदि लोगों ने बस को हरिद्वार के लिए रवाना किया।

## देवऋषि नारद जी की जयंती पर आज होगा विचार संगोष्ठी का आयोजन

**गुरुग्राम।** विश्व संवाद केंद्र गुरुग्राम द्वारा आज रविवार को ब्रह्मांड के आदि संचारक देवऋषि नारद जी की जयंती के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में किया जा रहा है। संवाद केंद्र के प्रवक्ता ने बताया कि विचार गोष्ठी का विषय होगा वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता की चुनौतियां। मुख्य वक्ता के रुप में मीडिया से जुड़े मुकेश राजपूत शामिल होंगे और उद्यमी प्रवीण अग्रवाल मुख्य अतिथि की भूमिका में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। द्रोणाचार्य महाविद्यालय के प्राचार्य कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि विशेष आमंत्रित अतिथियों के रुप में विनोद तिवारी, वंदना तिवारी, मुकेश कुमार, डा. डीपी गोयल को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। उनका कहना है कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## 5 वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आज होगा समापन



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

हरियाणा कला परिषद व सोसायटी फॉर आर्ट एंड कल्चर डवलपमेंट द्वारा कुरुक्षेत्र में 5वां अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गत 18 मई से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हरियाणा सहित विभिन्न प्रदेशों की फिल्मों के अलावा कोरिया, इजराईल, चाईना, अमेरिका, रशिया, स्पेन, टर्की, नीदरलैंड, जर्मनी, ईरान तथा आस्ट्रेलिया आदि देशों की फिल्मों को भी आमंत्रित किया गया है। जिनका प्रदर्शन प्रतिदिन कला कीर्ति भवन की भरतमुनि रंगशाला में किया जा रहा है। यह जानकारी हरियाणा कला परिषद के निदेशक व वरिष्ठ रंगकर्मी संजय भसीन ने दी है। उनका कहना है कि इस फिल्म महोत्सव में टीवी और फिल्म जगत के कलाकार भी शिरकत महोत्सव की शोभा बढ़ा रहे हैं। यह आयोजन आज रविवार तक चलेगा। इस महोत्सव में फिल्म व ओवी कलाकार यश टांक, अश्लेषा सांवत, संदीप बसवाना, दिनेश धमीजा, आदिल हुसैन, हरिओम पंवार, कुलदीप शर्मा, सुमित, मोनिका सिंह आदि कलाकार शिरकत कर चुके हैं, जो रंगकर्मियों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

# जैन बुजुर्ग की मुस्लिम समझकर जान लेना भाजपा कार्यकर्ता की ओछी मानसिकताः अभय

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

मध्यप्रदेश के नीमच में जैन समाज के एक बुजुर्ग को मुस्लिम समझकर पीट-पीटकर भाजपा कार्यकर्ता द्वारा जान से मार देने की घटना की निंदा करते हुए आप कार्यकर्ता अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि यह बीजेपी कार्यकर्ता की ओछी मानसिकता है।

देश का माहौल खराब करने का प्रयास है। भाजपा की सरकार में भाजपा कार्यकताओं द्वारा इस तरह से की जा रही बदमाशी को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस भाजपा के कार्यकताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, ताकि ऐसी घटनाओं को दोहराया ना सके।अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि शुक्रवार 19 मई की शाम को मनासा थाना क्षेत्र में रतलाम के जावरा निवासी बुजुर्ग भंवरलाल जैन (65) की लाश मिली। वह अपने परिजनों के साथ राजस्थान के चित्तौड़ गए थे। वहां से वे गुम हो गए। क्योंकि उनकी मानसिक हालत सही नहीं थी। क्षेत्र में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें पता चला कि मनासा निवासी दिनेश कुशवाह बुजुर्ग भंवरलाल के साथ मारपीट कर रहे हैं और उसका नाम



**कार्रवाइ**
- आरोपियों के खिलाफ गुरुग्राम जैन समाज ने की कड़ी कार्रवाई की मांग
- भाजपा की सरकार में भाजपा कार्यकताओं द्वारा इस तरह से की जा रही बदमाशी को सहन नहीं किया जाएगा

पूछ रहे हैं। दिनेश कुशवाह ने बुजुर्ग के साथ काफी मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। पता चला है कि आरोपी दिनेश कुशवाह भाजपा से जुड़ा है। उसने बुजुर्ग के मुस्लिम होने के शक में मारपीट की, जिससे उनकी मौत हो गई। अभय जैन ने कहा कि दिनेश कुशवाह भाजपा का कार्यकर्ता है। ऐसे में सवाल उठता है कि भाजपा अपने कार्यकताओं को किस तरह की शिक्षा दे रही है। देश के युवाओं को देशहित में काम करने की बजाय वह दिगभ्रमित करके माहौल खराब कर रही है।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की शहादत दिवस पर जिला गुरुग्राम आप नेत्री का नमन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

भारत रत्न-उन्नत प्रौधोगिकी के नायक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की पुण्यतिथि पर वार्ड नं-13 से समाजसेविका व जिला गुरुग्राम आम आदमी पार्टी की नेत्री राजबाला यादव रोजी ने आत्मीय स्मरण करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राजीव गांधी जी ने विश्व मे भारत देश को प्रथम रैंक पर लाने की सोच से अपनी दूरदर्शिता-बुध्दिमता एवं दक्षता से देश के विकास के प्रति अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं व नीतियों, सिद्धान्तों को लागू करने मे अहम निर्णय लिए जैसेः- अर्थव्यवस्था के सेक्टर्स को खोला, ह्लपावर टू द पीपलह्व के लिए पंचायती राज के लिए विशेष प्रयास, आई टी क्रांति की नींव, युवा पीढ़ी को अत्यधिक बढ़ावे के लिए मतदान की उम्र 18 वर्ष, इनकम और कॉरपोरेट टेक्स घटाकर लाइसेंस सिस्टम सरल करना, कम्प्यूटर ड्रगस और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों से सरकारी नियंत्रण समाप्त,



कस्टम डयूटी घटाकर निवेशकों को बढ़ावा देना, सीमा विवादों को समाप्ति हेतू ज्वाइंट वर्किंग कमेटी के ठोस निर्णय, टेलीकॉम और इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी मे विशेष ध्यान, सरकारी कर्मचारियों की मेहनत को देखते हुए इनके के लिए सप्ताह मे 5 दिन कार्य, संचार कम्प्यूटर विज्ञान को बढ़ावे हेतू सरकारी बजट बढ़ाना, एम टी एन एल का गठन, कई योजनाएं आदि करके किसानों,गरीबों,महिलाओं और युवा शक्ति को अत्यधिक बढ़ावा दिया क्योंकि राजीव गांधी समझते थे कि देश का विकास देश के किसानों-गरीबों-मजदूरों-महिलाओं और युवाओं मे जागरूकता लाने से ही होगा।

# फर्जी बिलों पर 15 करोड़ रुपये रिफंड देने के मामले में सीए एसो. ने किया प्रदर्शन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग के गुरुग्राम कार्यालय की ओर से फर्जी बिलों पर 15 करोड़ रुपये का रिफंड जारी करने मामला और दो सीए की गिरफ्तारी को लेकर द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट आफ इंडिया के गुरुग्राम चैप्टर ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को लेकर सीए सेक्टर-32 स्थित सीजीएसटी भवन से लेकर कोर्ट तक नारे लगाते हुए पहुंचे।

प्रदर्शन कर रहे सीए के मुताबिक चार-पांच कारोबारियों ने मिलीभगत करके कुछ माह पूर्व बिना कोई कारोबार किए ही फर्जी बिलों के आधार पर 15 करोड़ रुपये का रिफंड ले लिया। इस मामले की शिकायत केंद्रीय वित्त मंत्रालय तक पहुंचाई गई। मंत्रालय के आदेशों पर विभाग ने जांच की तो यह सच्चाई सामने आई। इसके बाद कारोबारियों के कागजात को सत्यापित करने वाले सीए गौरव व सुनील के खिलाफ विभाग की



- सेक्टर-32 स्थित सीजीएसटी भवन के मेन गेट पर दिया धरना

ओर से केस दर्ज करवाकर गिरफ्तार करवा दिया गया। जैसे ही यह जानकारी सीए एसोसिएशन को लगी तो यहां मेदांता मेडिसिटी के सामने स्थित सीजीएसटी भवन में पहुंचे। यहां विरोध के बीच अधिकारियों द्वारा काफी सीए को एक कमरे में बंधक बनाया गया। यह आरोप लगाते हुए सीए ने कहा कि इस मामले में विभाग के अधिकारियों ने भ्रष्टाचार किया है। इतना बड़ा अमाउंट कुछ ही घंटे में जारी कर देना सवाल खड़े करता है। विवाद के बाद अधिकारियों ने जिस खाते में पैसा ट्रांसफर किया, उसे सीज कराने की बजाय सीए को फंसाने की रणनीति बनाने में लगे रहे। इसी बीच उस खाते से सारा पैसा यानी 15 करोड़ रुपये निकाल लिए गए। सीए का काम केवल कागजात को सत्यापित करना होता है। विभाग को उन कागजों की जांच करवानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा ना करके तुरंत 15 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए गए।द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया आदि का कहना है कि रिफंड जारी करने से पहले विभागीय अधिकारियों को जांच करनी चाहिए थी।

## हादसे का इंतजार कर रहे हैं नगर निगम अधिकारी : कुलदीप कटारिया

**गुरुग्राम।** सैक्टर 5 पुलिस थाना से गुडगांव गांव दयानंद कालोनी को जाने वाले मार्ग पर नगर निगम ने 5 वर्ष पहले एक ट्यूबैल लगाया था, लेकिन इस ट्यूबैल से एक बूंद पानी लोगों को नसीब नहीं हुआ है। उक्त बात पूर्व चेयरमैन कुलदीप कटारिया ने कही। उन्होंने कहा कि अब 5 साल बाद नगर निगम ने उस ट्यूबैल को खत्म कर खुला पाइप छोड़ दिया गया है। बार-बार नगर निगम अधिकारियों से गुहार लगाई कि इस पाइप को बंद कर दिया जाए, लेकिन अधिकारी सुनने को तैयार ही नहीं है। ऐसा लगता है जैसे नगर निगम किसी हादसे का इंतजार कर रहा हो। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने यहीं एक स्ट्रीट लाइट भी लगा दी जिस को पटरी पर न लगा कर रोड पर लगा दिया है। यह लाईट जलती तो नही है पर रास्ते मे होने से दुर्घटना होती रहती है। इस लाइट के पोल मे करंट भी आता है और नगर निगम ने इस रास्ते को कूड़ा घर भी बना रखा है। बार बार बोलने पर भी कूड़े को नही उठाया जाता जेसीबी को घुमा कर सिर्फ बिल बनाया जाता है।

# मुख्यमंत्री द्वारा मेयर के घर चाय की चुश्की लेने पर मेयर का चुनाव लड़ने वाले लोगों में मची खलबली

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

प्रदेश के मुख्यमंत्री वीरवार को नगर निगम की मेयर मधु आजाद के सरकारी आवास पर जाकर चाय की चुश्की लेने पर शहर में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि कहीं राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले मुख्यमंत्री ने एक तीर से 2 निशान तो नहीं कर दिए। बतादें कि गुडगांव की मेयर मधु आजाद केंद्रीय मंत्री एवं दक्षिण हरियाणा के दिग्गज नेता राव इंद्रजीत की खास समर्थक मानी जाती है।

ऐसे में मेयर मधु आजाद ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल को अपने निवास पर चाय के लिए बुलाकर गुडगांव या मानेसर के लिए अपनी सीट पक्की करने के लिए कोई गुप्त समझौता तो नहीं कर लिया। यदि ऐसा ही है तो अहीरवाल के राजा राव इंद्रजीत को जोर का झटका धीरे से दिया जाना माना जा रहा है। बतादें कि वर्ष 2022



नवम्बर-दिसम्बर में मेयर का कार्यकाल समाप्त होने के कारण आगामी चुनाव की तैयारियां करने के लिए शहर के पार्षदों ने कमर कस ली है। बताया जाता है कि अबकी बार वर्ष 2022-23 के निगम के मेयर का चुनाव जनता के बीच सीधे तौर पर होगा। भाजपा हाईकमान द्वारा जमालपुर निवासी भूपेंद्र यादव को जब से केंद्रीय मंत्री बनाकर अहीरवाल की राजनीति में उतारा है, तभी से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि कहीं भाजपा द्वारा भूपेंद्र यादव को दक्षिण हरियाणा का राजनेता साबित करने के लिए इंद्रजीत के मुकाबले खड़ा करने का प्रयास तो नहीं किया। ऐसे में गुडगांव नगर निगम की मेयर मधु आजाद व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के बीच में आपसी सहमति बनाकर यदि मधु आजाद को गुडगांव या मानेसर रिजर्व सीट बनाकर मेयर के लिए उतारा जाता है तो यह कहना गलत नहीं होगा कि दक्षिण हरियाणा की राजनीति के लिए राव इंद्रजीत के कद को घटाकर भूपेंद्र यादव के कद को बढ़ावा दिया जा रहा है। यदि गुडगांव या मानेसर की सीट को रिजर्व कर दिया जाता है तो पिछले काफी समय से अपने आकाओं के यहां हाजिरी बजाने वाले

**सपना**
- मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर आदि का सपना देखने वाले लोगों के सपने चकनाचूर

व जनता के बीच अपने आपको मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर आदि का सपना देखने वाले लोगों के सपने चकनाचूर न हो जाएं। शहर के लोगों का मानना है कि भाजपा हाईकमान राव इंद्रजीत को नाराज न करके मानेसर क्षेत्र से निगम के चुनाव के लिए यादव उम्मीदवार को मेयर बनाया जा सकता है तथा गुडगांव पंजाबी बाहुल्य होने के चलते गुडगांव से पंजाबी समुदाय के व्यक्ति को मेयर बनाया जा सकता है। 2 दिन पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा मेयर के घर पर चाय की चुश्की लेने के बाद गुडगांव या मानेसर अबकी बार रिजर्व सीट होगी या सामान्य अपने पीछे कई सवाल छोड़ रहा है।

## भारतीय रेल के नार्दन रेलवे द्वारा की गई नई पहल

भारतीय रेल में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर आ रही है। यह खबर विशेष रूप से उनके लिए है जो अपने परिवार के सदस्यों के साथ अक्सर यात्रा करते है। विशेष रूप से जब आप के संग इस यात्रा में शिशु यात्री हो शिशु की मॉ इस यात्रा के दौरान सोते समय बार बार जगह अपने बच्चे की सुरक्षा को चिन्तित रहती है। भारतीय रेल ने माँ व उनके बच्चे के लिए सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक नई पहल की है। भारतीय रेलवे के इस नई पहल में छोटे बच्चो के लिए होगी बेबी सीट की शुरूआत की गई है। इस नये प्रयोग करते हुए विगत दिनों लखनऊ मेल के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के बी-4 कोच मे सीट नंबर 12 और 60 को प्रयोगात्मक रूप में स्पेशल डिजाइन के रूप विकसित किया गया है। आप को बता दें कि इन दोनो सीटो से एक (बेबी) छोटी सीट को जोड़ा गया है। दिन के समय इस बेबी सीट को फोल्ड किया जा सकता है। इस बेबी सीट को सुरक्षा की दृष्टि से इसमें एक रेलिंग व शेफ्टी बेल्ट भी लगाई गई है। जिससे कोई बच्चा सीट से नीचे गिर न सके। फिलहाल यह नई व्यवस्था लखनऊ मेल मे प्रयोग के तौर पर ऐ सी की दो सीटों में लगायी गयी है। भारतीय रेल इस बेबी सीट पर लोगो से फिड़बैक लिया जा रहा है।ताकि आने वाले दिनों में रेलवे इस नये परियोजना को कियान्वयन कर रेल मे सफर करने वाले मातृ-शिशु यात्रियों को सुविधा प्रदान कर सके।

इस नये परियोजना के बारे में नॉर्दर्न रेलवे से मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी(सीपीआरओ) दीपक कुमार के अनुसार इस सीट के बारे मे रेलवे यात्रियों से फीडबैक लिया जा रहा है।यात्रियों द्वारा उपलब्ध कराये गये फीडबैक के आधार पर ये तय किया जायेगा कि भविष्य में कितनी सीटे बढ़ानी है या नही। यात्रियों के मन में कई ज्वलंत प्रशन है कि रेलवे यदि भविष्य मे सीटे बढ़ायी जायेंगी तो इसकी अलग से बुकिंग की ऑनलाइन व्यवस्था भी की जायेगी। आरक्षण शुल्क के रूप रेलवे सुविधा उपलब्ध कराने के लिए क्या-क्या शर्ते व शुल्क वसुल करेगी। विगत दिनों मातृ दिवस के अवसर पर यह नई पहल की गई है। इस सीट की सुविधा लेने के टीटीई से संपर्क कर कर वेबी सीट की सुविधा ली जा सकती है। इस व्यवस्था लागु करने से लखनऊ मेल देश की ऐसी पहली ट्रेन बन गयी है जिसमें नवजात बच्चों के लेटने के लिए अलग से वेबी सीट लगायी गयी है। इस सीट की सुविधा लेने के लिए यात्री को फिलहाल अलग से कोई अतिरिक्त किराया नहीं देना पड़ेगा। बता दें कि इस सीट की अग्रमि बुकिंग नहीं की जा रही है। ट्रेन मे यात्रा के दौरान यदि किसी मां को अपने नवजात बच्चे के साथ इस सीट की अवश्यकता होगी तो वह टीटीई से सम्पर्क करके इस सीट की सुविधा ले सकेगी। टीटीई उस सीट की बुकिंग वाले व्यक्ति से निवेदन करके नवजात बच्चे के साथ यात्रा करने वाली माँ को सीट दिलवा देंगे। भारतीय रेलवे द्वारा किये इस नये प्रयोग की सफलता-विफलता तो रेलवे यात्रियों के दिये गये फीडबैक पर निंभर करेगा कि वेबी सीट की संख्या किस-किस ट्रेन में कितनी कोच में संख्या क्या होगी जो कि अतीत के गर्भ में है।फिलहाल में आप से यह कहते हुए विदा लेते है कि-ना ही काहुँ से दोस्ती,ना ही काहुँ से बैर।

## पृथ्वी,जल और वायु का सरंक्षण हमारी जिम्मेदारी और जवाबदेही

संजीव ठाकुर

वर्तमान में पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रिया गत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय उस्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़,अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं।

विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट्र एक और गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं इसके लिए वे अपने प्राकृतिक, वैज्ञानिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है। इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट्र के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं। इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़ सूखा अकाल सुनामी हिमस्खलन भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं। उनके सम्मुख बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न होती आई है, और यही प्राकृतिक आपदाएं उन देशों को फिर से गरीबी के दलदल में ढकेल देती है जहां भुखमरी का बोलबाला होता है। विश्व में कुछ देश ऐसे हैं जिनमें जिंबाब्वे, सीरिया,लीबिया, सोमालिया तथा अधिकांश अफ्रीकी देश, दक्षिण एशियाई लैटिन अमेरिकी देशों में भोजन,रोटी के लिए लंबी-लंबी लाइन लगती देखी गई है। दूसरी तरफ विकसित और अमीर देशों में भी लाइन लगती है, लेकिन वहां पर विडंबना यह है कि यह लाइन रोटी के लिए नहीं बल्कि आईफोन, स्मार्टफोनऔर गैजट्स के लिए लगाई जाती है। अनेक गरीब देशों में सबसे बड़ा संकट विकास बनाम पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को लेकर सामने आया है। जहां यह देश विकास की इच्छा तो रखते हैं पर दूसरी और विकसित देश गरीब देशों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दे कर इनके संसाधनों पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं। जिससे इनके अस्तित्व तथा संप्रभुता पर गहरी चोट लगती है। यह एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आता है। विकासशील देशों को पर्यावरण संरक्षण जैसी बातें गरीबी के सामने एक चुनौती के रूप में दिखाई देती है। यदि ये देश भुखमरी, गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी जैसे समस्याएं को सुलझाना चाहते हैं तो दूसरी तरफ पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलन बिठाना कठिन हो जाता है। आज विकसित देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अन्य अमीर यूरोपीय देश पर्यावरण संतुलन की बात तो करते हैं पर जहां तकनीकी मदद या संरक्षण की बात को तो यह अपना हाथ पीछे खींचने में भी नहीं चुकते हैं। गरीब तथा विकासशील देश जब भी विकास को प्राथमिकता देने का प्रयास करते हैं तो इसके परिणाम स्वरूप पर्यावरण को क्षति होना लाजमी होता है। इसके अलावा इन्हें वैश्विक महाशक्तियों के दबाव भी झेलने पड़ते हैं। गरीब देशों के उत्पादों को खरीदने में बड़े बाजार या यूं कहें कि विकसित राष्ट्र गुणवत्ता की कमी,तकनीकी कमी कहकर तिरस्कृत तथा वापस करने से नहीं चूकते हैं। इस मामले में विकसित राष्ट्र का विकासशील,गरीब राष्ट्र के बीच एक गहरी खाई बन चुकी है और संयुक्त राष्ट्र संघ मूकदर्शक बना इस मामले में हाथ में हाथ धरे बैठा रहता है। बड़ी जनसंख्या वाले देश जैसे भारत इंडोनेशिया एवं एशिया के अन्य देश विकसित राष्ट्रों के लिए एक बड़ा बाजार जरूर है, पर वहां पर भूखमरी और जलवायु परिवर्तन के मामले में ये सभी बड़े तथा विकसित राष्ट्र खामोश रहते हैं।

# मौसम और महंगाई से हलकान गरीब

इस साल उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जनवरी में (6.01), फरवरी में (6.07), मार्च में (6.95) तो अप्रैल में 7.79 फीसदी जा पहुंचा। वहीं, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक जोकि जनवरी में 13.68 फीसदी था, वह मार्च माह में 14.5 प्रतिशत हो गया। हालांकि पिछले कुछ समय से रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक मुद्रास्फीति में और इजाफा किया है लेकिन भारत में बढ़ते ईंधन और खाद्य मूल्यों से बनी मुद्रा स्फीति पहले से चली आ रही है और कीमतें स्थिर करने के लिए किए गए सरकारी प्रयास बेनतीजा रहे।



कृष्ण राज
लेखक सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव संस्थान, बेंगलुरू में प्रोफेसर हैं




भारत में गर्मी और मुद्रास्फीति दर, दोनों बढ़ती चली जा रही हैं, जिसका असर गरीब और मध्य वर्ग पर सबसे ज्यादा है। इसके बरक्स अमीरों को कोई फर्क नहीं है क्योंकि उनके आशियाने वातानुकूलित हैं और जेब में पैसा है। भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति में वर्ष 2014 के बाद अभूतपूर्व वृद्धि होकर यह अप्रैल माह में 7.79 फीसदी हो गई। इसी तरह, मौसम विभाग के मुताबिक पिछले महीने भारत का मासिक और प्रतिदिन का उच्चतम तापमान बढ़कर क्रमशः 31.35 और 35.30 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया। गरीबों पर यह दोहरी और भयावह मार है, जो उनको और कमजोर कर देगी।

हो सकता है शायद प्रकृति तो फिर भी रहम खाकर दक्षिण-पश्चिम मानसून के जरिए गरीबों को गर्मी के कहर से कुछ राहत दे पाए, किंतु लगता है पिछले कुछ सालों से भारत के 50 करोड़ गरीब तबके के लिए आम वस्तुओं की कीमतें और मुद्रास्फीति ऊपर उठना रोजाना का नया चलन हो गया है। ऑक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के बहु-आयामीय सूचकांक-2021 के मुताबिक भारत में लगभग 22.5 प्रतिशत लोग अत्यंत गरीब हैं और रोजाना 2 डॉलर प्रतिदिन से भी कम पर गुजारा करके किसी तरह अपना वजूद कायम रखने की जद्दोजहद कर रहे हैं। आगे, हकीकत यह है कि आंकड़ों में दिखाई गई इस आय आधारित गरीबी से कहीं ज्यादा बहुआयामी दरिद्रता उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनयापन में व्याप्त हो चुकी है। पिछले सालों में, कोविड-19 महामारी, बेरोजगारी और उच्च मुद्रास्फीति की वजह से और बड़ी संख्या में भारतीय संपूर्ण गरीबी के जाल में जा फंसे हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर आंकी गई खुदरा और थोक मुद्रास्फीति में पिछले कुछ महीनों से लगातार बढ़ोतरी हुई है। इस साल उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जनवरी में (6.01), फरवरी में (6.07), मार्च में (6.95) तो अप्रैल में 7.79 फीसदी जा पहुंचा। वहीं, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक जोकि जनवरी में 13.68 फीसदी था, वह मार्च माह में 14.5 प्रतिशत हो गया। हालांकि पिछले कुछ समय से रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक मुद्रस्फीति में और इजाफा किया है लेकिन भारत में बढ़ते ईंधन और खाद्य मूल्यों से बनी मुद्रा स्फीति पहले से चली आ रही है और कीमतें स्थिर करने के लिए किए गए सरकारी प्रयास बेनतीजा रहे। भारत के गांवों के गरीब को महंगाई की मार सबसे ज्यादा सहनी पड़ रही है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में जो उपभोक्ता खाद्य मूल्य मार्च, 2021 में 3.94 फीसदी था वह अप्रैल, 2022 में 7.66 प्रतिशत हो गया। अगर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में खाने-पीने की वस्तुओं की बात करें तो खाद्य तेल और घी के मूल्य में बढ़ोतरी 24.7 फीसदी, ईंधन तेल, हल्के परिवहन और संचार क्षेत्र में वृद्धि 11 प्रतिशत हुई।

हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत ऊपर उठकर 110 डॉलर प्रति बैरल हो गई, लेकिन भारत में ईंधन पर केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा पेट्रोल पर 55 प्रतिशत तो डीजल पर 50 फीसदी कर वसूलने की वजह से घरेलू कीमतें बहुत ज्यादा है। वस्तु की उत्पादन लागत और बिक्री मूल्य ज्यादा होने के पीछे मुख्य वजह ऊंची खाद्य और ईंधन मुद्रास्फीति दर है, जिसकी वजह से आगे थोक मुद्रास्फीति में इजाफा होता है। मुख्य मुद्रास्फीति दर, जिसमें खाद्य और ईंधन के मूल्य में रोजाना के उतार-चढ़ाव शामिल नहीं हैं, वह आधिकारिक सीमा पार कर चुकी है और इन हालात में मौद्रिक नीतियां त्वरित परिणाम देने में असफल हो सकती हैं। आगे, मौद्रिक नीतियां अपने आप में खुदरा मुद्रास्फीति को नाथने की गारंटी नहीं है जब तक कि सरकार एक ओर ईंधन कर में अपने हिस्से की कटौती करके रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें कम न करवाए और दूसरी तरफ आयात से खाद्य वस्तुओं का मूल्य नीचे न लाए। वास्तव में, मौद्रिक नीति तभी थोक मूल्य सूचकांक नीचे लाने में सफल हो सकती है जब आर्थिक गतिविधियों की एवज पर खुदरा मुद्रास्फीति कम न हो। रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर 4 फीसदी से बढ़ाकर 4.4 प्रतिशत कर देने से खुदरा मूल्य में कमी होने की बजाय बैंकों से लिए कर्ज की सूद दर में बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप आर्थिक गतिविधियों में कमी आएगी। रेपो दर में वृद्धि भारत की आर्थिक प्रगति को धीमा करेगी।

विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविड मालपास ने प्रगति, सुरक्षा और स्थिरता को चुनौती नामक अपने भाषण में कहा : मुद्रास्फीति लगातार बढ़ रही है, इससे विश्वभर में परिवारों की वास्तविक आय घटेगी, खासकर गरीबों की। खाद्य मूल्य में हरेक एक प्रतिशत की वृद्धि आगे 1 करोड़ व्यक्तियों को अत्यंत गरीबी में धकेल देती है। अमीर तबका तो खाद्य वस्तुओं में अचानक मूल्य बढ़ोतरी को झेल लेता है लेकिन गरीब नहीं कर पाता। इससे कुपोषण बढ़ने की आशंका है और इसकी अपूरणीय क्षति सबसे ज्यादा बच्चों के स्वास्थ्य को होगी। भारत के लगभग 50 करोड़ लोग ग्रामीण इलाके में सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर तबके से और शहरों की मलिन बस्तियों में रहने वाले गरीब हैं, बढ़ती मुद्रास्फीति दर उन्हें और आगे अत्यंत गरीबी में धंसा देगी। घटती दिहाड़ी, कोविड-19 महामारी, ऊंची ग्रामीण बेरोजगारी दर, आय असमानता और उच्च खाद्य मुद्रास्फीति का दूरगामी विपरीत असर भारत में गरीबी उन्मूलन प्रयासों पर पड़ेगा। गरीब, जो अभी भी कोविड-19 के मारक असर से उबरने की प्रक्रिया में हैं, ऐसे में उन पर मुद्रास्फीति का और प्रतिकूल प्रभाव होगा।

डीजल और पेट्रोल के औसत मूल्य में वर्ष 2015 के दामों में क्रमशः 53 और 66 रुपये का इफाजा होकर मई 2022 में क्रमशः 96 और 110 रुपये हो गया है, वहीं घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 600 रुपये से 1000 रुपये, खाद्य तेल का रेट 125 रुपये से 200 रुपये , तो दालें, सब्जियां, फल, दूध, अंडे, मछली, मीट और अन्य वस्तुओं के दामों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी ने आम आदमी का जीवनयापन दूभर कर दिया है। हालांकि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक इस अवधि में औसत ग्रामीण मजदूर की दिहाड़ी वर्ष 2015 में 224 रुपये में बढ़कर 2020 में 286 रुपये हुई है। 2015 से 2022 के बीच सात सालों में आवश्यक वस्तुओं के दामों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है, जबकि वास्तविक आय दर में इजाफा महज 22 फीसदी हुआ। यह आंकड़े बताते हैं कि मुद्रास्फीति ने गरीब की आय पर चोट कर उनका जीवन मुश्किल कर दिया है क्योंकि उनके कुल खर्च का बड़ा हिस्सा खाने-पीने पर खपता है। इसका कुल मिलाकर हश्र यह होगा कि गरीब की कमाई घटेगी और उसे न्यूनतम जीवनशैली बनाए रखने के लिए भी कर्ज लेना पड़ेगा। एनएसएसओ की रिपोर्ट के अनुसार पिछले कुछ सालों में ग्रामीण भारत में लोगों को अपने खान-पान के खर्च में भारी कटौती करनी पड़ी है। आगे मुद्रा स्फीति बढ़ते रहने का असर बच्चों, महिलाओं और गरीबों के स्वास्थ्य और पोषण गुणवत्ता पर जारी रहेगा क्योंकि उनकी प्रतिदिन की कैलोरी जरूरतें पूरी न होंगी। इसलिए खाद्य एवं ईंधन मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने, ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने, आय असमानता घटाने, गरीब की सहायता , आवश्यक वस्तुओं के सार्वजनिक वितरण को सुदृढ़ करने और औसत दिहाड़ी मजदूरी बढ़ाने के लिए संवेदनशील सरकारी दखलअंदाजी जरूरी है। इन नीतिगत उपायों से जीवनयापन की लागत और गरीब पर मुद्रास्फीति का प्रभाव काफी कम किया जा सकता है।

# आतंक के फन को कुचलने की जरूरत

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद से घाटी में सुरक्षा बलों के एनकाउंटर में सर्वाधिक आतंकवादी मारे गए हैं। जम्मू-कश्मीर में युवाओं के आतंकी संगठनों में भर्ती का मुद्दा सुरक्षा बलों के लिए चिंता का विषय है लेकिन राहत की बात यह है कि युवाओं को आतंकवाद के खिलाफ जागरूक करने के चलते आतंकी संगठनों में स्थानीय स्तर पर अब भर्तियां काफी कम हो रही हैं। सीआरपीएफ के अनुसार वर्ष 2018 में जहां आतंकी संगठनों में 187 स्थानीय लोग भर्ती हुए, वहीं 2019 में 121, 2020 में 181 तथा 2021 में 142 स्थानीय लोग इनमें भर्ती हुए लेकिन 8 मई 2022 तक केवल 28 स्थानीय लोगों ने इन संगठनों का दामन थामा।



योगेश कुमार गोयल
लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं



भारत पिछले कई वर्षों से आतंकवाद से जूझ रहा है। अब तक हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके हैं। अनेक परिवार तबाह हो चुके हैं। उन्मादी सोच और जेहादी मंसूबों वाले विवेकशून्य आतंकी अपने आकाओं के जहरीले इशारों पर न जाने हर साल कितने बेकसूर लोगों को मौत की नींद सुला देते हैं। जम्मू-कश्मीर तो दशकों से आतंक के खौफ के साये में जी रहा है। देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी वाहन में आतंकी निदोर्षों के लहू से होली खेलकर आनंदित होते रहे हैं। 21 मई, 1991 को देश के सातवें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद तत्कालीन वीपी सिंह की सरकार ने इस तिथि को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। आतंकवाद विरोधी दिवस वास्तव में उन लोगों को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आतंकवादी हमलों में अपनी जान गंवाई और यह दिवस उन हजारों सैनिकों के बलिदान का सम्मान भी करता है, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी। शांति और मानवता का संदेश फैलाना, लोगों के बीच आपसी सद्भाव का बीजारोपण कर उनमें एकता को बढ़ावा देना, युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के पथ से दूर रखना, किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आकर आतंकी गुटों में शामिल होने से युवाओं को बचाने के लिए उन्हें आतंकवाद के बारे में सही ढंग से शिक्षित-प्रशिक्षित करना, उनमें देशभक्ति जगाना, आम आदमी की पीड़ा और जीवन पर आतंकवाद के घातक प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक करना भी आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य है।

भारत में आतंकी घटनाओं के संबंध में तो दशकों से जगजाहिर है कि पाकिस्तान की आईएसआई भारत को असंतुलित करने के घृणित प्रयासों के तहत आतंकी संगठनों की हरसंभव मदद करती रही है और उसके इन नापाक इरादों का खामियाजा भारत की निर्दोष जनता बरसों से भुगत रही है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों से देश में आतंकवादियों की कमर तोड़ने के लिए जिस तरह के सख्त कदम उठाए गए हैं, उसके चलते देशभर में आतंकी घटनाओं में कमी दर्ज की जा रही है। बावजूद इसके जम्मू-कश्मीर में अभी भी पाकिस्तान के पाले-पोसे भाड़े के टट्टू मासूम लोगों के खून से होली खेलने को लालायित रहते हैं। मगर हमारे जांबाज सुरक्षा बल आए दिन, शोपियां हो या कुपवाड़ा या घाटी का अन्य कोई क्षेत्र, कहीं न कहीं मुठभेड़ में दुर्दान्त आतंकियों को ढ़ेर कर रहे हैं। पिछले तीन-चार वर्षों में ही सुरक्षा बलों द्वारा सैकड़ों कुख्यात आतंकियों को कुत्ते की मौत मारा जा चुका है। आतंकियों के खिलाफ चल रहे सुरक्षा बलों के अभियान के चलते इस वर्ष अब तक 75 आतंकियों को मार गिराया गया है, जिनमें 20 से ज्यादा विदेशी आतंकी भी शामिल थे। दूसरी ओर इन आतंकियों के सरपरस्त पाकिस्तान को भी पूरी दुनिया के सामने बेनकाब करने और उसकी आर्थिक रीढ़ तोड़ने के प्रयास भी लंबे समय से जारी हैं, जिनमें सफलता मिल भी रही है।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद से घाटी में सुरक्षा बलों के एनकाउंटर में सर्वाधिक आतंकवादी मारे गए हैं। जम्मू-कश्मीर में युवाओं के आतंकी संगठनों में भर्ती का मुद्दा सुरक्षा बलों के लिए चिंता का विषय है लेकिन राहत की बात यह है कि युवाओं को आतंकवाद के खिलाफ जागरूक करने के चलते आतंकी संगठनों में स्थानीय स्तर पर अब भर्तियां काफी कम हो रही हैं। सीआरपीएफ के अनुसार वर्ष 2018 में जहां आतंकी संगठनों में 187 स्थानीय लोग भर्ती हुए, वहीं 2019 में 121, 2020 में 181 तथा 2021 में 142 स्थानीय लोग इनमें भर्ती हुए लेकिन 8 मई 2022 तक केवल 28 स्थानीय लोगों ने इन संगठनों का दामन थामा। सीआरपीएफ के अनुसार जम्मू-कश्मीर में इस समय कम से कम 168 से ज्यादा आतंकी सक्रिय हैं, जिनमें 85 से ज्यादा विदेशी बताए जाते हैं। सुरक्षा बलों की मुस्तैदी के कारण पिछले 11 महीने में एलओसी के पास एनकाउंटर में कई आतंकियों का सफाया किया गया तथा घुसपैठ की दर्जनभर कोशिशें भी नाकाम की गईं। वर्ष 2021 में सुरक्षाबलों ने 180 आतंकवादियों को मार गिराया था, जिनमें से 18 विदेशी अतंकी थे। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक दुश्मन की ओर से संघर्ष विराम के उल्लंघन, घुसपैठ की कोशिश या किसी अन्य दुस्साहसिक प्रयास का कड़ाई से जवाब दिया जा रहा है और गत वर्ष आतंकवादी संगठनों के लिए काम करने वाले 495 ओवर ग्राउंड वर्कर पकड़े गए जबकि इस साल के शुरूआती चार महीनों में 87 ऐसे लोग पकड़े जा चुके हैं। सैन्य अधिकारियों का कहना है कि आतंकवाद रोधी सख्त अभियान तब तक पूरी ताकत से चलेगा, जब तक 168 से ज्यादा तमाम आतंकवादी आत्मसमर्पण नहीं कर देते या मारे जाते। केंद्र सरकार के प्रयासों से धीरे-धीरे आतंकी संगठनों की ओर युवाओं के रुझान में आती कमी आतंक की कमर टूटने की दिशा में सुखद संकेत है। अधिकारियों के मुताबिक शांति के फायदे लोगों तक पहुंचने से वे अब शांति बनाए रखने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। बहरहाल देश के कोने-कोने में लोगों को इस दिशा में जागरूक करना ही समय की सबसे बड़ी मांग है। तमाम अंतर्विरोधों को दरकिनार कर आतंकवाद के फन को कुचलने के लिए हरसंभव कठोर कदम उठाए जाने और एकजुट होकर आतंक के खौफ को मात देने की भी सख्त जरूरत है।

# जैव विविधता को सहेजने की जरुरत

अरविंद जयतिलक

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक ओर हम जैव विविधता के संरक्षण के प्रति चिंता जताते हुए संगोष्ठियां करते दिखते हैं, नए कानून बनाते हैं वहीं दूसरी ओर प्रति वर्ष लाखों. हेक्टेयर वन एवं करोड़ों जीवों का विनाश कर जैव विविधता को चुनौती परोसते हैं। फिर समझना कठिन हो जाता है कि हमारे इस दोहरे आचरण से जैव विविधता का संरक्षण कैसे होगा। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों वर्षों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों का विनाश किया है। उसके इस कृत्य से प्रकृति की तकरीबन एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हुई हैं और जीवों की संख्या में तकरीबन 50 फीसद की कमी आयी है। नतीजा इंसानी लालच की शिकार कई जीव अब विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुके हैं। उदाहरण के लिए आर्कटिक लोमड़ियों की संख्या तेजी से घट रही है। गत वर्ष पहले फिनलैंड की एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था जस्टिस फॉर एनीमल ने यह चिंता जताया कि इंसानी लालच की वजह से वन्य जीवों का अस्तित्व मिट रहा है। आर्कटिक लोमड़ियां जो माइनस 70 डिग्री सेंटीग्रेड से कम तापमान में भी अपने विशेष गर्म फर के कारण प्रसिद्ध हैं, का शिकार कर मोटा धन कमाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वन्य प्राणी संरक्षण की अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने आर्कटिक लोमड़ियों को सबसे कम चिंता वाली श्रेणी में रखा है। इसके बावजूद भी लक्जरी और लाइफस्टाइल के महंगे उत्पाद बनाने वाली अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां इनके फर महंगे दामों में बेचकर भारी मुनाफा कमा रही हैं। उदाहरण के तौर पर लुई विटन नामक प्रसिद्ध ब्रांड लोमड़ियों के फर से जैकेट बनाकर तकरीबन 6000 डॉलर में बेचता है। फिनलैंड में फर बेचने वाली सबसे बड़ी कंपनी सालाना 25 लाख लोमड़ी की खाल बेचती है। उसी का परिणाम है कि यूरोपिय देश नार्वे, स्वीडन और फिनलैंड में आर्कटिक लोमड़ियों की संख्या तेजी से कम रही है। फिलहाल इन तीनों देशों में आर्कटिक लोमड़ियों की संख्या घटकर 200 से भी कम हो चुकी हैं। आसमान में अपने करतबों के लिए चर्चित पक्षी हेन हैरियर का बड़े पैमाने पर शिकार हो रहा है। ब्रिटेन में रॉयल सोसायटी फॉर से प्रोटेक्शन ऑफ बर्डस् द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण से खुलासा हुआ है कि पिछले 6 साल में ब्रिटेन में हेन हैरियल की कुल संख्या यानी 545 जोड़ों में 88 जोड़ों यानी 13 प्रतिशत की कमी आयी है। इन पक्षियों की संख्या में ब्रिटेन में हर जगह कमी आ रही है। इंग्लैंड में इन पक्षियों के प्रजनन करने वाले महज चार जोड़े बचे हैं। स्कॉटलैंड में यह संख्या 505 से घटकर 460 और वेल्स में 57 से घटकर 35 रह गयी है। इसी तरह चीनी पैंगोलिन और गैंडा की भी तादाद कम हो रही है। पिछले एक दशक में अफ्रीका में 1.11 लाख हाथियां इंसनी क्रुरता का शिकार बनी। अफ्रीका में हर वर्ष 211 मिट्रिक टन हाथी दांतों का अवैध वैश्विक कारोबार होता है। भारत की बात करें तो यहां अवैध शिकार से सालाना 40 प्रतिशत हाथियों की मौत होती है। इसी तरह 2006 से 2015 के बीच काजीरंगा पार्क में 123 गैंडों को शिकार बनाया गया। साल 2013-16 के बीच देश में संरक्षित 1200 से अधिक जानवरों का शिकार किया गया। गौर करें तो वन्य जीवन पर खतरे के महत्वूर्ण कारणों में 71.8 प्रतिशत शिकार, 34.7 प्रतिशत बढ़ता शहरीकरण, 19.4 प्रतिशत ग्लोबल वार्मिंग, 21.9 प्रतिशत प्रदूषण और 62.2 प्रतिशत खेत बनते जंगल मुख्य रुप से जिम्मेदार हैं। अभी गत वर्ष ही नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मैक्सिको और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने दावा किया कि आगामी वर्षों में जीवों की कुल प्रजातियों में से 75 प्रतिशत विलुप्त हो सकती है। गौरतलब है कि यह शोध गत वर्ष प्रासीडिंग्स ऑफ द नेशलन एकेडमी ऑफ साइंसेज नामक जर्नल में प्रकाशित हुआ। इन आंकड़ों के मुताबिक पिछले सौ वर्षों में धरती से 200 वटीर्बेट जीवों की प्रजातियां विलुप्त हुई है, जबकि इतनी प्रजातियों की विलुप्ति दस हजार वर्षों में होनी चाहिए थी। शोध के नतीजे बताते हैं कि अब तक पृथ्वी पर जितने जीव हुए उनमें से 50 प्रतिशत से अधिक लुप्त हो चुके हैं। इनकी संख्या अरबों में है। 1900 से 2015 के बीच स्तनपायी जीवों की प्रजातियों का इलाका 30 प्रतिशत घट गया है। इनमें से 40 प्रतिशत प्रजातियों का इलाका 80 प्रतिशत तक कम हुआ है। गत वर्ष वर्ल्ड वाइल्ड फंड एवं लंदन की जूओलॉजिकल सोसायटी की हालिया रिपोर्ट से यह भी खुलासा हुआ कि 2020 तक धरती से दो तिहाई वन्य जीव खत्म हो जाएंगे। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में हो रही जंगलों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले चार दशकों में वन्य जीवों की संख्या में भारी कमी आयी है। इस रिपोर्ट में 1970 से 2012 तक वन्य जीवों की संख्या में 58 प्रतिशत की कमी बतायी गयी है। जलीय जीवों के अवैध शिकार के कारण 300 प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। जलीय जीवों के नष्ट होने का एक अन्य कारण फफूंद संक्रमण और औद्योगिक इकाईयों का प्रदूषण भी है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं, विभिन्न प्रकार के रोग, जीवों की प्रजनन क्षमता में कमी भी प्रमुख कारण हैं। इन्हीं कारणों की वजह से यूरोप के समुद्र में ह्वेल और डॉल्फिन जैसे भारी-भरकम जीव तेजी से खत्म हो रहे हैं। एक आंकड़े के मुताबिक भीड़ बकरियों जैसे जानवरों के उपचार में दिए जा रहे खतरनाक दवाओं के कारण भी पिछले 20 सालों में दक्षिण-पूर्व एशिया में गिद्धों की संख्या में कमी आयी है। भारत में ही पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है। गिद्धों की कमी से मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ हो रहा है और किस्म-किस्म की बीमारियां तेजी से पनप रही हैं। गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वैज्ञानिकों का निष्कर्ष है कि पेड़ों की अंधाधुध कटाई और जलवायु में हो रहे बदलाव के कारण कई जीव जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो सकती हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिर विविधता और पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं पर उसका नकारात्मक असर पड़ना तय है। यह आशंका इसलिए अकारण नहीं है कि पृथ्वी पर करीब 12 करोड़ वर्षों तक राज करने वाले डायनासोर नामक दैत्याकार जीव के समाप्त होने का कारण मूलतः जलवायु परिवर्तन ही था।

## संक्षिप्त खबरें

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

गजरौला। कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए ।जोया के मोहल्ला इकबाल नगर निवासी फरमान व इरफान दिल्ली में काम करते हैं। शुक्रवार रात दोनों बाइक से घर वापस लौट रहे थे। नेशनल हाईवे पर गांव शहवाजपुर डोर के पास पीछे से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। आरोपी चालक कार समेत फरार हो गया। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई करने की बात कही।

### राजकीय महाविद्यालय गंगेश्वरी मे संगोष्ठी का आयोजन

रहरा। राजकीय महाविद्यालय गंगेश्वरी में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आतंकवाद निरोधक दिवस मनाया गया ।जिसमें निबंध प्रतियोगिता एवं सहजोठी का आयोजन किया गया ।इसके साथ ही सड़क सुरक्षा वह जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनमानस को यातायात के नियमों का पालन करना हेतु जाता अभियान चलाया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने रैली पोस्टर व नारों के द्वारा क्षेत्रवासियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया इस कार्यक्रम में डॉ पूनम शर्मा डॉ वंदना भारद्वाज ने सभी छात्र छात्राओं के उत्साह वर्धन किया डॉ दिलीप कुमार ने आतंकवाद के दुष्परिणाम के विषय में बताया महाविद्यालय प्रचारक डॉ पुष्पेंद्र कुमार ने सड़क सुरक्षा के प्रति सभी को जागरूक किया।

### ठेले, खोमचे व रेहडी वालो के लिए बनायें वेडिंग जोनः मिश्रा

बिजनौर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद बिजनौर मे स्थित नालो की सफाई की जानकारी संबंधित अधिशासी अधिकारी से ली ।उनके संज्ञान मे लाया गया कि क्षेत्र मे 08 नालो की सफाई करायी गयी है। जिलाधिकारी ने तहसीलदार व नायाब तहसीलदार से कहा कि वह नालो की सफाई के कार्यो को चैक करें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिजनौर, हल्दौर, झालू व मण्डावर आदि से कहा कि वह ठेले, खोमचे व रेहडी वालो के लिए वेडिंग जोन के प्रस्ताव को बनाकर दो दिन मे बोर्ड से पास करा कर इसकी व्यवस्था कराए साथ ही पार्किगं ऐरिया चिन्हित करे तथा सुनिश्चित करें कि अवैद्य टैक्सी स्टैड संचालित ना हो। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद किरतपुर के अधिशासी अधिकारी से तालाबो के सौन्र्दयीकरण की जानकारी ली। अधिशासी अधिकारी ने बतायाकि 08 तालाबो का सौन्र्दयीकरण कराया गया है। उन्होंने कहा कि अपर जिलाधिकारी प्रशासन से सौन्र्दयीकरण के कार्यो को चैक करायें।

# मैस्को इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्रों को टैबलेट वितरित

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



मैस्को इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई डिजीशक्ति योजना के तहत मुफ्त टैबलेट वितरित किया गया ।सेमिनार हॉल में डी. फामेर्सी अंतिम वर्ष के छात्रों को वितरित किए गए ।मुख्य अतिथि डॉ. जय पाल सिंह व्यास एमएलसी और विशिष्ट अतिथि श्री रामज्ञकुमार डीआईओएस तत्काल कारण से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। छात्रों की सभा को संबोधित करते हुए डॉ. गजाला परवीन ने कहा कि राज्य के छात्रों को तकनीकी रूप से अधिक मजबूत बनाने के लिए यह योजना शुरू की गई है और इससे उन्हें उनकी पढ़ाई में मदद मिलेगी छात्रों को प्रबंधक डॉ अशर तौसीफ द्वारा भी सलाह दी गई थी। कि कोविड महामारी का शिक्षा पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है और जो छात्र डिजिटल उपकरणों का खर्च नहीं उठा सकते वे नुकसान में थे इसलिए इस योजना का उद्देश्य जिले के सभी कॉलेज के छात्रों को उपकरण प्रदान करना है ।जिनके पास टैबलेट और मोबाइल फोन नहीं है ताकि वे अपनी शिक्षा जारी रख सकें प्रो डॉ. मुजीब उर रहमान ने कहा कि युवाओं को कक्षाओं में भाग लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, इसलिए सरकार ने युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित करने का फैसला किया ताकि वे बिना किसी समस्या के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया यह अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए है कि सरकार की सेवाएं बेहतर ऑनलाइन बुनियादी ढांचे और इंटरनेट कनेक्टिविटी को बढ़ाकर या देश की प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में डिजिटल रूप से सशक्त बनाकर नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध कराई जा सकें दोनों अतिथियों ने संस्थान को अपनी शुभकामनाएं भेजीं और छात्रों के अच्छे भाग्य और समृद्धि की कामना की।

### आंधी उड़ा ले गई आम की मिठास, पेड़ों से टूटकर गिरा कच्चा आम

**अमरोहा।** आम की फसल पर मौसम की मार पड़ी है। बीती रात आई आंधी आम की फसल पर आफत बनकर टूटी। कच्चा आम पेड़ों से टूक कर गिर गया। 20 फीसदी तक उत्पादन प्रभावित होगा। कच्चे आम के खरीददार नहीं मिलने से उत्पादक औने-पौने दाम पर बिक्री करने के लिए मजबूर हैं। उद्यान विभाग की टीम नुकसान की रिपोर्ट शासन को भेजेगी। जिले में 20 हजार हेक्टेयर भूमि पर आम की खेती की जाती है। इस बार सामान्य से अधिक तापमान रहने के चलते आम की फसल को शुरू सीजन से नुकसान बताया जा रहा है। जिले में तीन लाख मीट्रिक टन से अधिक आम उत्पादन की उम्मीद जताई गई है लेकिन मौसम की मार ने बाग स्वामियों के सपनों पर पानी फेर दिया है। शुरू सीजन से लेकर अब तक आंधी का कहर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक आंधी आम की फसल पर आफत बनकर टूट रही है। 20 फीसदी से अधिक कच्चा आम पेड़ों से झड़ गया है। बाग स्वामी और ठेकेदारों को नुकसान उठाना पड़ेगा। शुक्रवार रात आई आंधी के बाद भी बागों में पेड़ों से टूटकर गिरे कच्चे आम के ढेर लग गए। 20 से 30 फीसदी तक नुकसान बताया जा रहा है।

# ईट भट्ठा मजदूर की फावड़े से गर्दन काटकर हत्या

डिडौली, प्रात: किरण संवाददाता



डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा में ईट भट्ठा मजदूर की उसके ही साथी ने फावड़े से गर्दन काटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जानकारी पर हड़कंप मच गया। सूचना पर सीओ सिटी समेत कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना किया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी।थाना क्षेत्र के गांव पतेई खालसा निवासी मोहम्मद आरिफ का गांव के ही जंगल में ईट भट्ठा है। यहां प्रयागराज जिले के सोराब थाना क्षेत्र के गांव उदयचंदपुर निवासी संतोष कुमार व प्रयागराज जिले के ही नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कोठीहार निवासी श्यामू ईट पकाने का काम करते हैं। शुक्रवार रात संतोष की ड्यूटी एक बजे तक थी। श्यामू की ड्यूटी इसके बाद शुरू हुई। बताया जाता है कि इसी दौरान संतोष व श्यामू के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद के शांत होने पर संतोष ईट भट्ठा परिसर में ही सो गया। आरोप है कि इसी दौरान श्यामू ने फावड़े से संतोष कुमार की गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। संतोष की मौके पर मौत हो गई। आरोपी श्यामू मौके से फरार हो गया। खून से लथपथ संतोष का शव मौके पर पड़ा देख भट्ठे पर मौजूद अन्य मजदूरों के बीच चीख पुकार मच गई। सूचना पर एसएसआई सुकर्मपाल राणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, जांच-पड़ताल की। सीओ सिटी विजय कुमार राणा ने भी मौका मुआयना किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सीओ सिटी के मुताबिक मामले में मृतक संतोष के चचेरे भाई बच्चू लाल की तहरीर पर हत्यारोपी श्यामू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीमों के जुटा होने व जल्द उसकी गिरफ्तारी किए जाने की बात कही।

### पुलिस परिवार केन्द्र ने परिवार को टूटने से बचाया

**बिजनौर।** पुलिस परिवार केन्द्र की ओर से परिवारों को टूटने से बचाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को 01 परिवार को एक साथ रहने के लिए राजी किया गया। डॉ0 धर्मवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में पुलिस लाइन प्रांगण में पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र की बैठक कर सुनवाई की गई। इस बैठक में परिवार परामर्श केन्द्र में 04 मामलों को सुना गया, इसमें आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से परिवार टूटने के कगार पर था। परिवार परामर्श केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी व विभिन्न क्षेत्रों से नामित सदस्यों की ओर से दोनों पक्षों की बातो को विधिवत सुना गया, जिसमें परिवार परामर्श के सदस्यों की सूझ-बूझ से पति-पत्नि के मध्य आपसी मनमुटाव व कलह को दूर करते हुए 01 परिवार को आपसी समझौता कराया गया उक्त जोड़े ने फिर से एक साथ जीवन व्यतीत करने हेतु अपनी सहमति जताई परिवार परामर्श के सदस्यों द्वारा दम्पत्ति जोड़े को हंसी खुशी एक साथ विदा किया गया एवं अन्य मामलों में अगली तारीख दी गई है। परिवार परामर्श के दौरान उ0नि0 सविता तोमर, महिला आरक्षी शिवाली चैहान, निशा तोमर, रुबी, रीना, रचना, पूनम उपस्थित रहें।

# तूफान से चंदनपुर शुगर मील का टीन शेड क्षतिग्रस्त



हसनपुर, प्रात: किरण संवाददाता

क्षेत्र में संचालित त्रिवेणी शुगर मील मे बीती रात आई भयंकर आंधी और तूफान से परिसर में लगें मिल हाउस,ड्रायर हाउस, सेन्ट्रीफ्युगल हाउस एवं सल्फर हाउस आदि स्थानों पर लगे टीन शेड उखड़ गए।एवं हवा के अत्यधिक वेग के कारण टीने जगह-जगह से उखड़कर दूर दूर जाकर गिर गई।

रात्रि होंने के कारण कोई जन-हानि अथवा दुर्घटना घटित नहीं हुई। केवल माल के कारण चीनी मील को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। इसके अतिरिक्त सेल्स आफिस के पास लगे विद्दुत पोल भी उखड़ कर गिर गए।जिस पर लगी हुई लाइटें गिर गई। चीनी मील मे निगरानी के लिए जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरे भी टूट कर छतिग्रस्त हो गए।इसके अलावा चीनी मील पयार्वरण दिवस पर जगह-जगह वृक्षारोपण करती रहती है।और चीनी मील परिसर मे लगें विभिन्न प्रजातियों के पेड़ उपलब्ध है।इस तूफान से वह भी टूट कर उखड़ गए।इस तूफान से चीनी मील को भारी आर्थिक क्षति हुई है।

### एनआईए के पुलिस उपाधीक्षक तंजील अहमद हत्याकाण्ड का मामला

**बिजनौर।** गौरतलब है कि दिनांक 02 अप्रैल 2016 को एनआईए के पुलिस उपाधीक्षक तंजील अहमद व उनकी पत्नी फरजाना की मुनीर तथा उसके साथियों द्वारा हत्या कर दी गयी थी। दिनांक 16 अप्रैल 2022 को इस अभियोग से सम्बन्धित गैंगस्टर एक्ट में न्यायालय द्वारा अभि0 मुनीर को 10 वर्ष के कारावास व 01 लाख रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया था। पुलिस उपाधीक्षक एवं उनकी पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी के उपरान्त शनिवार को न्यायालय द्वारा मुख्य अभि0 मुनीर तथा सहअभियुक्त रैय्यान नि0गण, बिजनौर को फांसी की सजा से दंडित किया गया। मुनीर अन्तर्राज्यीय गैंग का गैंग लीडर (गैंग कोड संदआई0एस 32/1) तथा हिस्ट्रीशीटर है। मुनीर के खिलाफ विभिन्न जनपदों राज्यों में कुल 33 अभियोग पंजीकृत है तथा शासन द्वारा चिन्हित राज्य स्तरीय आपराधिक माफिया घोषित है। उपरोक्त अभिगणों की सजा से शासन एवं पुलिस प्रशासन के प्रति आम लोगों का विश्वास उत्पन्न हुआ है तथा अपराधियों में भय का माहौल व्याप्त हुआ है।

# कंप्यूटर एवं दूरसंचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधीः ओमकार कटारिया

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

जिला कांग्रेस कमेटी अमरोहा द्वारा जिला कार्यालय पर भारत रत्न प्राप्त पूर्व प्रधानमंत्री कंप्यूटर क्रांति के जनक एवं संचार क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी के शहादत दिवस पर उनके चित्र पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई रेलवे स्टेशन रोडवेज अड्डा जिला अस्पतालों में मरीजों एवं गरीब व्यक्तियों को फलों का वितरण किया गया एवं कार्यालय पर विचार संगोष्ठी की गई ।जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा भारत रत्न प्राप्त पूर्व प्रधानमंत्री पंचायत राज व्यवस्था के कंप्यूटर एवं संचार क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी जी का बलिदान दिवस है हम सब लोग स्वर्गीय राजीव गांधी जी के पद चिन्हों पर चलकर उनके अधूरे सपनों को पूरा करें उन्होंने इस देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए देश को टूटने नहीं दिया देश की अखंडता और एकता पर आंच नहीं आने दी अलक वादियों



के आगे अपने आप को देश के लिए कुर्बान कर दिया देश में पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत बनाया सशक्त एवं मजबूत बनाया ग्रामो का विकास हो सके कंप्यूटर एवं संचार क्रांति का आगाज किया आज पूरे देश के व्यक्ति पर कंप्यूटर और मोबाइल है सारी दुनिया और देश संचार क्रांति पर निर्भर है बिना संचार क्रांति के बगैर कोई कार्य नहीं हो रहा है ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया, डॉ अहमद मुतुर्जा, हरिओम पुष्कर, अफसर अली सैफी, मकसूद अंसारी, आसिम हुसैन साबरी, साजिद अल्वी, धर्मेंद्र जाटव,सत्तार सैफी, अनवर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# 30 जून तक जनपद में प्रभावी रहेगी धारा 144: अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) बिजनौर विनय कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिये कतिपय प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किया जाना आवश्यक है तथा जनपद में विभिन्न परीक्षायें, आसन्न है उक्त के दृष्टिगत विश्वस्त सूत्रों एवं विभिन्न समाचार पत्रो में प्रकाशित खबरो से संज्ञानित है कि जनपद में कुछ अवांछनीय तथा असमाजिक तत्व सक्रिय होकर जनपद की लोक प्रशांति एवं साम्प्रदायिक सौर्हाद को प्रभावित कर सकते है । उक्त के दृष्टिगत जनपद बिजनौर में लोक प्रशांति बनाये रखने हेतु अविलम्ब निषेधाज्ञा लागू किया जाना आवश्यक हो गया है। अतः जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्रों में दण्ड प्रक्रिया सहिता की धारा 144 लागू की जाती है। जोकि दिनांक 30 जून, 2022 तक प्रभावी रहेगी। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) बिजनौर विनय कुमार सिंह ने बताया कि जनपद बिजनौर की सीमा के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति 05 या उससे अधिक के समूह में न तो एकत्र होगा और न ही कोई ऐसी गतिविधि में लिप्त होगा जिससे कोविड -19 के संक्रमण के बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो । उन्होंने कहा कि जनपद बिजनौर की सीमा के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति ६ व्यक्तियों का समूह किसी आग्नेयास्त्र अथवा किसी धारदार एवं नुकीले अस्त्र - शस्त्र लाठी डण्डा को लेकर विचारण नहीं करेगा तथा 05 से अधिक व्यक्ति एक जगह एकत्र नहीं होंगे। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) बिजनौर विनय कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति ईट , पत्थर , लाठी , डंडा , भाला , ज्वलनशील पदार्थ जैसे तेजाब , विस्फोटक पदार्थ , शीशे की बोतले आदि न तो एकत्र करेगा और न ही हिंसा के लिये इनका उपयोग करेगा और न ही किसी को ऐसा करने के लिये प्रेरित करेगा और न ही मजबूर करेगा ।कोई व्यक्ति या समूह किसी एक स्थान पर बिना किसी अनुमति के इकट्ठा नहीं होंगे तथा किसी भी प्रकार से जुलूस आदि नही निकालेगें।

### शासन की सख्ती बेअसर, धड़ल्ले से दौड़ रहे डग्गामार

**हसनपुर।** रहरा-गंवा मार्ग पर डग्गामार वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। शासन की सख्ती भी यहां बेअसर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है ।क्षेत्र में डग्गामार वाहनों में बस, टैम्पो व मैक्स आदि वाहन संचालित हैं। इन वाहनों के चालक यातायात नियमों को भी ठेंगा दिखा रहे हैं। बसों की छत तक पर यात्री सफर कर रहे हैं। टैम्पो के पायदान पर यात्रियों को लटके हुए देखा जा सकता है। कई डग्गामार वाहन तो दिल्ली तक दौड़ लगा रहे हैं। शिकायत के बावजूद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। गौरतलब है कि हाल ही में शासन ने डग्गामार वाहनों के संचालन पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया था। इसके बाद जिम्मेदार अफसरों ने एक दिन अभियान भी चलाया लेकिन इसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की। यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले डग्गामार वाहनों का लगातार संचालन क्षेत्र में हादसों का सबब बना है।

# एडीजी राजकुमार ने किया छत्रपति शिवाजी नगर पुलिस चैकी का उद्घाटन

नगीना, प्रात: किरण संवाददाता

बरेली जोन के एडीजी राजकुमार ने नगीना में छत्रपति शिवाजी नगर की नवनिर्मित पुलिस चैकी का विशेष पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया। बड़ा मंदिर मुक्तेश्वरनाथ के पुजारी डॉ पंडित विपिन चन्द्र त्रिपाठी ने पूजा अर्चना कराई। एडीजी राजकुमार के साथ एसपी डॉ धर्मवीर सिंह, सीओ सुमित शुक्ला व थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा मौजूद रहे। यूपी पुलिस के बरेली जोन के एडीजी राजकुमार आज पूर्वाह्न 11 बजे नगीना पंहुचे उनके साथ एसपी बिजनौर डॉ धर्मवीर सिंह थे ।नगीना में सीओ सुमित शुक्ला व थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने एडीजी राजकुमार व एसपी डॉ धर्मवीर सिंह को बुके भेंट कर स्वागत किया।

एसआई अजय कुमार, कृष्णपाल सिंह समेत थाना नगीना के सब इंस्पेक्टर मौजूद रहे। एसपी डॉ धर्मवीर सिंह के प्रयास से नगीना में हरेवली रोड पर बूड़ावाला की चुंगी के पास नगर के कॉलोनाईजर खुब्बू अग्रवाल ने अपनी भूमि पर पुलिस चैकी का निर्माण कराकर दिया है। नवनिर्मित



पुलिस चैकी का नाम छत्रपति शिवाजी नगर पुलिस चैकी रखा गया है। पुलिस चैकी के उद्घाटन के बाद एडीजी जोन राजकुमार ने पत्रकारों व नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ वार्ता की और सुझाव मांगे। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय पत्रकार परिषद के अध्यक्ष प्रदीप जैन, महामंत्री नोशाद अंसारी, गौरव गोयल,मनीष राणा, शहजाद अंसारी, आफताब अंसारी, कुंवर हर्षवर्धन सिंह, कामरान नसीम मंसूरी, कोतवाली ब्लॉक प्रमुख तृप्ति राजपूत के पति विकास राजपूत, गर्वित चैधरी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चैहान व अरविंद गहलौत, व अजीत अग्रवाल, शिवशंकर सक्सेना, महावीर सैनी, संजीव अग्रवाल उर्फ विक्की समेत तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### एसपी डॉ0 धर्मवीर सिंह ने किया है पुलिस विभाग का कायाकल्प

**नगीना।** पुलिस अधीक्षक बिजनौर का पद व कार्यभार संभालने के बाद से ही डॉ0 धर्मवीर सिंह थानों व चैकियों के जीर्णोद्धार व कायाकल्प करने काम में जुटे हुए हैं। डॉ धर्मवीर सिंह के कार्यकाल में जिले की पुलिसिंग में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। क्राइम का स्तर बहुत कम हो गया है और यदि कहीं कोई घटना घटित भी होती है तो पुलिस त्वरित कार्यवाही कर रही है। अधिकांश अपराधी,गुंडे,माफिया सरंडर कर जेल में है। कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी बेहतर हो गई है कि लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं और देर रात तक भी लोग बेखौफ होकर सड़कों, मोहल्लों व गलियों में आवागमन कर रहे हैं। एसपी डॉ धर्मवीर सिंह ने सबसे पहले नगीना थाना कोतवाली क्षेत्र की धामपुर मार्ग पर स्थित मझेड़ा पुलिस चैकी का जीर्णोद्धार कराया और पुलिस कर्मियों के लिए सभी सुविधाओं से युक्त पुलिस चैकी बनवा दी ।इसके बाद नगीना नगर की लाल सराय पुलिस चैकी का जीर्णोद्धार व नवीनीकरण कराया तथा बिजनौर रेलवे फाटक के चैराहे पर वातानुकूलित व भव्य पुलिस चैकी चित्तौड़गढ़ पुलिस चैकी का नवनिर्माण कराया। चित्तौड़गढ़ पुलिस चैकी तो रात में इतनी खूबसूरत लगती है कि लोग चैकी के सामने सेल्फी भी लेते हैं और यह चैकी पूरे चैराहे की रौनक बनी हुई है।

# भाजपा मंडल मंत्री से जिला अस्पताल में मारपीट, भाजपाइयों में रोष

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

बहन का उपचार कराने जिला अस्पताल पहुंचे भाजपा के गजरौला मंडल मंत्री ने डॉक्टरों व अन्य स्टॉफ पर कमरे में बंद कर मारपीट और गाली-गलौच करने का आरोप लगाया है। फोन पर शिकायत की तो सीएमओ ने भी सीएमएस से बात करने का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। आरोप है कि डॉक्टरों ने बहन का इलाज करने की बजाय उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया। पदाधिकारी के साथ मारपीट की घटना के बाद भाजपाइयों में रोष व्याप्त है। मामले में कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है ।गौरतलब है कि गजरौला के रहने वाले शक्ति सिंह भाजपा के गजरौला मंडल मंत्री है। उनकी बहन लक्ष्मी बीमार चल रही हैं। लिहाजा शुक्रवार की शाम शक्ति सिंह ने अपनी बहन लक्ष्मी को लेकर जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया था। शनिवार की सुबह लक्ष्मी सीने में बेचैनी के चलते करहा रहीं थी। तभी भाजपा नेता ने चिकित्सकों से लक्ष्मी का सही से चेकअप करने के



लिए कहा। आरोप है कि चिकित्सकों ने कह दिया कि मशीन लक्ष्मी का स्वास्थ्य ठीक बता रही है। इस पर भाजपा नेता कहा कि अगर मशीन ठीक बता रही है, तो वह इतनी बेचैन क्यों है। इस पर डॉक्टर ने कह दिया कि लड़कियां इस तरह का ड्रामा करती ही हैं। डॉक्टर के बेतुके बयान पर भाजपा नेता ने नाराजगी जताई। उन्होंने ठीक से उपचार करने के लिए कहा। आरोप है कि इस पर चिकित्सक भड़क गए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर अन्य चिकित्सक व स्टाफ मौके पर आ गया। सभी ने मिलकर भाजपा नेता शक्ति सिंह को कमरे में बंद कर उनके साथ हाथापाई की। सुरक्षा गार्ड डंडे से मारने के लिए उतारू हो गए। अस्पताल में अप्रेंटिस करने वाले छात्रों पर भाजपा नेता का मोबाइल छीनने की कोशिश करने का आरोप है।

### सीएमओ पर भी हीलाहवाली का लगाया आरोप

अमरोहा। आरोप है कि भाजपा नेता ने सीएमओ डॉ. संजय अग्रवाल को फोन कर घटना की जानकारी दी तो उन्होंने सीएमएस से बात करने का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया और कह दिया कि वह कहीं बाहर हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में एकत्र हुए डॉक्टर व स्टाफ में से कुछ ने भाजपा नेता को बचाया।

### घटना से भाजपा कार्यकताओं व पदाधिकारियों में रोष

**अमरोहा।** भाजपा नेता ने डॉक्टरों के बर्ताव संबंध में पार्टी के जिलाध्यक्ष ऋषिपाल नागर, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शुभम चौधरी और गजरौला मंडल के अध्यक्ष को जानकारी दी। जानकारी मिलने पर भाजपा के कुछ पदाधिकारी जिला अस्पताल भी पहुंचे ।लेकिन सीएमएस और आरोपी डॉक्टर मौके पर नहीं मिले। इस पर वह वापस लौट आए। भाजपा नेता का आरोप है कि डॉक्टरों ने इलाज करने की बजाय उनकी बहन को मेरठ के लिए रेफर कर दिया। पार्टी के पदाधिकारी से मारपीट के बाद भाजपाइयों में डॉक्टरों के प्रति रोष व्याप्त है। मामले में किसी पक्ष की तरफ से कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

**वर्जन...**
मेरे पास फोन आया था तो मैंने उन्हें सीएमएस से बात करने के लिए बोल दिया था। इसके बाद क्या हुआ मुझे जानकारी नहीं है। : डॉ. संजय अग्रवाल सीएमओ

**वर्जन...**
मंडल मंत्री का मेरे पास फोन आया था तो मैंने उन्हें रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कह दिया था। मामले की जांच होगी तभी तो स्पष्ट होगा कि गलती किसकी है। :ऋषिपाल नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष

**वर्जन...**
शुक्रवार की शाम भाजपा नेता ने किसी मरीज को अस्पताल में भर्ती कराया था ।शनिवार की सुबह वह डॉ प्रांजल मिश्रा से ऊंची आवाज में बात कर रहे थे। जिस बात को लेकर केवल कहासुनी हुई थी। मारपीट करना या बंधक बनाने के आरोप गलत हैं। : डॉ चरन सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर मे आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

तहसील सदर मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने अधिकारियो से कहा कि वह प्राप्त शिकायती व प्रार्थना पत्रो का गुणवत्तापरक ढंग से समयबद्वता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराये। उन्होंनें कहा कि आमजन की शिकायतो का गुणवत्तापरक निस्तारण मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं मे है इसलिए निस्तारण मे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इस अवसर पर 41 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमे से 03 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया शेष के समयसीमा के अर्न्तगत निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि शासन से सम्पूर्ण समाधान दिवस व समेकित शिकायत निवारण प्रणली



(आई0जी0आर0एस0) प्रकरणो के निस्तारण की गुणवत्ता की जानकारी भी लिया जाता है इसलिए सभी अधिकारी आमजन की शिकायतो का प्राथमिकता पर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण डिफाल्टर श्रेणी मे नही होना चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की लाभार्थी परक योजनाओ में मिले आवासो को बेचने से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी तथा वसूली भी की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने काशीराम कॉलोनी बिजनौर निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग जो की एक दिव्यांग भी है को दिव्यागं पेशन दिलाये जाने के निर्देश दिए। जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी ने कहा कि बुजुर्ग दिव्यांग की हर संभव मद्द की जाएगी तथा उन्हे पेशन के साथ-साथ एक जोडी बैसाखी भी दिलाई जाएगी। इस अवसर पर एस0पी0 सिटी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विजय कुमार गोयल, पी0डी0 डीआरडीए ज्ञानेश्वर तिवारी, तहसीलदार बिजनौर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गरीबों को राशन से वंचित करना चाहती है भाजपा सरकार : सपा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर आरोप लगाया है कि सत्ता हासिल करने के लिये मुफ्त राशन का प्रलोभन देने वाली भाजपा अब पात्र और अपात्र की कंडीशन लगा कर गरीबों को राशन से वंचित करना चाहती है। सपा ने शनिवार को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गरीबों को राशन ना देने पड़े इसलिए नौटंकी कर रही भाजपा सरकार। पात्र और अपात्र की कंडीशन लगा गरीबों को राशन से वंचित करने की यह भाजपा की नई चाल है। गरीबों का वोट लेकर सत्ता तो हथिया ली। अब उन्हें वादे के मुताबिक पूरा राशन दे सरकार। गौरतलब है कि भाजपा सरकार ने दिशा निर्देश जारी कर राशन भोगी ऐसे परिवारों को चिन्हित करने को कहा है जो संपन्न होने के बावजूद मुफ्त खाद्यान्न योजना का लाभ ले रहे हैं।

### उप्र : टेंपो ट्रैवलर और टैंकर की टक्कर में महिला समेत तीन नेपाली नागरिकों की मौत

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-बहराइच राजमार्ग पर शनिवार सुबह एक टेंपो ट्रैवलर और पेट्रोल टैंकर के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में एक महिला समेत तीन नेपाली नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायलों में से चार की हालत गंभीर बनी हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कुंवर ज्ञानंजय सिंह के मुताबिक, बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर देहात कोतवाली क्षेत्र में बंजारी मोड़ के पास सुबह छह बजे लखनऊ की तरफ से नेपाल जा रहे एक टेंपो ट्रैवलर की सामने से आ रहे पेट्रोल टैंकर से भीषण टक्कर हो गई।

### फिरोजाबादः डबल डेकर बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत, 20 से अधिक सवारी घायल

फिरोजाबाद। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर थाना नसीरपुर क्षेत्र अन्तर्गत शनिवार को एक डबल डेकर बस पुलिया से टकरा गई। हादसे में बस चालक की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक प्राइवेट डबल डेकर बस बस्ती से सवारियां लेकर दिल्ली जा रही थी। बताया जाता है कि बस में लगभग 60 लोग सवार थे। बस जैसे ही नसीरपुर इलाके में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर माइल स्टोन संख्या 55 के पास पहुंची तभी अचानक अनियंत्रित होकर एक पुलिया से टकरा गई। घटना से लोगों में चीख-पुकार मच गई। हादसे की जानकारी सवारियों ने स्थानीय पुलिस को दी।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी राजीव गांधी को श्रद्धांजलि

वाराणसी। कांग्रेस कार्यकताओं ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 31वीं पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। जिले में कई स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। रामनगर के चौक कुंए के पास जुटे कार्यकताओं ने देश के लिए राजीव गांधी के योगदान का उल्लेख कर कहा कि वे ह्यभारत में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की नींव रखने वाले, 21वीं सदी के आधुनिक भारत के शिल्पी थे।

### फरक्का एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का संचालन 24 मई को प्रभावित

लखनऊ। उत्तर रेलवे प्रशासन लखनऊ मंडल के जौनपुर-महगांवा हॉल्ट के बीच 24 मई को कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। लखनऊ होकर 24 मई को यात्रा प्रारम्भ करने वाली 13009 हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस,13483 मालदा टाउन-दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस और 11056 गोदान एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का संचालन अस्थाई तौर पर प्रभावित रहेगा। उत्तर रेलवे प्रशासन के मुताबिक लखनऊ मंडल के जौनपुर-महगांवा हॉल्ट के बीच ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इसके चलते 24 मई को यात्रा प्रारम्भ करने वाली 13009 हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस और 13483 मालदा टाउन-दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस को बदले मार्ग बारास्ता वाराणसी-प्रतापगढ़ और लखनऊ होकर चलाया जायेगा। इसी तरह से 24 मई को यात्रा प्रारम्भ करने वाली 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोदान एक्सप्रेस, 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा गोदान एक्सप्रेस और 19046 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ताप्ती गंगा एक्सप्रेस को वाराणसी, प्रयागराज से क्रमशः 90 तथा 20 मिनट देरी से चलाया जायेगा।

# डेयरी क्षेत्र में काम करने की इच्छुक कंपनियों की करेंगे मदद : सीएम

लखनऊ,एजेंसी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि डेयरी क्षेत्र में काम करने की इच्छुक कंपनियों को राज्य सरकार हरसंभव मदद प्रदान करेगी। सीएम ने यहां एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि डेयरी क्षेत्र में रोजगार और राजस्व की व्यापक संभावनाएं देखते हुए सरकार सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से डेयरी इकाइयां खोलने की योजना बना रही है।

डेयरी क्षेत्र को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। डेयरी क्षेत्र में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने के लिए योजनाबद्ध प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सरकार यहां सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत डेयरी क्षेत्र में काम करने की इच्छुक कंपनियों को पूरा सहयोग देगी। सरकार के इस कदम से किसानों को फसल की खेती के साथ-साथ डेयरी व्यवसाय में भी मदद मिलेगी। नई डेयरी इकाइयां खुलने से सरकार को राजस्व भी मिलेगा। पशुपालन विभाग के कामकाज में व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विभाग के सरकारी अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में जिलों में भेजा जाए।

उन्हें गौशालाओं में अधिकतम सुविधाएं और जिलों में भूसा बैंक या चारा बैंक सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गौ तस्करी जैसे जघन्य अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। डेयरी क्षेत्र और पशुपालन किसानों की स्थिति को बेहतरी के लिए बदलने में बड़ी

**समीक्षा बैठक**

- नई डेयरी इकाइयां खुलने से सरकार को राजस्व भी मिलेगा: योगी आदित्यनाथ

भूमिका निभा सकते हैं। इससे गांव में गरीबी और असमानता कम होगी और गरीब ग्रामीण परिवारों को पोषण भी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालन राज्य के छोटे किसानों के लिए अतिरिक्त आय का एक बड़ा स्रोत बन सकता है और उद्यमिता में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का भी एक शानदार तरीका है।

### अतिक्रमण पर सीएम योगी सख्त, दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

लखनऊ। सड़क, कालोनी को अतिक्रमण का अड्डा बनाने वालों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगाहें टेढ़ी हो चुकी है। उन्होने व्यापारी तथा आमजनों से संवाद स्थापित करते हुये अतिक्रमण करने वाले माफिया तत्वों से कड़ाई से निपटने के निर्देश जारी किये हैं। योगी ने शनिवार को उच्च अधिकारियों की टीम-09 की बैठक में कहा कि अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, रिक्शा स्टैंड आदि को तत्काल समाप्त कराया जाए। ऐसे स्टैंड पर अवैध वसूली और माफिया/आपराधिक प्रवृत्ति के तत्वों की संलिप्तता होती है, इनकी पहचान कर बिना विलम्ब कठोरतम कार्रवाई की जाए। पार्किंग की स्थायी जगह सुनिश्चित करें।

# विद्या भारती मेरठ प्रांत के तत्वावधान में विद्या प्रवेश कार्यशाला का आयोजन

संभल, प्रात : किरण संवाददाता



नगर के चंदौसी रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संभल जिले के विद्या भारती के विद्यालयों की शिक्षिकाओं को विद्या प्रवेश कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, सदस्य संजय सांख्यधर और प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा और अमित वार्ष्णेय एवं सुबोध कुमार गुप्ता ने भारत माता के चरणों में पुष्प अर्पण करके किया। विद्यालय के प्रबंधक अशोक गर्गने ऑनलाइन माध्यम से कार्यशाला के सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर बच्चों को नई तकनीकी आधारित भारतीय मूल्यों को सहेजते हुए क्रियाकलाप आधारित शिक्षण प्रदान किए जाने पर चर्चा की गई। जिला संभल की शिशु वाटिका प्रमुख अंजू वार्ष्णेय ने कहा कि गर्भ से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों को संस्कार आधारित शिक्षा के नए आयाम तैयार किए हैं। इनमें बच्चों को 12 आयामों पर भारतीय वैदिक पद्धति पर आधारित शिक्षा दी जाएगी। इससे बच्चे समर्थ व स्वावलंबी बनेंगे। इसमें आधुनिक शिक्षा भी शामिल रहेगी। इन 12 आयामों में से प्रत्येक आयम का आधा घंटे का कालखंड होगा। इसमें बच्चों को प्रत्येक कालखंड में कमरा बदला जाएगा। पहला स्कूल होगा जिसमें बच्चे हर आधे घंटे में अपनी कक्षा का कमरा बदलेंगे। इस शिक्षा पद्धति में हर कमरे में बच्चो कला, गीत-संगीत, विज्ञान, चित्रकला के माध्यम से शिक्षित किया जाएगा मेरठ प्रांत के ग्रामीण शिक्षा के संभाग निरीक्षक हेमराज* ने कहा कि गतिविधि आधारित शिक्षण द्वारा छात्र अपना मूल्यांकन और अधिक आसान बना लेता है। इसमें छात्र एवं अध्यापक दोनों मिलकर गतिविधि करते हैं। इससे क्रियात्मकता, सक्रियता व सजगता बनी रहती है और सरसता का वातावरण बना रहता है। विद्यार्थी पढ़ाई को बोझिल एवं उबाऊ नहीं समझता है।पवॉसा विकासखंड के ए आर पी अमित वार्ष्णेय ने कहा कि ईसीसीई के अन्तर्गत शिशुओं की ज्ञानेन्द्रियों एवं कर्मेन्द्रियों के माध्यम से शिक्षा खेल, खोज एवं गतिविधि आधारित रहेगी। रटने के स्थान पर समझने पर अधिक ध्यान दिया जायेगा। बच्चों का सम्रग मूल्यांकन किया जायेगा। न्याय पंचायत भवानीपुर के संकुल शिक्षक सुबोध कुमार गुप्ता ने कहा जब शिक्षक शिक्षण की सहभागितापूर्ण पद्धतियों को प्रयोग करेंगे तो वे उनके फायदे पहचानने लगेंगे। जब शिक्षक खुद फायदों का अनुभव करेंगे तो वे नई पद्धतियां आत्मविश्वास से अपनाएँगे।

### परिवार कार्ड बनाकर एक परिवार एक रोजगार के वायदे को पूरा करेगी योगी सरकार

**लखनऊ।** योगी सरकार अपने संकल्प पत्र एक परिवार एक रोजगार के वायदे को पूरा करने के लिए परिवार कार्ड बनाने जा रही है।परिवार कार्ड बनाने में सरकार की मंशा प्रदेश भर के लोगों के सामाजिक और आर्थिक स्थिति का आंकलन करना है।यह कार्ड आधार से लिंक होगा। एक परिवार को कम से कम एक रोजगार की दिशा में यह कार्ड बड़ा कदम साबित होगा।सरकार विभिन्न योजनाओं और रिक्त पदों पर भर्ती करके इसे पूरा करने की तैयारी में जुटी हुई है।इस परिवार कार्ड में परिवार के सभी सदस्यों की जानकारियां दर्ज होंगी। परिवार में सदस्यों की संख्या से लेकर,उनकी उम्र व परिवार में नौकरी या रोजगार से जुड़े सदस्यों की सभी जानकारियां उपलब्ध रहेंगी। परिवार कार्ड बनने तक राशन कार्ड को ही आधार माना जाएगा।गौरतलब है कि चुनाव से पूर्व भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में अगले पांच वर्षों में एक परिवार को कम से कम एक रोजगार देने का संकल्प लिया था।अपने संकल्प पत्र में किए गए वायदे को पूरा करने के लिए योगी सरकार ने तैयारियां प्रारम्भ कर दी हैं।

# सीएम योगी समझते हैं किसानों का दर्द: चौधरी लक्ष्मीनारायण



- मुझे मेरठ से प्यार बहुत मिला

मेरठ, एजेंसी

गन्ना विभाग के मंत्री और प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण सिंह योगी सरकार में मंत्री बनने के बाद पहली बार शनिवार को मेरठ पहुंचे। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सुभाष चंद बोस प्रेक्षागृह में उन्होंने किसान सम्मेलन को संबोधित किया। किसानों से भरे हुए प्रेक्षागृह में मुख्य अतिथि गन्ना मंत्री ने संबोधित करते हुए चीनी मिल, गन्ना भुगतान व जाट आरक्षण संघर्ष का जिक्र किया। गन्ना मंत्री ने भारत माता की जय और चौधरी चरण सिंह अमर रहे... से अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि ऐसे विभाग के मंत्री के रूप में आने का मौका मिला है जो एक-एक परिवार से जुड़ा है। 1999 में जब जाट आरक्षण की लडाई लड रहे थे, तब जो आपका योगदान मिला, वह सराहनीय रहा। मेहनत और आशीर्वाद आपका था, श्रेय मुझे मिल गया।

ये सब आपकी बदौलत है। मुझे मेरठ से प्यार बहुत मिला। छह बार कैबिनेट में छाता की वजह से ही चुना जाता, वहां से विधायक जरूर बन जाता हूं, लेकिन मंत्री आपकी बदौलत बनता हूं। किसी को गलतफहमी हो वह बलिया से चुनाव लडकर देख ले। मेरठ की भूमि को हमेशा मंदिर की तरह माना है। मुजफ्फरनगर से गाजियाबाद तक इसी मंदिर के पुजारी के तरह पूजा करता हूं। किसान को आदर्श मानता हूं। मैंने अपनी गाय भैंस को सानी की है।

### बदायूं में प्रेम संबंधों के चलते युवक की हत्या

**बदायूं (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में प्रेम संबंधों के चलते एक युवक की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिसौली कोतवाली थाना क्षेत्र के कोट गांव के रहने वाले रविंद्र पाल सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनका पुत्र दिनेश (21) बिल्सी थाना क्षेत्र के अंगोला गांव की एक युवती से प्रेम करता था और उससे शादी करना चाहता था,लेकिन लड़की के घरवालों को यह रिश्ता पसंद नहीं था और उन्होंने युवती की शादी कहीं और तय कर दी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि 12 मई को युवती की शादी थी लेकिन दिनेश उस पर घर से भाग कर विवाह करने का दबाव बना रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई कि युवती ने अपने चाचा राजाराम के साथ मिलकर दिनेश को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और 10 मई को दिनेश को फोन करके अपने गांव बुला लिया और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि 12 मई को युवती की शादी हो गई, 13 मई को दिनेश के परिजन ने उसके गायब होने की सूचना पुलिस को दी।

# एनसीसी केडेट्स ने सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

लखनऊ। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत खालसा इन्टर कॉलेज के एनसीसी केडेट्स द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर एनसीसी ए. एन. ओ. व खालसा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य स.वीरेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में यातायात के नियमों का पालन करने , सड़क को स्वच्छ रखने व वृक्षारोपण के लिए सभी को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमें इन कार्यों को अपनी जिम्मेदारी के रूप में लेना होगा। कदो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग कर एवम् वाहन को धीमे चलाकर अपने जीवन को जोखिम में डालने से बचना चाहिए एवम् वाहन चलाते समय शराब के सेवन से बचना चाहिए।

एनसीसी केडट्स द्वारा बांसमंडी चौराहे पर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान में थाना नाका हिंडोला के पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

### शाहजहांपुरः अंतरराज्यीय ई-रिक्शा चोर गैंग का खुलासा

**शाहजहांपुर।** एसओजी टीम एवं थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने अंतरराज्यीय ई-रिक्शा चोर गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग के सरगना सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के पास से चोरी के 13 ई-रिक्शा व अवैध असलाह और कारतूस, मोबाइल बरामद हुए हैं। एसपी एसआनंद ने बताया कि काफी समय से ई-रिक्शा चोरी की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। जिसमें ई-रिक्शा चोरी करने वाला एक सक्रिय गैंग के सदस्य सवारी के रूप में ई-रिक्शा किराये पर लेते तथा रास्ते में किसी बहाने से कोल्ड ड्रिक अथवा किसी अन्य पेय पदार्थ में नशीली दवा मिलाकर रिक्शा चालक को पिला देते थे। चालक को नशा होने गैंग के सदस्य ई-रिक्शा चोरी करके ले जाते थे। उन्होंने बताया कि एसओजी एवं थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया, जिनकी निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से चोरी किए गए 13 ईझ्ररिक्शा, 100 नशीली टेबलेट, दो तमंचा, कारतूस, पांच मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपियों से हुई पूछताछ में बताया गया की गैग का मुखिया सोहेल खान है, जो मूल रूप से तिलहर का रहने वाला है।

# गरीबों व मरीजों को खाद्य सामग्री फल, पानी व मास्क किया वितरित



लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

नर सेवा नारायण सेवा के द्वारा भारतीय मानवाधिकार परिवार द्वारा कई वर्षों से सामाजिक क्षेत्र में सेवा भाव का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मेडिकल कॉलेज लखनऊ में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश कुमार अवस्थी के निर्देशन में उनकी टीम द्वारा मरीजों एवम् उनके तीमारदारों,गरीबों, दिव्यांगों व सफाई कर्मचारियों को खाद्य सामग्री,ठंडा पानी, फल, मास्क इत्यादि वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एस. एन. संखवार ,अधीक्षक सीएमएस मेडिकल कॉलेज उपस्थित रहे। इस कार्य में संस्था के पदाधिकारियों में शिव कैलाश नारायण तिवारी, सतीश गुप्ता,अमित शर्मा, अर्चना शर्मा,रुद्रभान प्रताप सिंह, राजेश शर्मा नाना,आकाश गोयल, जितेंद्र मौर्य,यास्मीन खान,श्रीमती विभा पांडेय, आशा देवी, रोजी, राम शिरोमणि चौहान, नीरज कुमारी, संदीप शुक्ला, ऋषभ दुबे, राम शंकर वर्मा,स्वतंत्र लता श्रीवास्तव, पवन वर्मा, सर्वेश अग्रवाल,मकसूद, सचिन, यमुना प्रसाद, देव कुमार मुखर्जी इत्यादि का सहयोग रहा।

# हस्तिनापुर में उत्खनन में मिल रहे महाभारत कालीन साक्ष्य

मेरठ, एजेंसी

देश में ऐतिहासिक सभ्यताओं की खोज में जुटे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को अकाट्य साक्ष्य मिल रहे हैं। मेरठ के हस्तिनापुर स्थित पांडव टीले के उत्खनन में एएसआई को महाभारत काल के साक्ष्य मिल रहे हैं। अब साक्ष्य को अध्ययन के लिए संरक्षित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश के अंदर ऐतिहासिक सभ्यताओं के पुरावशेष की खोज के लिए विशेष रणनीति बनाई है। इसके तहत ही मेरठ में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का नया सर्किल बनाया गया। इसके बाद हस्तिनापुर के पांडव टीले पर एएसआई ने उत्खनन शुरू कराया। एएसआई के मेरठ सर्किल के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. डीबी गणनायक के नेतृत्व में लगभग तीन महीने पहले खुदाई शुरू हुई। खुदाई के



- खुदाई के दौरान कई सभ्यताओं के अवशेष प्राप्त हुए

दौरान कई सभ्यताओं के अवशेष प्राप्त हुए। इन पुरावशेषों को कड़ी सुरक्षा में दिल्ली अध्ययन के लिए भेजा गया है। पांडव टीले पर ईंटों की प्राचीन दीवारों के साथ ही चित्रित धूसर मृदभांड, तांबे के सिक्के, हड्डियां, मिट्टी के बर्तन आदि प्राचीन अवशेष प्राप्त हुए।

पांडव टीले पर खुदाई के दौरान चित्रित धूसर मृदभांड मिलने से यहां महाभारत कालीन सभ्यता होने की पुष्टि हो गई है। इन पुरावशेषों को 3500 साल पुराना बताया जा रहा है। इससे पुरातत्वविद खासे उत्साहित है। पुरातत्वविद डॉ. डीबी गणनायक का कहना है कि जानवरों की हड्डियां मिलने से सिद्ध हो रहा है कि महाभारत काल में भी यहां के लोग पशुपालन करते थे। एएसआई को बागपत जनपद के सिनौली गांव में उत्खनन के दौरान तांबे की तलवार, रथ मिल चुका है। भारत में खुदाई में पहली बार रथ मिलने के बाद से वामपंथी इतिहासकारों के कई झूठ बेनकाब हुए। जिसमें वे आर्यों को भारत का मूल निवासी नहीं मानते थे। इतिहासकार डॉ. अमितराय जैन का कहना है कि 1952-53 में प्रो. बीबी लाल के नेत्त्व में पांडव टीले पर खुदाई हुई थी। उस समय भी पांडव टीले से महाभारत कालीन चित्रित धूसर मृदभांड मिले थे। इसके बाद अचानक खुदाई बंद कर दी गई। इन पुरावशेषों को अभी भी सुरक्षित रखा गया है।

# जुगलकिशोर इंटर कॉलेज में समर कैम्प आयोजित



गवां, प्रात : किरण संवाददाता

जुगलकिशोर इण्टर कालिज गवां में विद्यालय के छात्र/छात्राओं का समर कैम्प आयोजित किया गया विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने सर्व प्रथम ऊष्ण योग, योग, आसान, प्राणायाम विद्यालय के शिक्षक सन्तोष शर्मा तथा दुर्वेश यादव के साथ- साथ किये तत्पश्चात छात्र/छात्राओं ने भिन्न भिन्न प्रकार के खेल खेलकर समर कैम्प का आनन्द लिया विद्यालय के शिक्षक सन्तोष शर्मा ने बताया कि खेल खेलना भी हमारे दैनिक जीवन का एक अंग है खेल खेलने से शारीरिक विकास तथा मानसिक विकास होता है विद्यालय की प्रधानाचार्या शालिनी गिरि ने बताया कि यह समर कैम्प सत्ताईस म ई तक चलेगा प्रतिदिन की रूपरेखा अलग अलग तैयार की गई है इस अवसर पर मनोज कुमार, हरिकेश गौरव कुमार, मधुवाला, डोली शर्मा, नीरू शर्मा, मीनाक्षी गिरि, स्वाति शर्मा, शालू शर्मा, शिल्पी दुबे, निधि शर्मा, मीना गिरि, आशा, भावना, पायल वार्ष्णेय, निकिता बंसल मौजूद रहे।

**आरोप** मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का जीवनयापन कष्टकर हो गया : यादव

# भाजपा की डबल इंजन की सरकार में खुदरा और थोक महंगाई दर सबसे ज्यादा:अखिलेश

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार का जनहित और जनसमस्याओं से कुछ लेना देना नहीं है। विकास की अनदेखी और गांव-गरीब के प्रति घोर उपेक्षाभाव के चलते प्रदेश आज अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। समय से तैयारी न करने के फलस्वरूप भाजपा सरकार में लोगों पर मुसीबतों के पहाड़ टूट रहे हैं।

100 दिन में महंगाई कम करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार में महंगाई ने सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार के राज में खुदरा और थोक महंगाई दर 30 साल से सबसे ज्यादा है। रुपए की हालत रोज-ब-रोज खस्ता हो रही है। लोगों की आय से कई गुना खर्च बढ़ गया है। पूरी अर्थव्यवस्था सरकार के नियंत्रण से बाहर चंद पूंजीघरानों के नियंत्रण में चली गई है। भाजपा सरकार पूंजीपतियों के हितों का संरक्षण बिना किसी संकोच के कर रही है जबकि जनता महंगाई से त्राहि-त्राहि कर रही है।

भाजपा सरकार में हर दिन महंगाई का क्रूर चक्र लोगों को व्यथित कर रहा है। मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का जीवनयापन कष्टकर हो गया है। पेट्रोल-डीजल के बाद ईंधन गैस महंगी हुई अब सीएनजी के 6 दिन में दो बार दाम बढ़ा दिए गए। आटा-दाल, चावल, सरसों का तेल, सब्जी, दवा-पढ़ाई ये सभी जेब पर भारी है। गरीबों का वोट हथियाने के लिए मुफ्त राशन वितरण का प्रलोभन दिया। अब गरीबों को राशन न देना पड़े इसलिए पात्र-अपात्र होने का डर दिखाकर उन्हें राशन से वंचित करने की भाजपा ने नई चाल चली है।

विज्ञापनों में झूठा प्रचार करके शहरों और गांवों में बिना भेदभाव के निर्बाध बिजली देने का दम भरने वाली भाजपा आज जनता की नजरों में अपनी साख खो चुकी है। इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। लोग हाल-बेहाल है। ऐसे में गांवों में बमुश्किल आठ-दस घंटे बिजली आ रही है। खुद राजधानी लखनऊ के कई क्षेत्रों, यहां तक कि अस्पतालों में भी बिजली की आवाजाही से जनता में रोष बढ़ रहा हैं। कई जनपदों में सरकार के विरोध में प्रदर्शन भी हो चुके है। मण्डल व जिला मुख्यालयों में रोस्टर से विद्युत आपूर्ति भी मजाक बन गई है।

### आगराः पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए चार बदमाश

**आगरा।** आगरा में देर रात पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में बदमाश पकड़े गए। पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों के पैरों में गोली लग गयी जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के पास से पुलिस को तीन तमंचे और जिंदा कारतूस व बाइक बरामद हुई हैं। जानकारी के अनुसार, शाहगंज थाना पुलिस को शाहगंज थाना क्षेत्र के वायु विहार इलाके में बीएसएफ जवान के घर लूट करने वाले बदमाशों के होने की सूचना मिली थी। बदमाशों की सूचना मिलने के बाद शाहगंज थाना पुलिस ने एसओजी और स्वाट टीम के साथ मिलकर बदमाशों को पकड़ने की योजना बनायी। जिसके बाद देर रात पुलिस ने एसओजी और स्वाट टीम के साथ मिलकर बदमाशों को घेर लिया। पुलिस घेराबंदी में दो बदमाशों निजाम और इरशाद अली के पैरों पर गोली लगने से वे घायल हो गए। मौका पाकर फरार हुए दो अन्य बदमाशों संजू और अजमेरउद्दीन को पुलिस ने थोड़ी ही देर में पकड़ लिया। बदमाशों के पास से पुलिस टीम को तीन तमंचे और जिंदा कारतूस और बाइक बरामद हुई है।

# सरकार की मंशा गरीबों को राशन देने की नहीं जानबूझकर बनाये गए ऐसे नियम : संजय सिंह

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि यूपी सरकार की ओर से जारी नियमों के तहत जिनके खुद के नाम पर जमीन नहीं हागी, पक्का मकान नहीं होगा, भैंस, बैल, ट्रेक्टर-ट्राली नहीं होगी वो ही राशन कार्ड के लिए पात्र होंगे। जो व्यक्ति मुर्गी पालन और गौ पालन करता होगा उसका राशन कार्ड नहीं बनेगा। शासन की ओर से वित्तीय सहयता न मिलती हो, बिजली का बिल न आता हो, जीविकोपार्जन के लिए आजीविका का कोई साधन न हो केवल उनका राशन कार्ड बनेगा। संजय सिंह ने कहा कि इस तरह के नियम बताते हैं कि यूपी सरकार की मंशा अब गरीबों को राशन देने की नहीं है। इसलिए उसने इस तरह के नियमों को जारी किया है।

आप सांसद ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सरकार गरीबों को दिया



- यूपी सरकार के राशन कार्ड के नए नियमों पर आप सांसद ने की तीखी टिप्पणी

जा रहा राशन भी छीनने जा रही है। वो राशनकार्ड धारकों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर गरीबों के मुंह से निवाला छीनने में लगी है। यूपी में प्रशासन की तरफ से मुनादी पिटवाकर राशन कार्ड धारकों को अपने कार्ड को सरेंडर करने की बात कही जा रही है। संजय सिंह ने कहा कि यूपी की भाजपा सरकार ने हद पार कर दी है। गरीबों पर दिन पर दिन बोझ बढ़ाती जा रही है। पहले ही गरीब जनता महंगाई की मार झेल रही है अब फ्री में मिलने वाला राशन के लिए भी उसको सरकार के बताए नियमों का पालन करना होगा नहीं तो उसको राशन मिलना बंद हो जाएगा

संजय सिंह ने कहा कि चुनाव के बाद भाजपा सरकार का बदलता रूप जनता बखूबी देख और समझ रही है। उन्होंने अपने ट्विट में लिखा है कि लो कर लो बात, बाबा जी के राज में गौ पालन किया तो राशन कार्ड नहीं बनेगा। खबरदार, बिजली का बिल आता है क्या? राशन कार्ड नहीं बनेगा। राशन कार्ड चाहिये तो अंधेरे में रहो।ह्य अब यूपी सरकार गरीबों को दिया जा रहा राशन भी उनसे छीनने की फिराक में लग गई है। दिखावे और छलावे की राजनीति का एक और उदाहरण यूपी में भाजपा की सरकार दे रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### शादी का झांसा देकर बालिग लड़की को किया अगवा

पलवल। गदपुरी थाना क्षेत्र से बालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने लड़की के पिता की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी राजेंद्र के अनुसार एक पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी अठारह वर्षीय बेटी को धतीर गांव निवासी अक्षय शादी का झांसा देकर गत बीस मई को अपने साथ ले गया। जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### समाजसेवी रीना सिंगला डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ग्रेट ग्लोबल अवार्ड 2022 से हुई सम्मानित

अंबाला समाजसेवी रीना सिंगला वृंदावन में आयोजित चौथे अंतर्राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन समारोह में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ग्रेट ग्लोबल अवार्ड 2022 से सम्मानित हुई उन्हें यह सम्मान उनके द्वारा समाज को समर्पित होकर अपनी अभूतपूर्व सेवाएं प्रदान करने व शिक्षा, नारी सशक्तिकरण और समाज में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया है रीना सिंगला अंबाला हरियाणा में ऋषि कुल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की डायरेक्टर प्रिंसिपल हैं इसके अलावा नर्सरी टीचर ट्रेनिंग कोर्स के डायरेक्टर प्रिंसिपल व एक बाल मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं रीना सिंगला को महिला और बाल विकास विभाग भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर से भी सम्मानित किया गया था वह दलित व पिछड़े लोगों को प्रदान करती है भारतीय महिला उत्थान कार्यक्रम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने वाला एक कार्यक्रम है जिसमें संस्था द्वारा लड़कियों को आत्मनिर्भर और स्वरोजगार बनाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है सिंगला ने कहा कि मैं अपना फेस जीवन दूसरों को खुश करने में बिताना चाहती हूं ताकि सभी को अच्छा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रदान हो सके।

### अज्ञात बदमाश ऑटो चालक से ऑटो छीन हुए फरार

सोहना। सोहना देर शुक्रवार रात गुरुग्राम रोड पर सीएनजी भरवाने गए ऑटो चालक से अज्ञात बदमाशों ने लूटपाट कर ऑटो छीन कर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है मामले को लेकर पुलिस हरकत में आई और मामला दर्ज कर एक आरोपी को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर 2 दिन के रिमांड पर लिया है दो आरोपी अभी फरार चल रहे हैं दर्ज कराए गए मामले में पीड़ित आबिद पुत्र लियाकत निवासी सूडाका जो हालावाद आईटीआई कॉलोनी में रहता है का कहना है कि मैं सोना नहीं सीएनजी ऑटो चलाता हूं और देर रात 10:00 बजे सीएनजी भरवाने जीडी गोयंका के साथ बने पंप पर सीएनजी भरवा कर वापस आते समय मेन रोड पर खड़े तीन युवक अचानक सर्विस रोड पर मेरे ऑटो के आगे आ गए और उनमें से एक युवक ने कब्जा लगाकर ऑटो इंडिया और 450 रुपए भी जेब से निकाल लिए। जिनमें एक युवक आपस में एक दूसरे को नाम लेकर बोलने लगा विक्रम तू ऑटो चला और इंद्रा कॉलोनी वजीराबाद लेकर चल।

# कांग्रेंस व्यापार सेल के पूर्व जिला महासचिव ने थामा आप का दामन

फरीदाबाद, प्रातः किरण संवाददाता



पंजाब में आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद इसका सीधा असर हरियाणा प्रदेश में साफतौर पर देखने को मिल रहा है। कांग्रेस पार्टी पिछले काफी समय से हरियाणा में खत्म होती नजर आ रही है। हरियाणा प्रदेश के कांग्रेस प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन के बार-बार विस्तार करने की बातें की लेकिन अभी तक कांग्रेस का संगठन का विस्तार नहीं होने के चलते कई बड़े नेता असंतुष्ट नजर आ रहे थे।

जिसके चलते कई वर्षों तक कांग्रेस में रह चुके कांग्रेस व्यापार सैल के पूर्व जिला महासचिव राजेन्द्र धल एवमं नगर निगम में 40 साल तक सेवा करने वाले महेश शर्मा और उनके साथ यश देव, यशपाल शर्मा फौजी, श्रीपाल शर्मा फौजी, रामदेव चौहान, किशन शर्मा, सुबेदार राजेन्द्र शर्मा फौजी, राजकुमार पाण्डे के साथ दर्जन भर साथियों को जिलाध्यक्ष धरमबीर भड़ाना के नेतृत्व में रघुवर दयाल, राजेन्द्र शर्मा, राकेश भड़ाना, गुलशन बग्गा, भावी मेयर ओ.पी. वर्मा, मुल्कराज भड़ाना, एन.आई.टी. विधानसभा अध्यक्ष राकेश कुमार, मनोज कुमार, राम गौर एवं प्रवेश मेहता ने टोपी पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा की दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जिस तरह से दिल्ली की आम जनता के लिए अलग तरह से नीतियां बनाई। उन्होंने स्वास्थ्य शिक्षा के साथ बिजली को फ्री देने की योजना बनाई जिससे लोगों में विश्वास पैदा हुआ। इसी विश्वास पर आम जनता सरकार बनाती है। उन्होंने कहा की दिल्ली के कामों से प्रभावित होकर व जिस तरह से पंजाब में परिणाम आए उन सबको देख राजेन्द्र धल पार्टी में शामिल हुए। धर्मबीर भड़ाना ने कहा की हरियाणा प्रदेश में भाजपा जेजेपी गठबंधन ने प्रदेश को विनाश पर लाकर खड़ा कर दिया है, इससे यह साफ जाहिर होता है कि 2024 के आने वाले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी जीत हासिल करेगी उन्होंने कहा की जो लोग कांग्रेस-बीजेपी में रहते हुए भी लोगों के कल्याण के लिए काम करना चाहते थे, लेकिन वहां रहकर ऐसा नहीं कर सके ऐसे लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

उन्होंने कहा की भाजपा सरकार सत्ता के बावजूद भी गुणवत्तायुक्त शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल रही है। जबकि दिल्ली में सिर्फ सात साल में अरविंद केजरीवाल की सरकार में शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक हर क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किया है। इससे प्रभावित होकर ही लोग आप में रहे हैं।

## भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



होडल, प्रातः किरण संवाददाता

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 31वीं पुण्यतिथि के मौके पर कांग्रेसी कार्यकताओं ने शनिवार को थाना चौक पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के युवा नेता देवेश कुमार ने की।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर शनिवार को कांग्रेस पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता युवा नेता देवेश कुमार के नेतृत्व में एकत्रित होकर थाना चौक स्थित स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर पहुंच गए। वहां कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर युवा नेता देवेश कुमार ने कहा कि स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि को सदभावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। राजीव गांधी का जन्म देश के प्रख्यात राजनैतिक परिवार में हुआ था और उनकी नियती में ही राजनीति लीखी थी। इंद्रा गांधी की हत्या के बाद देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री के तौर पर देश की कमान संभाली। उन्होंने कहा कि हमें उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलकर राजनीति को एक नया रूप देना चाहिए। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देकर उन्हें फिर से याद किया। इस मौके पर उनके साथ भूषण बेढा, उदय सिंह सौरोत, मेजर नंबरदार, महेश कुमार, खेमचंद, राकेश कुमार, पृथी ड्राइवर, प्रेम पुजारी के अलावा दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी।

## निजी स्कूल के विद्यार्थियों ने जाना पुलिस इतिहास



घरौंडा, प्रातः किरण संवाददाता

मधुबन के हरियाणा पुलिस अकादमी में स्थित हरियाणा पुलिस संग्रहालय का एक निजी स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। वे संग्रहालय में उपस्थित पुलिस से संबंधित ऐतिहासिक वस्तुओं को देखकर रोमांचित हुए। यह शैक्षणिक भ्रमण हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ. सीएस राव की अनुमति से और स्कूल की प्रधानाचार्य दीपा बेदी के आग्रह पर कराया गया। 20 व 21 मई को हुए इस भ्रमण में तृतीय कक्षा से पांचवीं कक्षा तक के 128 विद्यार्थियों तथा कक्षा छह से कक्षा आठ तक के 134 विद्यार्थियों ने संग्रहालय का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने पुलिस के इतिहास, उसके प्राचीन वेष-भूषा, उपकरण, पुलिसिंग से संबंधित ईकाइयों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने हरियाणा पुलिस की विकास यात्रा के बारे में भी जाना। संग्रहालय में 1857 की क्रांति को समर्पित विशेष अनुभाग में रानी झांसी और उसके घोड़े को देख विद्यार्थी भाव-विभोर हो गए। भ्रमण में स्कूल की अध्यापिका कुलविंदर कौर, योगिता बक्शी, मधु, युक्ति व अध्यापक जगदीप सिंह भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे।

### अथक प्रयासों से गरीब महिला को मिला मुआवजा

फरीदाबाद। भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुखबीर मलेरना ने अपने अथक प्रयासो से एक मजदूर, विधवा महिला को मुआवजा दिलाया। आपको बता दे १९ मई को जगबती नामक महिला गावं मलेरना निवसी अपनी चारा काटने वाली मशीन से पशुओं के लिए चारा काट रही थी तो दुर्घटना वश महिला का हाथ मशीन में आ जाने के कारण महिला की सिधे हाथ की चार उंगलीया कट गई। महिला के पास कृषि कार्य के अलावा आय का कोई साधन नही था, जिस कारण महिला बहुत परेशान थी, परंतु यह बात जब भारतीय किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुखबीर मलेरना के सज्ञान में आई तो उन्होने तुरंत कार्यवाही करते हुए सरकार द्वारा महिला को १,२५००० का मुआवजा दिलाया। इस अवसर पर सुखबीर मलेरनन ने माननीय मुख्यमंत्री का और उनकी योजनाओ का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा की प्रदेश को पहली बार ऐसा मुख्यमंत्री मिला है जिसने भ्रष्टाचारमुक्त सरकार देकर बिना किसी भेदभाव के प्रदेश के विकास को बढ़ावा दिया है।

## विधायक असीम गोयल ने टूल किट से लोडिंड ट्रक को हरी झंडी दिखा किया रवाना

अंबाला, प्रातः किरण संवाददाता



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेव नगर में एक स्कूल कार्यक्रम के दौरान विधायक असीम गोयल ने टूल किट से संबंधित एक कैंटर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो विद्यार्थी 10वीं 11वीं व 12वीं में पढ़ रहे हैं और जिन्होंने स्कूल कार्यक्रम के तहत ब्यूटी एंड वैलनेस ऑटोमोबाइल एग्रीकल्चर पेशेंट केयर असिस्टेंट अपैरल एंड फैशन संबंधी विषय लिए हुए हैं।

उन्हें सरकार द्वारा विषय से संबंधित टूल किट उपलब्ध करवाई जा रही है इस मौके पर विधायक असीम गोयल ने विद्यार्थियों को 2 वितरित की स्कूल के तहत जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले लगभग 1210 विद्यार्थियों को यह टूल किट वितरित की जाएगी विधायक ने विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान कहा कि सरकार द्वारा ई लर्निंग बेस्ट पर जोर दिया जा रहा है विद्यार्थियों को जो किट उपलब्ध करवाई गई है और जिले के सभी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से शिक्षा और तकनीक को अच्छे तरीके से समझाने के लिए टेब भी बांटे जा रहे हैं।

इससे विद्यार्थियों के हाथों में नया युग आ गया है उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा कि सरकार का यह अनूठा प्रयास है कि सरकारी वह प्राइवेट स्कूलों के बीच जो अंतर था अब वह दूर हो गया है अब सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी प्रतिस्पर्धा के इस युग में आगे बढ़ेंगे वह देश के नाम निर्माण में अपना योगदान देंगे इस मौके पर समग्र शिक्षा के जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा अनिल जगदेव पूजा शर्मा संजीव गोयल टोनी राजेश गोयल अनिल गुप्ता हरप्रीत भल्ला प्रिंसिपल सतबीर सैनी अध्यापिका गुरप्रीत कौर सुरेंद्र कौर मनु ललिता निर्मला वंदना आदि अध्यापकगण मौजूद रहे

### अलग-अलग थाना क्षेत्र में गुमशुदगी के चार मुकदमे दर्ज

पलवल। अलग-अलग थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति, एक युवक, एक किशोर व एक महिला संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय कादयान के अनुसार पृथला गांव निवासी हेतलाल ने गदपुरी थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि उसका बयालीस वर्षीय बेटा उमेश गत अठारह मई को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चला गया। इसी प्रकार जनोली गांव निवासी सुमन ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका पुत्र जसबीर गत बीस मई को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चला गया। इसी प्रकार चिरावटा गांव निवासी बलवीर ने सदर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि उसका पंद्रह वर्षीय भतीजा गत अठारह मई को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चला गया। इसी प्रकार एक पीड़िता ने शिकायत चांदहट थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी बत्तीस वर्षीय बेटी गत उन्नीस मई को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई।

## पुलिस ने लूट के मामले को बताया चोरी का मामला

होडल, प्रातः किरण संवाददाता

होडल थाना पुलिस द्वारा लूट के मामले को चोरी के मामले में तब्दील करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत जिला पुलिस कप्तान से की है।

पीड़ित व्यक्ति इंसाफ के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। पीड़ित के परिजनों में पुलिस के प्रति भारी रोष व्याप्त है। गांव बौराका निवासी दलीप सिंह ने जिला पुलिस कप्तान को दी शिकायत में कहा कि 17 मई को उसके बच्चे अनिल व अंकित अपनी दुकान पर बैठे हुए थे।

तभी सात-आठ युवक दुकान पर पहुंचे और मेरे बच्चों के साथ मारपीट कर बीस हजार रुपये की नगदी, डीबीआर व अन्य सामान लूटकर ले गए थे। उसने बताया कि हमलबार जाते-जाते उसकी दुकान के सामान को फैला गए और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। उसने बताया कि हमलावरों की पिटाई से उसके बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने बताया कि उसने होडल थाना पुलिस को इसकी सूचना दी, लेकिन पुलिस ने पीड़ित पर लूट के बजाय चोरी की रिपोर्ट देने के लिए दबाव बनाया।



**आरोप**

- पीड़ित व्यक्ति इंसाफ के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है।

पीड़ित ने आरोप में कहा कि उसके मामले के आईओ सुरेंद्र ने उसे डरा धमकाकर उसके द्वारा दी गई शिकायत में लूट की बजाय चोरी लिखवा दी। पीड़ित ने शिकायत में पुलिस को हमलावरों के नाम गांव बौराका निवासी वीरेंद्र, वीरपाल, सुरेंद्र, गांव दहगांव निवासी दुष्यंत व मध्यप्रदेश निवासी महेंद्र के अलावा तीन-चार अन्य बताए थे। पीड़ित ने बताया कि पुलिस हमलावरों के साथ सांठगांठ कर लूट के मामले को चोरी का मामला बनाने में लगी है। इसके अलावा पुलिस पीड़ित व उसके परिजनों पर भी लूट के बजाए चोरी की शिकायत देने का दबाव बना रही है। पीड़ित ने जिला पुलिस कप्तान को शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। इस मामले में आइओ सुरेंद्र का कहना है कि परिवार का आपसी झगड़ा है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## लाखों रुपये की कीमत से तैयार हुए पानी टैंक की सप्लाई शुरू, पेयजल समस्या दूर

पुन्हाना, प्रातः किरण संवाददाता

करीबन सत्तर लाख रुपये की लागत से वार्ड नम्बर पांच में तैयार हुए नौ लाख लीटर पानी के टैंक से शहर के वार्डों में पानी सप्लाई का कार्य शुरू हो गया है। जिससे अब शहर के कई वार्डों के लोगो को पेयजल समस्या से छुटकारा मिल जाएगा।

इसके अलावा जल्द ही दूसरे वाटर टैंक का निर्माण कार्य भी वार्ड नम्बर छह पटपड़वास में शुरू हो जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए वार्ड के पार्षद व चैयरमैन पद में भावी उम्मीदवार जुबेर खान ने बताया कि पुन्हाना शहर में पानी की समस्या को देखते हुए उन्होंने विभाग के अधिकारियों व भाजपा सरकार के प्रतिनिधियों से मिलकर क्षेत्र के लोगो की पेयजल समस्या उनके समक्ष रखी थी।

जिस पर संज्ञान लेते हुए भाजपा पदाधिकारियों के सहयोग व जनस्वास्थ्य विभाग की मेहनत से शहर के वार्ड पांच में वाटर टैंक मंजूर किया गया। जिस पर कार्य पूरा होने उपरांत बीती रात्रि पानी सप्लाई के लिए शुरूआत भी कर दी है। जिससे वार्ड के लोगो को अब काफी हद तक पेयजल समस्या दूर हो जाएगी। पार्षद जुबेर खान ने बताया कि लगभग सत्तर लाख की लागत से बनाये गए इस वाटर टैंक की नौ लाख लीटर पानी की क्षमता है। जिसमे प्रतिदिन रैनीवेल लाइन द्वारा पीने का पानी एकत्रित करके लोगो को सप्लाई किया जाएगा जिससे शहर के लगभग आधा दर्जन वार्ड के लोगो को पानी की समस्या का सामना नही करना पड़ेगा।



इसके अलावा जल्द ही दूसरे टैंक का निर्माण वार्ड छह पटपडवास में शुरू किया जाएगा। जिससे अन्य वार्डो में भी पानी की समस्या नही रहेगी जुबेर खान ने बताया कि भाजपा सरकार व स्थानीय प्रशासन लोगो की पेयजल जैसी समस्याओं को लेकर पूरी तरह गंभीर है।

सरकार के प्रतिनिधियों व प्रशासन के प्रयासों से ही शहर में वाटर टैंको के निर्माण किये जा रहे व पाइप लाइन बिछाई जा रही है हाल ही में शुरू हुए वाटर टैंक की शुरूआत शहर के लिए बहुत लाभदायक साबित होगी। जिसके लिए वे सरकार व प्रशासन का आभार व्यक्त करते है।

# आमजन से जोड़ने के लिए मैराथन में दौड़े सैकड़ों शहरवासी

पलवल, प्रातः किरण संवाददाता

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम से सेक्टर-2 स्थित सामुदायिक केंद्र तक मैराथन में सैकड़ों शहरवासी एक साथ दौड़े। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव की श्रृंखला में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में 20 से 22 मई तक आयोजित किए जा रहे सांसद खेल महोत्सव को लेकर जिले के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

शनिवार को प्रातः 6 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पलवल से शुरू होकर आगरा चौक-मीनार गेट-कमेटी चौक होते हुए सेक्टर-2 स्थित सामुदायिक केंद्र में जाकर सम्पन्न हुई। मैराथन दौड़ के दौरान शहर के सामाजिक संस्थाओं व समाजसेवियों ने मैराथन के प्रतिभागियों को जल व फल वितरित किए। बच्चों में रमेश्वर बंचारी ने प्रथम, सतबीर बंचारी ने द्वितीय, सोनू पिंगोर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार लड़कियों में खुशी नागर ने प्रथम, खुशी कटारिया ने द्वितीय तथा नीतू नागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विधायक प्रवीण डागर ने विजेता प्रतिभागियों को टी-सर्ट देकर सम्मानित किया। आपको बता दे शनिवार प्रातः 6 बजे विधायक दीपक मंगला ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया। करीब 5 किलोमीटर की इस मैराथन में विधायक प्रवीण डागर, भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, डीसी कृष्ण कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त उत्तम सिंह, एसडीएम पलवल वैशाली सिंह, एसडीएम हथीन लक्ष्मीनारायण, नगराधीश कु. द्विजा सहित प्रशासनिक अधिकारी, बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल हुई। विधायकगण व प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरी मैराथन में साथ चलकर खेल स्पर्धाओं में भाग लेने का संदेश दिया विधायक प्रवीण डागर ने कहा कि गांवों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।



**बधाई**

- दीपक मंगला ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ को किया रवाना

गांवों में छुपी प्रतिभाओं को बाहर लाने के लिए, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में खेलों को एक त्यौहार की तरह मनाने के लिए सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता की शुरूआत की है, जिससे गांव-गांव में से अनेक तरह के प्रतिभागी सामने आएंगे और आगे चलकर वे अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिता पूरे फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति एक जागरूकता पैदा करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में यह प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 20 से 22 मई तक फरीदाबाद में अलग-अलग स्थानों पर 10 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

### वैक्सीनेशन कैंप, मजदूरों व ट्रक ड्राइवरों को लगाई वैक्सीन

गुरुग्राम। शनिवार को नागरिक अस्पताल के सौजन्य से टीआई प्रोजेक्ट जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रवासी मजदूरों और ट्रक ड्राइवरों के लिए कोरोना रोधी वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इसके बाद मानेसर में हाईवे पर ट्रक ड्राइवरों और प्रवासी मजदूरों के लिए ही वैक्सीनेशन ड्राइव की गई। इस कैंप और ड्राइव के माध्यम से कोवैक्सीन की पहली डोज 36, दूसरी डोज 2 और कोविशिल्ड की पहली और दूसरी डोज 18 और 12 तथा बूस्टर डोज 13 लगाई गई। इस वैक्सीनेशन ड्राइव और कैंप में नागरिक अस्पताल की टीम से डीटीओ डा. सुशीला, नर्सिंग ऑफिसर नीलम मल्होत्रा, शुभलता के अलावा डा. प्रतीक, डा. प्रशांत, डा. राहुल मौजूद रहे। टीआई रेडक्रॉस टीम से प्रोजेक्ट मैनेजर रजनी कटारिया, ओआरडब्ल्यू सुषमा रानी, रोहिताश शर्मा, सत्यवान मौजूद रहे। आईसीटीसी विभाग से सीनियर काउंसल डा. शिखा गर्ग का सहयोग रहा। सचिव कम प्रोजेक्ट डायरेक्टर विकास कुमार ने टीम के कार्यों की सराहना की।

## राजीव गांधी का संपूर्ण जीवन सत्यम, शिवम, सुंदरम का मूर्तिमान रूप था: जितेंद्र भारद्वाज

सोहना, प्रातः किरणसंवादाता

सोहना प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि राजीव गांधी मानवता, सहजता, सरलता की मिसाल थे सोहना की लोहिया धर्मशाला में स्व राजीव गांधी की पुण्य तिथि के मौके पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा। कहा कि राजीव गांधी जिनकी जीवन यात्रा में मानवता, सहजता, सरलता, निष्छलता के कई मुकाम रहे हैं।

राष्ट्रहित उनके चिंतन के केन्द्र में था। सर्वधर्म सद्भाव उनके मानस में रचा-बसा था। राजीव गांधी के व्यक्तित्व में परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत समन्वय था।

नयति ने समय के कैनवास पर उन्हें बहुत कम समय बख्शा, लेकिन इतने कम समय में भी उन्होंने इतिहास के कैनवास पर अपनी अनूठी और अमिट छाप छोड़ी। विलक्षण प्रतिभा के धनी राजीव जी में सादगी और दृढ़ता का आदर्श समावेश था। बेहद शांत और गंभीर प्रवृत्ति के राजीव गांधी जी का संपूर्ण जीवन सत्यम, शिवम, सुंदरम का मूर्तिमान रूप था।



21 मई 1991 में एक आत्मघाती बम धमाके में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। उन्होंने अपने कार्यकाल में श्रीलंका में शांति सेना भेजी थी, जिससे तमिल विद्रोही संगठन लिट्टे (लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम) उनसे नाराज चल रहा था। 1991 में जब लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार करने राजीव गांधी चेन्नई के पास श्रीपेरम्बदूर गए तो वहां लिट्टे ने राजीव पर आत्मघाती हमला करवाया।

इस अवसर पर हरिओमसिंह छोकर, बीर सिंह नम्बरदार, मोहन लाल सैनी, ठाकुर दास शर्मा, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें



### चौथी तिमाही में इंडीग्रिड का मुनाफा 45 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। अवसंरचना निवेश न्यास इंडीग्रिड के अनुसार मार्च में समाप्त हुई तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 45 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ 99.80 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में बताया कि पिछले वित्त वर्ष की 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुई अंतिम तिमाही में इंडिया ग्रिड ट्रस्ट (इंडीग्रिड) का एकीकृत शुद्ध लाभ 68.69 करोड़ रुपये था। 2022 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की कुल आय 568.50 करोड़ रुपये थी जो एक साल पहले समान अवधि में 514.09 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2021-22 में एकीकृत शुद्ध लाभ भी बढ़कर 343.27 करोड़ रुपये हो गया जो 2020-21 में 334.40 करोड़ रुपये था। 2020-21 में कुल आय 1,714.15 करोड़ रुपये थी जो इससे अगले वित्त वर्ष में बढ़कर 2,274.44 करोड़ रुपये हो गयी।

### हुंदै अमेरिका के जॉर्जिया में 5.5 अरब डॉलर की लागत से लगाएगी ईवी संयंत्र

इलाबेल (अमेरिका)। वाहन विनिमार्ता कंपनी हुंदै मोटर ग्रुप अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत में सवाना के नजदीक इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए समर्पित एक विशाल विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगी जिस पर 5.5 अरब डॉलर की लागत आने की संभावना है। हुंदै मोटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेहून चांग ने जॉर्जिया के गवर्नर ब्रायन केम्प के साथ मुलाकात के दौरान इस ईवी संयंत्र की स्थापना की घोषणा की। इस संयंत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों की असेंबलिंग के अलावा वाहनों के लिए बैटरी भी बनाई जाएंगी। हुंदै के मुताबिक, इस विनिर्माण संयंत्र में 8,100 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही कंपनी अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि 5.5 अरब डॉलर के निवेश के अलावा एक अरब डॉलर का अतिरिक्त निवेश भी यहां किया जाएगा। जॉर्जिया के गवर्नर ने इसे अपने प्रांत में अब तक का सबसे बड़ा निवेश बताते हुए कहा कि इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के व्यापक अवसर पैदा होंगे। केम्प ने कहा, यह इस इलाके में समृद्धि एवं अवसर लाने का जरिया बनेगा। हुंदै ने इस संयंत्र से ईवी का निर्माण कार्य वर्ष 2025 तक शुरू हो जाने की संभावना जताई है। यह संयंत्र करीब 890 हेक्टेयर भूभाग में स्थापित किया जाएगा।

### भारत को गुणवत्तापरक चाय का वैश्विक आपूर्तिकर्ता बनाने की जरूरत : अनुप्रिया

कोलकाता। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शनिवार को कहा कि बागान मालिकों को चाय बोर्ड की सहायता से भारत को गुणवत्तापूर्ण चाय का वैश्विक आपूर्तिकर्ता बनाने की कोशिश करनी चाहिए। तीसरे अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर चाय बोर्ड और भारतीय चाय संघ (आईटीए) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में पटेल ने कहा कि कि चाय बोर्ड ने चाय पत्तियों को तोड़ने के समय गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत बागान कर्मी जिन हरी पत्तियों को तोड़ते हैं उन्हें उनकी गुणवत्ता सुधारने में मदद दी जाएगी। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि बढ़िया गुणवत्ता वाली चाय को इस महीने विशेष नीलामी के जरिए बेचा जाएगा और इसके अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है।

# वित्त वर्ष 2022 में पेटीएम का राजस्व 77 % बढ़कर 4,974 करोड़ रुपये

## घाटा 8 फीसदी घटकर 1,518 करोड़ रुपये रहा

नई दिल्ली, एजेंसी




भारत की अग्रणी मोबाइल भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम ब्रांड के स्वामित्व वाली वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने मार्च 2022 को समाप्त होने वाली तिमाही और वित्तीय वित्त वर्ष 2022 के परिणामों की घोषणा की है। कंपनी का राजस्व वित्त वर्ष 2022 में 77 प्रतिशत बढ़कर 4,974 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष 2,802 करोड़ रुपये था। अकेले चौथी तिमाही में, कंपनी का राजस्व साल-दर-साल आधार पर 89 फीसदी बढ़कर 1,541 करोड़ रुपये हो गया, जबकि तिमाही के लिए ईबीआईटीडीए (ईएसओपीएस से पहले) में साल-दर-साल 12 प्रतिशत का सुधार हुआ। राजस्व में वृद्धि का नेतृत्व पेटीएम पर अपने भागीदारों के माध्यम से उपभोक्ता और व्यापारी भुगतान और ऋण के वितरण में वृद्धि के कारण हुआ। वित्त वर्ष 2022 के लिए कंपनी का ईबीआईटीडीए नुकसान (ईएसओपी से पहले) पिछले साल के 1,655 करोड़ रुपये से सालाना आधार पर 8 प्रतिशत बढ़कर 1,518 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा, कंपनी के पास गैर-नकद ईएसओपी खर्च के 809 करोड़ रुपये थे।

पेटीएम ने यूजर ग्रोथ, मर्चेंट डिवाइस डिप्लॉयमेंट और टेक्नोलॉजी में निवेश करने के बावजूद ईबीआईटीडीए (ईएसओपी कॉस्ट से पहले) नुकसान कम किया है। वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में कंपनी की लागत संरचना वित्त वर्ष 2023 में अपनी विकास योजनाओं का समर्थन करने के लिए काफी हद तक पर्याप्त है। इसके परिणामस्वरूप, कंपनी का मानना है कि यह ईबीआईटीडीए घाटे में त्वरित कमी दिखाएगा और सितंबर 2023 तिमाही तक लाभप्रदता (ईएसओपी से पहले) हासिल करने के लिए अच्छी तरह से ट्रैक पर है। पेटीएम के पास उपभोक्ताओं और व्यापारियों का एक मजबूत दो-तरफा पारिस्थितिकी तंत्र है, जहां यह मुद्रीकरण रणनीति को परिणाम देने में लगा हुआ है। उपभोक्ता भुगतान पक्ष पर, कंपनी पेटीएम ऐप और पेटीएम भुगतान उपकरणों के बढ़ते उपयोग को रिकॉर्ड कर रही है।

व्यापारी भुगतान पक्ष पर, कंपनी व्यापारियों के पूरे आधार को सेवा प्रदान करती है, (1) भुगतान के लिए क्यूआर (आमतौर पर मुफ्त), (2) साउंडबॉक्स (जो सदस्यता राजस्व उत्पन्न करते हैं), (3) कार्ड मशीन (जो सदस्यता और एमडीआर राजस्व उत्पन्न करती हैं), और (4) ऑनलाइन व्यापारियों के लिए भुगतान गेटवे (जो एमडीआर राजस्व और प्लेटफॉर्म शुल्क उत्पन्न करता है)। इस वितरण और समृद्ध अंतर्दृष्टि का लाभ उठाते हुए, पेटीएम अपने उपभोक्ताओं और व्यापारियों को वित्तीय संस्थानों के साथ साझेदारी में वित्तीय प्रोडक्ट्स प्रदान करता है। उपभोक्ता जुड़ाव और व्यापारी आधार में वृद्धि से भुगतान सेवाओं से उच्च राजस्व प्राप्त होता है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2012 में अपने औसत मासिक लेन-देन करने वाले यूजर्स में 60.8 मिलियन की छलांग दर्ज की है, पिछली तिमाही में इस अवधि में औसत बढ़कर 70.9 मिलियन हो गया है। पेटीएम का मर्चेंट बेस भी अब बढ़कर 26.7 मिलियन मर्चेंट पार्टनर हो गया है, जिसमें 2.9 मिलियन डिवाइस वित्त वर्ष 2022 तक तैनात हैं। उपभोक्ता जुड़ाव और व्यापारी आधार में वृद्धि से भुगतान सेवाओं (उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों के लिए) से राजस्व में वृद्धि हुई है। भुगतान सेवाओं से उपभोक्ताओं तक पेटीएम का राजस्व वित्त वर्ष 2022 में 58 प्रतिशत बढ़कर 1,529 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2021 के 969 करोड़ रुपये था। पूरे वर्ष के लिए, भुगतान सेवाओं से व्यापारियों को राजस्व वित्त वर्ष 2022 में 87 प्रतिशत बढ़कर 1,892 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2021 के लिए 1,012 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2022 के मुख्य आकर्षण में से एक पेटीएम के ऋण वितरण व्यवसाय का तेजी से पैमाना बढ़ा है, जहां यह पेटीएम पोस्टपेड (अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें), व्यक्तिगत ऋण और व्यापारी ऋण प्रदान करता है।

## समाज सेवा



कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत शुभी फाउंडेशन ने शिव ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के सहयोग से डी. ए. वी. स्कूल नरेला में आर्थिक रूप से गरीब 350 से ज्यादा छात्र व छात्राओं को मुफ्त पुस्तक व स्कूल यूनिफार्म वितरण किया। इस उपलक्ष में छात्रों के माता - पिता भी उपस्थित रहे। कोविड महामारी के शिकार हुए अत्यन गरीब मेधावी छात्रों की स्कूल फीस की भी जिम्मेदारी शुभी फाउंडेशन ने उठाई और इसके तहत 3 माह का स्कूल फीस भी छात्रों को दिया गया। इस उपलक्ष में डी. ए. वी. स्कूल के प्रिंसिपल श्री विमलेश झा, नीलू मैडम, ऋतू मैडम व अनुराधा मैडम, शिवा ग्रुप से श्री हरीश गोसाई, श्री दीपक व्यास व शुभी फाउंडेशन से श्री दीपक कुमार व सरिता गिरी आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# आईजीएल ने सीएनजी के दाम बढ़ाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

राजधानी दिल्ली और एनसीआर में रहने वाले लोगों को महंगाई का एक और झटका लगा है। दिल्ली-एनसीआर में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) सप्लाई करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने छह दिन के अंदर दूसरी बार कीमत में बढ़ोतरी की है। आईजीएल ने एक बार फिर सीएनजी की कीमत में प्रति किलोग्राम दो रुपये की बढ़ोतरी कर दी है।

आईजीएल के मुताबिक बढ़ोतरी के बाद राजधानी दिल्ली में सीएनजी का रेट 75.61 रुपये, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में 78.17 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। गुरुग्राम में इसकी कीमत बढ़कर 83.94 रुपये किलो हो गई है। मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में सीएनजी की नई कीमत 82.84 रुपये प्रति किलो, रेवाड़ी में 86.07 रुपये प्रति किलो, करनाल और कैथल में 84.27 रुपये प्रति किलो, कानपुर, हमीरपुर और फतेहपुर में 87.40 रुपये प्रति किलो और अजमेर, पाली तथा राजसमंद में सीएनजी की नई कीमत 85.88 रुपये प्रति किलो हो गई है। उल्लेखनीय है



कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतें जब से बढ़नी शुरू हुई हैं, तब से ही गैस की सप्लाई करने वाली कंपनियां गैस की कीमत में बढ़ोतरी कर रही हैं। पिछले साल अक्टूबर से ही कुछ समय के अंतराल पर लगातार गैस की कीमत में बढ़ोतरी हो रही है। इसके पहले 15 मई को नई बढ़ोतरी के साथ सीएनजी की कीमत दिल्ली में अब 73.61 रुपये प्रति किलोग्राम, नोएडा में 76.17 रुपये प्रति किलोग्राम और गुरुग्राम में 81.94 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई थी।

# एजीज फेडरल में हिस्सा बेचेगा आईडीबीआई बैंक

नई दिल्ली, एजेंसी

आईडीबीआई बैंक ने एजीज इंश्योरेंस इंटरनैशनल के साथ शेयर खरीद समझौता किया है। इस समझौते के तहत बैंक निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी एजीज फेडरल लाइफ इंश्योरेंस में अपनी शेष 25 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 580 करोड़ रुपये में बेचने की योजना बना रहा है। इसके साथ ही, बीमा क्षेत्र में सरकार द्वारा विदेशी प्रत्यक्ष निवेश बढ़ाए जाने के बाद, एजीज अपने भारतीय बीमा संयुक्त उपक्रम में हिस्सेदारी बढ़ाकर 74 प्रतिशत करने वाली कुछ विदेशी बीमा कंपनियों में से एक बन जाएगी।

आईडीबीआई बैंक ने एक्सचेंजों को भेजी जानकारी में कहा है, '29 मार्च, 2022 को बैंक द्वारा किए गए खुलासे के अनुरूप, हम आपको सूचित करते हैं कि आईडीबीआई बैंक लिमिटेड ने एजीज फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में 20,00,000 इक्विटी शेयरों की अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचने के लिए 19 मई, 2022 को एजीज इंश्योरेंस इंटरनैशनल एनवी (खरीदार) के साथ शेयर खरीद समझौता किया है।




इस सौदे को नियामकीय मंजूरियों के तहत पूरा किया जाएगा।' नियामकीय मंजूरियों और शेयर खरीद समझौते में निर्धारित शर्तों को पूरा किए जाने के बाद यह सौदा वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में पूरा हो जाने की संभावना है। यूरोपीय बीमा कंपनी एजीज ने शुरू में भारतीय बीमा कंपनी में अपनी हिस्सेदारी दिसंबर 2020 के 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत की थी। फेडरल बैंक की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत पर बनी रहेगी। इसके बाद, बीमा कंपनी का नाम आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस से बदलकर एजीज फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कर दिया जाएगा। मौजूदा समय में निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी में एजीज इंश्योरेंस इंटरनैशनल की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी, एजीज फेडरल लाइफ इंश्योरेंस, और फेडरल बैंक की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बीमा कंपनियों में आईडीबीआई बैंक की 25 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के बाद, एजीज इंश्योरेंस इंटरनैशनल की शेयरधारिता कंपनी 74 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। इस महीने के शुरू में इतालवी बीमा कंपनी जेनेराली ने फ्यूचर जेनेराली इंडिया इंश्योरेंस में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी का अपना अधिग्रहण पूरा किया, जिसके साथ ही बीमा कंपनी में उसकी शेयरधारिता बढ़कर 74 प्रतिशत हो गई। एजीज फेडरल ने वित्त वर्ष 2022 में 94 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह आंकड़ा 119 करोड़ रुपये था।

### जायडस लाइफ. को 397 करोड़ रु. का शुद्ध लाभ

**अहमदाबाद।** प्रमुख औषधि कंपनी जायडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड को वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में 397.4 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। घरेलू और उभरते बाजारों में फॉमूर्लेशन कारोबार बढने से मुनाफे को बल मिला। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने 679 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। हालांकि एकमुश्त इन्वेंट्री प्रावधान को समायोजित एवं अन्य मदों को समायोजित कर दिया जाए तो वित्त वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 525 करोड़ रुपये होता है। तिमाही के दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व 5 फीसदी बढ़कर 3,863.8 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 3,670 करोड़ रुपये रहा था। जायडस लाइफसाइंसेज के प्रबंध निदेशक शार्विल पटेल ने कहा कि भूराजनीतिक संकट के कारण आपूर्ति शृंखला में चुनौतियों और मुद्रास्फीति संबंधी दबाव के बीच हमारा परिचालन प्रदर्शन ऐसा रहा। उन्होंने कहा, 'हमारे प्रमुख कारोबार का प्रदर्शन अच्छा रहा जिसे चुस्त आपूर्ति शृंखला बल मिला और इससे लाभप्रदता को मदद मिली।

### 2023 की शुरूआत में एप्पल का नया होमपेड होगा लॉन्च

**सैन फ्रैंसिस्को।** टॉक्नोलॉजी की दुनिया की बड़ी कंपनी एप्पल 2022 के अंत में या 2023 की शुरूआत में होमपॉड स्मार्ट स्पीकर लॉन्च करने की योजना बना रही है। विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला विश्लेषक मिंग-ची कूओ के अनुसार, टेक दिग्गज इस साल की चौथी तिमाही या अगले साल की पहली तिमाही में अगला होमपॉड मॉडल लॉन्च करने का लक्ष्य बना रही है। इसको लेकर ऐसी संभावना लगाई जा रही है कि यह होमपॉड मिनी की तुलना में एक बड़ा मॉडल होगा। इसमें ऐसे फीचर्स हैं जो अपने पहले होमपॉड की तरह 300 डॉलर से लागत को कम करने में मदद करते हैं। एप्पल वर्तमान में 99 डॉलर होमपॉड मिनी को एकमात्र मॉडल के रूप में बेचता है। इसको पिछले साल 349 डॉलर से 299 डॉलर की कीमत में कटौती के बाद बंद कर दिया गया था। कुओ ने कहा कि जब वह स्मार्ट स्पीकर को निस्संदेह घरेलू पारिस्थितिकी तंत्र के आवश्यक तत्वों में से एक के रूप में देखते हैं। इस दौरान उन्हें नहीं लगता कि एप्पल ने शयद ही ऐसा महसूस किया।

# माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड 3 का करते हैं इस्तेमाल

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने बताया कि वह अपने दैनिक स्मार्टफोन के रूप में माइक्रोसॉफ्ट सरफेस डुओ के बजाय सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड 3 का उपयोग करते हैं। 9टु5गूगल ने बताया कि इस हफ्ते रेडिट एएमए के दौरान, गेट्स ने आखिरकार पुष्टि की है कि वह किस स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि गेट्स एक एंड्रॉइड डिवाइस का उपयोग करते हैं, जैसा कि उन्होंने अतीत में कुछ बार कहा है कि वह एंड्रॉइड फोन ही इस्तेमाल करते हैं। गेट्स ने समझाया कि फोल्ड के डिस्प्ले के आकार का मतलब है कि वह इसे पोर्टेबल पीसी के रूप में उपयोग करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वह शायद





सैमसंग फोन का भी इस्तेमाल करते हैं, क्योंकि माइक्रोसॉफ्ट के साथ सैमसंग की कड़ी साझेदारी कंपनी के विभिन्न उपकरणों को विंडोज के साथ बहुत अच्छी तरह से एकीकृत करने की अनुमति देती है।

अतीत में, गेट्स इस बारे में बात करने में प्रसन्न थे कि वह ऐप्पल के आईफोन पर एंड्रॉइड फोन का उपयोग कैसे करता है, लेकिन यह पहली बार है कि वह सटीक मॉडल के बारे में विशिष्ट है जिसे वह उपयोग करना पसंद करता है। 2021 में, क्लबहाउस पर एक साक्षात्कार के दौरान, उन्होंने यह भी बताया कि कुछ एंड्रॉइड निमार्ता माइक्रोसॉफ्ट सॉफ़्टवेयर को प्री-इंस्टॉल करते हैं, साथ ही वह एंड्रॉइड, आईओएस की तुलना में अधिक फ्लेक्सिबल है और वह हर चीज पर नजर रखना चाहता है।

# उत्तम गैल्वा को खरीदेगी आर्सेलरमित्तल

मुंबई, एजेंसी

इस्पात बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी आर्सेलरमित्तल भारत में एक अन्य दिवालिया कंपनी- उत्तम गैल्वा स्टील्स को खरीदने के लिए तैयार है। इसके लिए आर्सेलरमित्तल ने उत्तम गैल्वा स्टील्स के लेनदारों को एक समाधान योजना सौंपी है। इसके साथ ही आर्सेलरमित्तल भारत में डिफॉल्ट के बाद ऋण समाधान के लिए दिवालिया अदालत भेजी गई एक अन्य कंपनी का अधिग्रहण करने की तैयारी कर रही है।

इस मामले के करीबी एक बैंकर ने कहा, 'आर्सेलरमित्तल के साथ हमारा अनुभव अब तक अच्छा रहा है और जहां उसने बोली लगाई थी वहां हमें सबसे अधिक वसूली हुई। एस्सार स्टील का अधिग्रहण समाधान सर्वाधिक रहा जहां आर्सेलरमित्तल ने 49,000 करोड़ रुपये के डिफॉल्ट पर



42,000 करोड़ रुपये की पेशकश की थी।' उत्तम गैल्वा का सबसे बड़ा लेनदार आर्सेलरमित्तल इंडिया और आर्सेलरमित्तल लक्जमबर्ग थी जिसका कुल ऋण में 75 फीसदी हिस्सेदारी थी। साल 2018 में एस्सार स्टील के अधिग्रहण से ठीक पहले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से उसने 4,992 करोड़ रुपये का ऋण लिया था। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद आर्सेलरमित्तल को एस्सार स्टील के अधिग्रहण की पात्रता हासिल करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक से लिए गए उत्तम गैल्वा के ऋण का अधिग्रहण करना आवश्यक था क्योंकि उत्तम गैल्वा में उसकी हिस्सेदारी थी और वह बैंक की अदायगी में चूक कर चुकी थी। आईबीसी के प्रावधानों के अनुसार, किसी डिफॉल्टर को दिवालिया कंपनियों के लिए बोली लगाने की अनुमति नहीं दी गई है।

आर्सेलरमित्तल ने 2,358 करोड़ रुपये के एक सौदे के तहत ओडिशा स्लरी पाइपलाइन का भी अधिग्रहण किया है जो 253 किलोमीटर लंबी स्लरी पाइपलाइन का परिचालन करती है। नैशनल कंपनी लॉ अपीलीय ट्रिब्यूनल ने इस साल के आरंभ में इस दौरे को मंजूरी दी है। साल 2021 में आर्सेलरमित्तल ने 450 करोड़ रुपये के एक सौदे के तहत एस्सार स्टील ओडिशा का भी अधिग्रहण किया था जो एस्सार स्टील की एक निजी बिजली परियोजना थी। यह सौदा भारतीय स्टेट बैंक और एडलवाइस के साथ हुआ था। साल 2020 में आर्सेलरमित्तल और उसके साझेदार निप्पॉन स्टील ने गुजरात के हजीरा में गैस आधारित 500 मेगावॉट के ताप विद्युत संयंत्र का अधिग्रहण किया था। ब्लूमबर्ग के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले एस्सार स्टील ने एडलवाइस ऐसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी (एआरसी) से खरीदा था।

बैंकर ने कहा, 'हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं कि भविष्य में कंपनी को यदि कोई संभावना दिखती है तो वह ऋण समाधान में भाग नहीं लेगी।' आर्सेलरमित्तल के प्रवक्ता ने उत्तम गैल्वा संबंधी लेनदेन पर टिप्पणी करने से इनकार किया। महाराष्ट्र में उत्तम गैल्वा का संयंत्र श्रमिकों की हड़ताल के बाद लंबे समय से बंद है। पिछले साल दिसंबर में समाप्त तिमाही के दौरान उत्तम गैल्वा स्टील्स ने 216 करोड़ रुपये के राजस्व पर 56 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया था।

# पांच सप्ताह बाद शेयर बाजार में लौटी तेजी

नई दिल्ली, एजेंसी

शुक्रवार को खत्म हुए करोबारी सप्ताह के दौरान भारतीय शेयर बाजार में काफी लंबे समय बाद मजबूती लौटती नजर आई। पूरे सप्ताह के कारोबार में 3 दिन बढ़त की और 2 दिन कमजोरी की स्थिति नजर आई, जिसकी वजह से घरेलू शेयर बाजार करीब 3 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। शुक्रवार यानी 20 मई को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 1532.77 अंक यानी 2.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,326.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 484.05 अंक यानी 3.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ 16,266.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ। 20 मई को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के पहले के लगातार पांच सप्ताह घरेलू शेयर बाजार के लिए काफी निराशाजनक प्रदर्शन वाले सप्ताह रहे थे, लेकिन इस सप्ताह नकारात्मक वैश्विक माहौल होने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने शानदार बढ़त हासिल करने में सफलता पाई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में छाए निराशा के माहौल, दुनियाभर में बढ़ रही महंगाई, रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग और अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने का संकेत दिए जाने के बावजूद पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान सिर्फ 2 दिन बाजार में मामूली कमजोरी दिखाई दी, जबकि 3 दिन शेयर बाजार में तेजी का रुख बना रहा।सप्ताह के शुरूआती दो कारोबारी दिनों के दौरान घरेलू शेयर बाजार ने मजबूती का प्रदर्शन किया, लेकिन अगले 2 दिन बाजार में हुई जोरदार बिकवाली में शेयर बाजार ने पहले 2 दिन की पूरी बढ़त गंवा दी, लेकिन सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन धरेलू शेयर बाजार ने एक बार फिर बाउंस बैक किया और अपने हर नुकसान की भरपाई करते हुए जोरदार बढ़त हासिल करके बंद होने में कामयाब रहा। पूरे सप्ताह के दौरान हुए कारोबार के आधार पर बीएसई के लार्ज कैप इंडेक्स ने ओवरऑल 3 प्रतिशत की मजबूती के साथ पिछले सप्ताह के अपने कारोबार का अंत किया। इस इंडेक्स में शामिल पेट्रोनेट एलएनजी, एवेन्यू सुपरमार्ट्स, एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर और आयशर मोटर्स के शेयरो ने इस हफ्ते अच्छा मुनाफा कमाया। दूसरी ओर हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन, ल्यूपिन इंडस्ट्रीज और टेक महिंद्रा के शेयरों में साप्ताहिक कारोबार के दौरान गिरावट का रुख बना रहा। इसी तरह बीएसई के मिडकैप इंडेक्स ने शुक्रवार को खत्म हुए सप्ताह के दौरान करीब 3 प्रतिशत की तेजी दिखाते हुए अपने कारोबार का अंत किया। मिड कैप इंडेक्स में शामिल शेयरों में से एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस, अडाणी पावर, हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स और बालकृष्णा इंडस्ट्रीज के शेयरों में सप्ताहिक कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना रहा। वहीं इस इंडेक्स में शामिल कंटेनर कारपोरेशन ऑफ इंडिया, हनीवेल ऑटोमेशन और सुप्रीम इंडस्ट्रीज जैसे शेयरों में शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान ज्यादातर बिकवाली का रुख बना रहा, जिसके कारण ये शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। पिछले सप्ताह के कारोबार में सबसे अधिक 4 प्रतिशत की बढ़त बीएसई के स्मॉलकैप इंडेक्स में दर्ज की गई। इस इंडेक्स में शामिल नवभारत वेंचर्स, जेके लक्ष्मी सीमेंट, वेलस्पन कॉरपोरेशन, मंगलौर रिफायनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स, उत्तम शुगर मिल्स, एल्गी इक्विपमेंट्स, ओरियंट बेल, डाटामैटिक्स, ग्लोबल सर्विसेज और चेन्नई पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के शेयरों में 25 से लेकर 35 प्रतिशत की जोरदार बढ़त दर्ज की गई।

# विस्तारा की बढ़त को सहारा देगी सिंगापुर एयरलाइंस

नई दिल्ली, एजेंसी

सिंगापुर एयरलाइंस के मुख्य कार्याधिकारी जी गोह फेंग ने कहा है कि हमारी विमानन कंपनी विस्तारा की बढ़त को सहारा देना जारी रखेगी। नतीजे के बाद कॉन्फ्रेंस कॉल में गोह ने कहा, विस्तारा हमेशा से ही भारत में सभी विमानन कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करती रही है और यह कोविड-19 महामारी से पहले हुआ।

फेंग ने कहा, विस्तारा ने स्पष्ट तौर पर अग्रणी फुल सर्विस कैरियर के तौर पर भारत में खुद को स्थापित किया, जिसे ग्राहकों ने पसंद किया। वास्तव में महामारी के दौरान यह कई अंतरराष्ट्रीय गंतव्य तक पहुंच गई।हम विस्तारा की प्रगति को सहारा देना जारी रखेंगे। विस्तारा, टाटा संस व सिंगापुर एयरलाइंस का संयुक्त उद्यम है। गोह की टिप्पणी से संकेत मिलता है कि विस्तारा का एयर इंडिया के साथ तत्काल विलय नहीं होगा।

पिछले महीने टाटा समूह ने एयर एशिया इंडिया का एयर इंडिया संग




विलय को लेकर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के पास आवेदन जमा कराया है। समूह अपने सभी विमानन कार्यालय को गुडगांव में एक जगह इकट्ठा करने जा रही है। लेकिन विस्तारा को अपने मौजूदा केंद्र के इस्तेमाल का विकल्प दिया गया है। विमानन सूत्रों के मुताबिक, टाटा समूह का इरादा लो कॉस्ट व फुल सर्विस सेगमेंट में प्रतिस्पर्धा करने का है क्योंकि उसे लगता है कि जेट एयरवेज के बंद होने के बाद प्रीमियम सेगमेंट में काफी गुंजाइश है।

### पेट्रोल-डीजल के दामों में 45वें दिन भी कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** देश में तेल विपणन कंपनियों के शनिवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं करने से लगातार 45वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर है। यूक्रेन तथा रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है। अंतरराष्ट्रीय लंदन ब्रेंट क्रूड आज 112.55डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.42 प्रतिशत बढ़कर 110.35 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। जिससे अब तक 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की गयी। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है।

# बिटकॉइन 30 हजार डॉलर के नीचे

नई दिल्ली, एजेंसी

बिटकॉइन में तेजी देखने को मिली थी। बिटकॉइन 1530.09 डॉलर यानी 5.33 फीसद ग्रोथ के साथ 30204.92 डॉलर पर बंद हुआ था। वहीं, आज बिटकॉइन में गिरावट दर्ज की गई है। बिटकॉइन 30,000 डॉलर के नीचे फिसल गया है। दरअसल, आज शनिवार को दुनिया की सबसे बड़ी और लोगों की पसंदीदा क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन में आज 3 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। शनिवार की सुबह 8 बजे के बिटकॉइन 29258.10 डॉलर के आस-पास नजर आ रही थी। बता दें कि यह पहली बार नहीं हुआ है, जब यह गिरावट दर्ज की गई है। बिटकॉइन में इस साल अब तक 36 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है। नवंबर 2021 में इसकी वैल्यू 69000 डॉलर थी, जो अब काफी नीचे आ गई है।

क्रिप्टो में निवेश कर रहे लोगः ग्लोबल क्रिप्टो फंडों में इस हफ्ते इस साल का रिकॉर्ड वीकली नेट इनफ्लो (शुद्ध निवेश) देखने को मिला है। पिछले हफ्ते (7-13 मई) ग्लोबल क्रिप्टो फंडों में कुल 27.4 करोड़ डॉलर का निवेश आता नजर आया है। इससे ये



बात तो साफ हो जाती है कि इस समय निवेशकों को क्रिप्टो फंडों में निवेश के अच्छे मौके नजर आ रहे हैं। लोग इसमें जमकर निवेश कर रहे हैं। पिछले हफ्ते दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो एसेट बिटकॉइन को सबसे ज्यादा फायदा होता नजर आया है। इस क्रिप्टो में निवेशकों द्वारा कुल 29.9 करोड़ डॉलर का निवेश आता दिखा है।

अन्य क्रिप्टोकरेंसी का हालः वहीं अगर हम दूसरी क्रिप्टोकरेंसी पर नजर डालें तो शनिवार को एथर 2.7 फीसदी की गिरावट के साथ 1,963.42 डॉलर पर नजर आ रहा है। वहीं, पोल्काडॉट 3 फीसदी की गिरावट के साथ 9.68 डॉलर के स्तर पर दिख रहा है। इसी तरह सोलाना 4 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 49.89 डॉलर पर और शीबा इनु 2 फीसदी की गिरावट के साथ 0.00001159 डॉलर पर नजर आ रहा है। वहीं, डोजीकॉइन 2.7 फीसदी की गिरावट के साथ 0.084424 डॉलर पर है।

## संक्षिप्त खबरें

### चैम्पियंस लीग फाइनल से पहले रियाल मैड्रिड को बेटिस ने ड्रा पर रोका

मैड्रिड। रियाल मैड्रिड को चैम्पियंस लीग फाइनल से पहले अपने अंतिम मैच में रियाल बेटिस ने स्पेनिश लीग मुकाबले में गोल रहित ड्रा पर रोक दिया। रियाल मैड्रिड 28 मई को पेरिस में लिवरपूल से भिड़ेंगी जहां टीम रिकॉर्ड 14वां यूरोपीय खिताब हासिल करने की कोशिश करेगी। रियाल मैड्रिड की यही टीम इस मुकाबले में उतरेगी। रियाल मैड्रिड ने हफ्तों पहले स्पेनिश लीग जीत ली थी और कोच कार्लो एंसेलोटी तब से टीम को रोटेट कर रहे है। उन्होंने अगले हफ्ते फ्रांस जाने से पहले तैयारियों के लिये अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम मैदान पर उतारी।

### वुड्स ने पीजीए चैम्पियनशिप में कट हासिल किया

तुलसा (ओकलाहोमा)। स्टार गोल्फर टाइगर वुड्स ने दर्द के बावजूद यहां सदर्न हिल्स में पीजीए चैम्पयनशिप के दूसरे दौर में एक अंडर 69 का कार्ड खेलकर कट हासिल किया। वुड्स का कुल स्कोर तीन ओवर पार हो गया है और वह एक शॉट से कट लाइन के अंदर रहने में सफल रहे। कार दुर्घटना के बाद पैर की सर्जरी के बाद वापसी करने वाले वुड्स ने पिछले महीने मास्टर्स टूनार्मेंट में वापसी की थी। उन्होंने इसमें कट हासिल किया लेकिन इसके बाद वह पीजीए चैम्पियनशिप की तैयारियों के लिये किसी अन्य टूनार्मेंट में नहीं खेले।

### अब्राहम के दो गोल, रोमा ने टोरिनो को हराकर यूरोपा लीग में स्थान पक्का किया

तूरिन। टैमी अब्राहम के दो गोल की मदद से रोमा ने तोरिनो पर सीरी ए मैच में 3-0 की जीत से अगले सत्र की यूरोपा लीग में अपना स्थान पक्का किया। अगले हफ्ते यूरोपा कांफ्रेंस लीग फाइनल से पहले यह उसके लिये तैयारी मुकाबला रहा। अब्राहम ने सीरी ए में अपनी टीम के अंतिम मैच में पहले हाफ में 33वें और 42वें मिनट में गोल दागे। इंग्लैंड के इस खिलाड़ी के सभी प्रतियोगिताओं में 26 गोल हो गये हैं और इटली के क्लब के साथ उनका पहला सत्र शानदार रहा। रोमा के लिये तीसरा गोल 78वें मिनट में लारेंजो पेलेग्रिनी ने दागा। बुधवार को यूरोपा कांफ्रेंस लीग फाइनल में रोमा का सामना फेयेनूर्ड से होगा।

### भारत के पूर्व कबड्डी खिलाड़ी उदय चौटा का निधन

मेंगलुरु। भारत के पूर्व कबड्डी खिलाड़ी उदय चौटा का संक्षिप्त बीमारी के बाद शनिवार तड़के यहां निधन हो गया। उदय ने 2007 कबड्डी विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने कर्नाटक सरकार द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार के अलावा राज्य और जिला स्तर के कई सम्मान हासिल किये थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। करीबी सूत्रों के मुताबिक, उन्हें ब्रेन हैमरेज हुआ था और वे कुछ समय से अस्वस्थ थे।

### मोईन अली की बल्लेबाजी को देखकर हैरान हुए मैथ्यू हेडन

मुंबई। ब्रेबोर्न स्टेडियम में मोईन अली की बल्लेबाजी को देखकर स्टेडियम में मौजूद दर्शक हैरान रहे गए। साथ ही उनके इस मास्टर क्लास को देखकर ऑस्ट्रेलियाई पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन भी आश्चर्यचकित रहे गए। चेन्नई सुपर किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी ने शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 13 चौके और तीन छक्के के साथ 57 गेंदों में 93 रन बनाए। पॉवरप्ले में इतनी अच्छी पारी के बाद कोई भी टीम बोर्ड पर एक शानदार स्कोर खड़ा कर सकती थी, लेकिन सीएसके ने मात्र 150 रन बनाकर पारी को समाप्त किया। चार बार के आईपीएल चैंपियन को अपने आखिरी लीग मैच में मध्य क्रम के ओवरों में गेंदबाजों का कड़ा सामना करना पड़ा।

### बुमराह की शानदार गेंदबाजी, 25 रन देकर झटके 3 विकेट

# दिल्ली ने मुंबई इंडियंस को 160 रनों का दिया टारगेट

**मुंबई, एजेंसी**

आईपीएल 2022 का 69वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला गया। मैच में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 159 रन बनाए और मुंबईको 160 रन का टारगेट दिया है। दिल्ली के लिए सबसे ज्यादा रन रॉमैन पॉवेल ने बनाए। उनके बल्ले से 34 गेंद में 43 रन निकले। वहीं, कप्तान ऋषभ पंत ने 33 गेंद का सामना किया और 39 रन की पारी खेली।



मुंबई के लिए जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 25 रन दिए। वहीं, रमनदीप सिंह के खाते में 2 विकेट आए। दिल्ली के लिए करो या मरो मुकाबले में शुरूआत बेहद ही खराब रही है। डेविड वार्नर और मिचेल मार्श मैच में पूरी तरह फ्लॉप रहे। वार्नर के बल्ले से 5 रन निकले। वहीं, मार्श तो अपना खाता भी नहीं खोल पाए। वार्नर को डेनियल सैम्स और मिचेल मार्श को जसप्रीत बुमराह ने आउट किया। इन दोनों के आउट होने के बाद पृथ्वी शॉ भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए और 23 गेंद में 24 रन बनाकर आउट हो गए। शॉ का विकेट भी बुमराह ने ही लिया। तीन विकेट जल्दी गिरने के बाद ऋषभ पंत और सरफराज खान दिल्ली की पारी को संभाल ही रहे थे। तभी मयंक मार्कंडे की एक शानदार गेंद पर सरफराज विकेटकीपर ईशान किशन को कैच दे बैठे।

आईपीएल 2022 में मुंबई के आखिरी मैच में भी अर्जुन तेंदुलकर को प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला। टॉस के पहले तक सोशल मीडिया पर अर्जुन के खेलने की चर्चा थी और वो वार्मअप भी करते हुए देखे गए थे।

### कोलाको की हैट्रिक से एटीकेएमबी ने बसुंधरा किंग्स को 4-0 से रौंदा

**कोलकाता।** भारतीय टीम के युवा फॉरवर्ड लिस्टन कोलाको की हैट्रिक गोल के दम पर एटीके मोहन बागान (एटीकेएमबी) ने शनिवार को यहां एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) कप में बांग्लादेश की टीम बसुंधरा किंग्स को 4-0 से हरा कर अंतर-क्षेत्रीय सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा है। गोकुलम केरल से बुधवार को ग्रुप डी के पहले मैच में हार का सामना करने के बाद एटीके मोहन बागान को इस मैच में जीत की जरूरत थी। मैच के दौरान आकाशीय बिजली और तेज हवाओं ने साल्ट लेक स्टेडियम के कुछ हिस्सों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके कारण मैच को 11वें मिनट के खेल के बाद लगभग एक घंटे तक रोकना पड़ा। कोलाको ने नौ मिनट (25वें और 34वें मिनट) के अंदर दो गोलकर के बांग्लादेश प्रीमियर लीग की चैंपियन टीम पर दबाव बना दिया। उन्होंने 53वें मिनट में अपनी हैट्रिक पूरी की तो वही डेविड विलियम्स ने 77वें मिनट में टीम के लिए चौथा गोल दागा। एटीके मोहन बागान के अब दो मैचों में तीन अंक हैं और टीम अब 24 मई को माजिया स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन क्लब से भिड़ेंगी। टीम एएफसी अंतर-क्षेत्रीय सेमीफाइनल में ग्रुप डी से एकमात्र जगह पक्की करने के लिए इस मैच को जीतने के साथ उम्मीद करेगी कि अन्य मैचों के परिणाम भी उसके हक में रहे।

# पीवी सिंधू थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में हारी

**बैंकाक, एजेंसी**

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू शनिवार को यहां सेमीफाइनल में ओलंपिक चैम्पियन चेन यु फेई से सीधे गेम में पराजित होकर थाईलैंड ओपन से बाहर हो गयीं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू तीसरी वरीयता प्राप्त चेन से 43 मिनट में 17-21 16-21 से हार गयी जिससे उनका सुपर 500 टूनार्मेंट में शानदार सफर खत्म हो गया।



छठी वरीयता प्राप्त सिंधू का इस मैच से पहले चेन के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 6-4 था लेकिन वह चीन की इस खिलाड़ी के खिलाफ वैसा दमदार प्रदर्शन नहीं कर सकीं। वहीं चेन ने आक्रामक बैडमिंटन खेलकर जीत हासिल की। हैदराबाद की 26 वर्षीय खिलाड़ी को पिछली बार चेन से 2019 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में हार मिली थी। सिंधू पहले गेम में 3-3 की बराबरी के बाद ब्रेक तक 7-11 से पिछड़ रही थीं। चेन ने रैलियों से दबदबा बनाना जारी रखा और पांच गेम प्वाइंट बरकरार रखे। सिंधू ने दो गेम प्वाइंट बचाये लेकिन चीनी प्रतिद्वंद्वी ने पहला गेम आसानी से जीत लिया। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने दूसरे गम में बेहतर खेल दिखाते हुए 6-3 की बढ़त बना ली और ब्रेक तक दो अंक की बढ़त बनाये रहीं।

लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की चीन की खिलाड़ी ने जल्द ही गेम पर कब्जा करना शुरू किया और 15-12 से आगे हो लीं।

इसके बाद सिंधू लय नहीं पलट सकीं और चेन ने चार मैच प्वाइंट हासिल कर जीत दर्ज की। इस सत्र में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय और स्विस ओपन में दो सुपर 300 खिताब जीतने वाली सिंधू अब सात से 12 जून तक जकार्ता में होने वाले इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूनार्मेंट में शिरकत करेंगी।

# द. अफ्रीका श्रृंखला के लिये चयन की दावेदारी में शामिल मलिक, मोहसिन और कार्तिक

**मुंबई, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिये जब आज भारतीय टीम का चयन किया जायेगा तो उभरते हुए स्टार जैसे उमरान मलिक और मोहसिन खान को उनके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्रदर्शन के लिये पुरस्कृत किया जा सकता है जबकि अनुभवी शिखर धवन और दिनेश कार्तिक के टी20 टीम में वापसी की संभावना है।




आल राउंडर हार्दिक पंड्या ने भी आईपीएल में अच्छा करके अपनी फॉर्म और फिटनेस दिखायी है जिससे नौ जून से शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला के लिये उनका भी टीम में शामिल किया जाना तय है। वह पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद से भारत के लिये नहीं खेले हैं। पंड्या आखिरकार नियमित रूप से गेंदबाजी कर रहे हैं जो राष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी की कोशिश के लिये अहम था। दो महीने लंबे आईपीएल और टेस्ट टीम के 15 जून को रवानगी के कारण सभी प्रारूपों में खेलने वाले खिलाड़ियों को घरेलू श्रृंखला के लिये आराम दिया जा सकता है जिसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह शामिल हैं। जून के अंत में आयरलैंड में होने वाले दो टी20 के लिये भी ऐसी ही टीम चुने जाने की उम्मीद है। अगर ऐसा होता है तो कप्तानी की जिम्मेदारी या तो धवन या हार्दिक के कंधों पर आ सकती है। धवन ने पिछले साल श्रीलंका में टीम की अगुआई की थी जबकि पंड्या ने गुजरात टाइटन्स के लिये पदार्पण सत्र में कप्तान के तौर प्रभावित किया है। आईपीएल से भविष्य के स्टार खिलाड़ियों का मिलना जारी है और यह सत्र भी अलग नहीं रहा। उमरान ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिये अपनी रफ्तार से तो मोहसिन खान ने अपनी रफ्तार और सटीक गेंदबाजी से प्रभावित किया।

जैसा कि लखनऊ सुपर जायंट्स के उनके कप्तान लोकेश राहुल ने कहा कि बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज की शीर्ष स्तर के क्रिकेट में हमेशा मांग रहेगी तो मोहसिन को रविवार को बड़ा ब्रेक मिल सकता है।

# केविन पीटरसन ने काउंटी क्रिकेट पर कसा तंज

**लंदन, एजेंसी**

हाल ही में इंग्लैंड के टेस्ट में विफलताओं को लेकर पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने काउंटी क्रिकेट पर तंज कसा है और कहा कि इससे बाहर आने वाले खिलाड़ियों का स्तर खराब है और यही हाल के वर्षों में देश की टेस्ट टीम के खराब प्रदर्शन का मुख्य कारण है। इंग्लैंड ने पिछले 17 टेस्ट में से सिर्फ एक मैच जीता है और वर्तमान में नौ टीमों की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में सबसे नीचे है। वे दो जून से लॉर्डस में शुरू होने वाली न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में अपनी किस्मत बदलने की उम्मीद कर रहे होंगे। उम्मीद है कि नए कप्तान ऑलराउंडर बेन स्टोक्स और न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैकुलम की अध्यक्षता में नए कोचिंग स्टाफ के तहत इंग्लैंड अपनी किस्मत बदल सकेगा। चार बार के एशेज विजेता पीटरसन ने उम्मीद जताई कि मैकुलम और स्टोक्स टेस्ट टीम को बेहतर रूप से पटरी पर लाने की कोशिश कर सकते हैं। पीटरसन ने बेटवे इनसाइडर पर कहा, इंग्लैंड के कोच पद के लिए ब्रेंडन मैकुलम की नियुक्ति से खुश हूं। इंग्लैंड के टेस्ट मैच कोच के रूप में मैकुलम एक बहुत ही दिलचस्प विकल्प है। मुझे लगता है कि उनका क्रिकेट का ब्रांड वही होगा जो रॉब की (इंग्लैंड के पुरुष क्रिकेट प्रबंध निदेशक) और बेन स्टोक्स ने सोचा है। उन्होंने कहा, उनको कुछ बदलने की जरूरत है और यह सकारात्मक बदलाव है। इंग्लैंड में अब बहुत अनुशासन होगा, लेकिन स्वाभाविक रूप से खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। खिलाड़ी भी बिना डरे अपने स्वभाविक गेम खेल सकेंगे। मैकुलम भी इंग्लैंड की हालिया विफलताओं से डरे नहीं। वह केवल सकारात्मकता चीजों के बारे में सोचे और आगे बढ़े।

# वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप निखत जरीन को बॉलीवुड हस्तियों ने दी बधाई

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय महिला बॉक्सर निखत जरीन को वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में 52 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद कई बॉलीवुड हस्तियों ने सोशल मीडिया पर बधाई दी। उन्होंने तुर्की के इस्तांबुल में फ्लाई-वेट फाइनल में गुरुवार को थाईलैंड की जितपोंग जुतामास को 5-0 से करारी शिकस्त दी। भारतीय विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर निखत को सलमान खान, अमिताभ बच्चन, अजय देवगन, और अनुष्का शर्मा सहित कई बॉलीवुड हस्तियों ने बधाई दी। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने ट्वीट किया, निखत जरीन विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर लाने के लिए बहुत-बहुत बधाई। अजय देवगन ने ट्वीट किया, भारतीय महिलाओं को उन ऊंचाइयों तक पहुंचते देखना एक अविश्वसनीय बात है जिसकी हमने केवल कल्पना की थी। मेरी ओर से निखत जरीन आपको और आपकी टीम को स्वर्ण पदक जीतने के लिए हार्दिक बधाई। अनुष्का शर्मा ने अपनी इंस्टाग्राम पर लिखा, निखत जरीन आपने देश को गौरवान्वित किया है।

सलमान खान, जिनकी निखत बहुत बड़ी प्रशंसक हैं, ने कहा, यह स्वर्ण जीतने पर बधाई निखत। सलमान की बधाई का जवाब देते हुए निखत ने कहा, एक बहुत बड़ी प्रशंसक होने के नाते, मेरा मनपसंद ख्वाब आज पूरा हो गया। मैंने कभी नहीं सोचा था कि सलमान खान मेरे लिये ट्वीट करेंगे। मेरी जीत को और खास बनाने के लिये बेहद शुक्रिया। मैं इस पल को हमेशा अपने दिल में संभाल कर रखूंगी। निखत के अलावा इस चैंपियनशिप में मैरी कॉम, लैशराम सरिता देवी, जेनी आरएल और लेख केसी स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।

# जीत के साथ सत्र समाप्त करना चाहेंगे सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स

**मुंबई, एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स दोनों की प्लेऑफ उम्मीदें खत्म हो चुकी हैं जिससे अब दोनों ही टीमें आज एक दूसरे के खिलाफ अंतिम मुकाबले में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र का अंत जीत से करना चाहेंगी। दोनों टीमें तब प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी थीं जब गुरूवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटन्स को हरा दिया था।



दोनों टीमें तब प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी थीं जब गुरूवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटन्स को हरा दिया था। सनराइजर्स हैदराबाद अपने कप्तान केन विलियमसन के बिना होगी जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिये न्यूजीलैंड लौट गये हैं। उनकी अनुपस्थिति में या तो भुवनेश्वर कुमार या फिर निकोलस पूरण के सत्र के अंतिम मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। सनराइसर्ज हैदराबाद ने लगातार पांच मैचों में मिली हार का सिलसिला मुंबई इंडियंस पर तीन रन की करीबी जीत से तोड़ा था जबकि पंजाब किंग्स को दिल्ली कैपिटल्स से 17 रन की हार का सामना करना पड़ा था। बल्कि अगर मयंक अग्रवाल की टीम के सत्र के प्रदर्शन की बात की जाये तो यह काफी अनिरंतर रहा जिसमें टीम लगातार दो मैच नहीं जीत सकी। आरसीबी को 54 रन से हराने के बाद पंजाब को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ ह्यकरो या मरोह्व के मुकाबले में बल्लेबाजी क्रम के चरमराने से हार मिली। पंजाब की बल्लेबाजी इकाई का प्रदर्शन अनिरंतर रहा और अगर उन्हें बड़ा स्कोर बनाना है या फिर बड़े स्कोर का बचाव करना है तो एकजुट होकर प्रदर्शन करना होगा।

अगर उसके स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन, शिखर धवन नहीं चल पाते हैं तो पंजाब के पास जितेश शर्मा हैं जो बड़े स्कोर तक पहुंचा सकते हैं या फिर मैच खत्म कर सकते हैं। गेंदबाजी विभाग में तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा (22) इस सत्र के सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाजों में शामिल हैं। अर्शदीप सिंह (10) ने भी यार्कर डालने की काबिलियत से प्रभावित किया है, विशेषकर अंतिम ओवरों में। सनराइजर्स लगातार पांच मैच जीतकर शीर्ष दो में पहुंचने की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन उनके मुख्य गेंदबाज वाशिंगटन सुंदर और टी नटराजन के चोटिल होने से उनका अभियान पटरी से उतर गया और टीम को लगातार पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा। कप्तान विलियमसन भी फॉर्म में वापसी नहीं कर सके।

**प्रदर्शन**

- गेंदबाजी में तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने अच्छा प्रदर्शन किया है

गेंदबाजी में तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने अच्छा प्रदर्शन किया है और वह इसे बरकरार रखना चाहेंगे। सनराइजर्स के पास अफगानिस्तान के गेंदबाज फजलहक फारूखी भी हैं जिन्होंने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों के लिए भारतीय महिला टीम घोषित, रानी की वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने शनिवार को बहुप्रतीक्षित एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप से पहले जून में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेले जाने वाले एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की है। भारत 11 और 12 जून को मेजबान बेल्जियम से खेलेगा, उसके बाद 18 और 19 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ और 21 और 22 जून 2022 को संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ खेलेगा।



टीम की कमान सविता को सौंपी गई है, जबकि दीप ग्रेस एक्का उपकप्तान होंगी। टीम की सूची में जूनियर विश्व कप के सितारे बिछू देवी खरीबाम, इशिका चौधरी, अक्षता अबसो ढेकाले, बलजीत कौर, संगीता कुमारी और दीपिका शामिल हैं, लीग में अनुभवी स्ट्राइकर रानी की वापसी हुई है। रानी आखिरी बार देश के लिए टोक्यो ओलंपिक में खेली थीं, उसके बाद से वह हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के लिए पुनर्वसन में हैं। टीम के बारे में मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, यह यूरोप में प्रो लीग मैचों का एक बहुत ही महत्वपूर्ण चरण होने जा रहा है क्योंकि यह हमें जुलाई में विश्व कप से पहले हमारी प्रगति के बारे में जानकारी देगा।

ये मैच विश्व कप के लिए हमारी टीम को अंतिम रूप देने में भी महत्वपूर्ण साबित होंगे। उन्होंने कहा, यह कुछ बहुत अनुभवी खिलाड़ियों और युवाओं के मिश्रण के साथ एक अच्छी और संतुलित टीम है। मुझे यह देखने में बहुत दिलचस्पी है कि वे बेल्जियम, अर्जेंटीना और यूएस जैसे गुणवत्ता वाले पक्षों के खिलाफ यूरोपीय परिस्थितियों में कैसे खेलेंगे। बता दें कि भारतीय महिला टीम वर्तमान में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में पूल टेबल पर नंबर 1 स्थान पर है और सीजन के अंत में चार्ट में शीर्ष पर रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देगी। भारतीय महिला टीम इस प्रकार है- गोलकीपर- सविता (कप्तान), बिचु देवी खरीबाम। डिफेंडर- दीप ग्रेस एक्का (उप-कप्तान), गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबसो ढेकाले। मिडफील्डर- निशा, सुशीला चानू पुखरामबम, मोनिका, नेहा, ज्योति, नवजोत कौर, सोनिका, सलीमा टेटे, बलजीत कौर। फॉरवर्ड- वंदना कटारिया, लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, शर्मिला देवी, संगीता कुमारी, दीपिका, रानी।

# भारतीय पुरूष कम्पाउंड तीरंदाजी टीम ने विश्व कप में जीता लगातार स्वर्ण पदक

**ग्वांग्जू, एजेंसी**

भारतीय पुरूष कम्पाउंड तीरंदाजी टीम ने शनिवार को फाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस को दो अंक से पछाड़कर विश्व कप चरण में लगातार स्वर्ण पदक जीता। यह विश्व कप के पहले चरण के फाइनल का दोहराव रहा। अभिषेक वर्मा, अमन सैनी और रजत चौहान की तिकड़ी पहले दो दौर में छठी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी से पिछड़ रही थी।



लेकिन तीसरे दौर में भारतीय तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के एड्रियन गोंटियर, जीन फिलिप बलूच और केंटिन बराएर को 232-230 से शिकस्त देकर विश्व कप के दूसरे चरण में स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। अप्रैल में अंताल्या में हुए पिछले विश्व कप फाइनल में इसी भारतीय तिकड़ी ने फ्रांस को एक अंक से पराजित किया था। भारतीय स्टार कम्पाउंड तीरंदाज वर्मा ने फिर दूसरा पदक अपने नाम किया। उन्होंने अवनीत कौर के साथ मिलकर मिश्रित टीम स्पर्धा में अपने से ऊंची वरीय तुर्की की अमीरकान हाने और आयसे बेरा सुजेर की जोड़ी को 156-155 से हराकर कांस्य पदक जीता। वहीं अवनीत कौर के लिये यह उनका दूसरा कांस्य पदक था जिन्होंने इससे पहले महिला स्पर्धा में टीम कांस्य पदक जीता था।

# ओडिशा की कोचों ने माना, आईडब्ल्यूएल महिला फुटबॉल के विकास के लिए अच्छा मंच

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

भुवनेश्वर को 'स्पोर्ट्स कैपिटल' में बदलने के ओडिशा के प्रयासों को पिछले कुछ वर्षों में अच्छी तरह से प्रलेखित किया गया है। 2018 एफआईएच पुरुष विश्व कप (हॉकी) के अलावा, शहर ने सुपर कप और चल रहे भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) जैसे कई फुटबॉल टूनार्मेंटों की भी मेजबानी की है। इसके अलावा भुवनेश्वर फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप के मेजबान शहरों में से एक है। पुरुष और महिला हॉकी टीमों दोनों के लिए एक स्थायी प्रशिक्षण होने के अलावा, स्पोर्ट्स ओडिशा वर्षों से भारतीय फुटबॉल का प्रबल समर्थक रहा है।




भुवनेश्वर भारतीय महिला फुटबॉल लीग टीम इंडियनय एरोज का घर है। ओडिशा पुलिस की मुख्य कोच श्रद्धांजलि सामंतराय, जिन्होंने अतीत में वरिष्ठ भारतीय महिला फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया है, राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को खेल की प्रगति के लिए श्रेय देती हैं। उन्होंने कहा, खेल के विकास का एकमात्र श्रेय हमारे मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और ओडिशा सरकार को जाता है जो यहां हर तरह के खेल को विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं। आगामी फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप, जो यहां आयोजित किया जाएगा, महिला फुटबॉलरों के लिए एक अवसर है। उन्होंने कहा, जब हम खेलते थे, हमारे पास ऐसी सुविधाएं नहीं थीं, लेकिन अब सब कुछ बदल गया है, और मुझे लगता है कि हर माता-पिता को अपने बच्चों को वह खेल खेलने की अनुमति देनी चाहिए जो उन्हें पसंद है और इसमें करियर बनाना चाहिए। मैं एआईएफएफ और ओडिशा सरकार को महिला फुटबॉल लीग को कराने के लिए धन्यवाद देती हूं।

यह पहली बार है कि एआईएफएफ, ओडिशा सरकार की मदद से आईडब्ल्यूएल की मेजबानी कर रहा है, जिसमें विभिन्न राज्यों की 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 12 में से दो टीमें - स्पोर्ट्स ओडिशा और ओडिशा पुलिस घरेलू पक्ष हैं।

# सीएसके करीबी मैचों में जीतने के लिये अच्छा नहीं कर सकी: फ्लेमिंग

**मुंबई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग को लगता है कि उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में करीबी मैचों में जीत दर्ज करने के लिये अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। आईपीएल की सबसे सफल टीमों में से एक चार बार की चैम्पियन सीएसके का अभियान नौंवे स्थान पर समाप्त हुआ जिसमें टीम 14 मैचों में महज चार जीत ही दर्ज कर सकी। फ्लेमिंग ने शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स से सीएसके को मिली पांच विकेट की हार के बाद कहा, हमारे कई मैच ऐसे रहे जो करीबी थे लेकिन हम उनमें जीत दर्ज करने के लिये अच्छा नहीं कर सके। उन्होंने कहा, इस सत्र में ऐसा ही रहा जिससे हम क्वालीफाई नहीं कर सके। उन्होंने साथ ही कहा कि टीम पिछले सत्र की तरह नहीं खेल सकी जिसमें कई नये खिलाड़ी भी थे। फ्लेमिंग ने कहा, जब आप नये चक्र की शुरूआत करते हो तो आपके पास कई नये खिलाड़ी होते हैं और यह परीक्षा लेने वाला हो सकता है। उन्होंने कहा, हम पिछले चार वर्षों के प्रदर्शन को जारी नहीं रख सके जो सचमुच चुनौती थी। फ्लेमिंग को हालांकि लगता है कि इस सत्र का प्रदर्शन लीग के अगले चरण के लिये खिलाड़ियों के लिये उत्प्रेरक की तरह काम करेगा। उन्होंने कहा, हमारे पास फॉर्म में चल रहे कुछ खिलाड़ी नहीं थे जो हमें जीत दिला सकें और लय बनाये रखें। हमारे पास बेहतर करने का मौका था लेकिन सच्चाई यही है कि हम सेमीफाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं कर सके और यह अगले साल के लिये उत्प्रेरक का काम करेगा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129